वर्ष- 13 अंक - 186
लखनऊ, मंगलवार 10 मार्च, 2026
पृष्ठ- 12 मूल्य- ₹ 3.00
लखनऊ से प्रकाशित

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज़

समृद्ध समाज का आधार

samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com





जनगणना की तैयारियों के दृष्टिगत डीएम ने ली बैठक 10

पात्र लाभार्थियों को मिले योजनाओं का लाभ : नरेन्द्र कश्यप 03


-: सर्राफा बाजार :-

| | | |
|---|---|---|
| गोल्ड | 24 कैरेट | = 1,61,830/10 ग्राम |
| | 22 कैरेट | = 1,48,350/10 ग्राम |
| | 18 कैरेट | = 1,21,410/10 ग्राम |
| चांदी | | = 2,80,000/किग्रा |




## संक्षिप्त समाचार

### गाजीपुर की आकांक्षा सिंह 301वीं रैंक पाने वाली सफल अभ्यर्थी : यूपीएससी



**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने सिविल सेवा परीक्षा 2025 के अंतिम परिणाम में रैंक 301 को लेकर सामने आए विवाद पर सोमवार को स्पष्टीकरण जारी करते हुए कहा कि इस रैंक पर चयनित अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले की आकांक्षा सिंह हैं। आयोग ने बताया कि विभिन्न मीडिया रिपोर्टों में यह दावा किया जा रहा था कि एक ही नाम की दो अभ्यर्थी, आकांक्षा सिंह, सिविल सेवा परीक्षा 2025 के अंतिम परिणाम में समान रैंक 301 प्राप्त करने का दावा कर रही हैं। यूपीएससी द्वारा जारी स्पष्टीकरण के अनुसार आयोग के अभिलेखों के मुताबिक रैंक 301 प्राप्त करने वाली सफल अभ्यर्थी का विवरण इस प्रकार है— आकांक्षा सिंह, रोल नंबर 0856794, पिता का नाम रंजीत सिंह और माता का नाम नीलम सिंह, जिनका पता उत्तर प्रदेश के गाजीपुर जिले के अभयपुर गांव का है। उल्लेखनीय है कि विवाद तब शुरू हुआ जब बिहार निवासी एक अन्य आकांक्षा सिंह ने भी परीक्षा में 301वीं रैंक प्राप्त करने का दावा किया था, जिससे भ्रम की स्थिति पैदा हो गई। इस बीच परिणाम सामने आने के बाद गाजीपुर की आकांक्षा सिंह ने भी 301वीं रैंक प्राप्त करने की जानकारी दी थी। आयोग के स्पष्टीकरण के बाद यह स्पष्ट हो गया है कि रैंक 301 पर चयनित अभ्यर्थी उत्तर प्रदेश की हैं।

### कूनो में जन्मे पांच चीता शावक, चीतों की संख्या हुई 53



**भोपाल।** मध्य प्रदेश के श्योपुर जिले में चंबल घाटी के सघन वनक्षेत्र के कूनो राष्ट्रीय उद्यान में चीतों की संख्या में लगातार वृद्धि हो रही है और सोमवार को पांच शावकों के जन्म लेने के साथ ही देश में चीतों की कुल संख्या 53 हो गई है।

### छात्राओं से मालिश कराने वाली प्रधानाध्यापिका निलंबित

**बांदा।** चित्रकूट नगर क्षेत्र में स्कूल में छात्राओं से कथित रूप से मालिश कराने के आरोप में एक प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका को निलंबित कर उसके खिलाफविभागीय जांच शुरू की गई है। चित्रकूट के जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी (बीएसए) बी.के. शर्मा ने सोमवार को बताया कि नगर शिक्षा अधिकारी प्रवीण कुमार दीक्षित की जांच रिपोर्ट के अध्ययन के बाद नया बाजार स्थित प्राथमिक विद्यालय की प्रधानाध्यापिका मधु राय को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि निलंबन के दौरान प्रधानाध्यापिका को जिला मुख्यालय से संबद्ध किया गया है।

### अंतरिक्ष यात्रा का मानव शरीर पर असर के अध्ययन के लिए एम्स व इसरो के बीच समझौता

**नई दिल्ली।** अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) और भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) के मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र के बीच सोमवार को समझौता किया गया। एम्स के निदेशक प्रो. एम. श्रीनिवास और मानव अंतरिक्ष उड़ान केंद्र के निदेशक दिनेश कुमार सिंह ने समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। इस अवसर पर इसरो के अध्यक्ष डॉ. वी. नारायणन भी मौजूद थे। प्रो. श्रीनिवास ने पत्रकारों से कहा कि इस समझौते का उद्देश्य यह समझना है कि अंतरिक्ष यात्रा मानव शरीर पर कैसे असर डालती है। इसके लिए एम्स और इसरो के वैज्ञानिक और डॉक्टर मिलकर अनुसंधान करेंगे।

## ट्रम्प ने कहा ईरान पर हमला नेतन्याहू के साथ सहमति के बाद ही रुकेगा

# ईरान ने चुना अपना सर्वोच्च नेता

### अली खामेनेई के बाद बेटे मोजतबा खामेनेई बने देश के सर्वोच्च नेता

**एजेंसी, तेहरान/ तेल अवीव।**



इजरायल-अमेरिका का ईरान के साथ चल रहे युद्ध के बीच ईरान ने सोमवार को मोजतबा खामेनई को अपना नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किया।

ईरान की मेहर न्यूज एजेंसी (एमएनए) ने बताया कि इस्लामिक रिपब्लिक ऑफ ईरान की विशेषज्ञों की परिषद (असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स) ने सोमवार तड़के अयातुल्ला सैय्यद मोजतबा खामेनेई को इस्लामिक क्रांति का तीसरा नेता घोषित किया।

आठ सितंबर 1969 को मशहद में जन्मे मोजतबा खामेनेई, अली खामेनेई के दूसरे बेटे हैं। उनका चुनाव 88 सदस्यीय असेंबली ऑफ एक्सपर्ट्स ने किया। वह ईरान के राजनीतिक हलके में एक चर्चित शख्सियत हैं, तथा ईरान रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स (आईआरजीसी) के बीच भी काफी लोकप्रिय हैं।

यमन के हूती समूह ने मोजतबा खामेनेई को ईरान का नया सर्वोच्च नेता नियुक्त किए जाने का स्वागत किया है और इसे ईरान के भीतर एकता और शक्ति का प्रतीक बताया है। एक बयान में, समूह की सुप्रीम पॉलिटिकल काउंसिल ने इस नियुक्ति पर ईरानी नेतृत्व और जनता को बधाई दी। बयान में कहा गया कि यह फैसला अत्यधिक महत्वपूर्ण और निर्णायक मोड़ पर लिया गया है।

ईरान ने अपने नये सर्वोच्च नेता के चयन के साथ ही इजरायल और अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर नये हमले किये हैं। इन हमलों में ड्रोन के साथ-साथ हाइपरसोनिक और बैलिस्टिक मिसाइलों का भी इस्तेमाल किया गया।

संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के अधिकारियों ने बताया कि राजधानी अबू धाबी में हुए हवाई हमलों को रोक लिया गया लेकिन रोके गये इन हमलों का मलबा दो अलग-अलग स्थानों पर गिरने से दो लोग घायल हो गये हैं।

### मैं सही समय पर लूंगा फैसला : डोनाल्ड ट्रंप

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने द टाइम्स ऑफ इज़राइल के साथ एक टेलीफोन साक्षात्कार में कहा है कि ईरान के साथ जारी संघर्ष को कब समाप्त करना है इसका निर्णय इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के साथ मिलकर लिया जाएगा। श्री ट्रम्प ने कहा, मुझे लगता है कि यह कुछ हद तक आपसी है। हम बात कर रहे हैं। मैं सही समय पर फैसला लूँगा लेकिन हर बात को ध्यान में रखा जाएगा। उन्होंने सुझाव दिया कि अंतिम फैसला उनका होगा, लेकिन श्री नेतन्याहू के विचारों पर भी विचार किया जाएगा। इस बीच अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने सुरक्षा जोखिमों के कारण सऊदी अरब से गैर-आपातकालीन सरकारी कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों को देश छोड़ने का आदेश दिया है।

## तकनीकी खराबी के कारण एक घंटे विमान में फंसे रहे यूपी के दोनों डिप्टी सीएम



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।**

लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर इंडिगो फ्लाइड में तकनीकी खराबी आ गई। इस कारण उत्तर प्रदेश के सरकार के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक समेत सभी पैसेंजर एक घंटे तक विमान में फंसे रहे।

एयरपोर्ट के प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार अमौसी एयरपोर्ट पर इंडिगो की फ्लाइट संख्या 6ई505 को आज सुबह कोलकाता जाना था, लेकिन तकनीकी खराबी आने की वजह से करीब एक घंटे फ्लाइट लेट हो गई। इस फ्लाइट में राज्य सरकार के दोनों उपमुख्यमंत्री समेत सभी पैसेंजर फंसे रहे। दोनों मुख्यमंत्री पार्टी की बैठक में शामिल होने के लिए कोलकाता जा रहे थे। हालांकि विमान ठीक होने के बाद उसे 8:59 पर रवाना किया गया।

# जन आकांक्षाओं की पूर्ति सरकार का संकल्प : मोदी

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



### शिक्षा-स्वास्थ्य-खेल प्रमुख क्षेत्र : पीएम

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि देश की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना उनकी सरकार का मूल संकल्प है और शिक्षा, कौशल विकास, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल तथा संस्कृति जैसे क्षेत्र इन आकांक्षाओं को साकार करने के प्रमुख माध्यम हैं। उन्होंने शिक्षा प्रणाली को वास्तविक अर्थव्यवस्था से जोड़ने की प्रक्रिया को तेज करने तथा कृत्रिम बुद्धिमत्ता और ऑटोमेशन जैसे विषयों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया।

प्रधानमंत्री मोदी 'सबका साथ, सबका विकास - जन आकांक्षाओं की पूर्ति' विषय पर आयोजित बजट के बाद की वेबिनार श्रृंखला की चौथी कड़ी को संबोधित कर रहे थे। इस वेबिनार में विभिन्न मंत्रालयों, विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ निजी क्षेत्र के विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं ने भी भाग लिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि जनता की आकांक्षाओं को पूरा करना केवल एक विषय नहीं, बल्कि सरकार के बजट का मूल उद्देश्य और संकल्प है। उन्होंने कहा कि शिक्षा, कौशल, स्वास्थ्य, पर्यटन, खेल और संस्कृति जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे निवेश और सुधार देश के विकास को नई दिशा देने वाले हैं। इन क्षेत्रों के माध्यम से न केवल युवाओं के लिए अवसर बढ़ेंगे बल्कि देश की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। स्वास्थ्य क्षेत्र का उल्लेख करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार का लक्ष्य केवल उपचार आधारित व्यवस्था तक सीमित नहीं है, बल्कि एक व्यापक और निवारक स्वास्थ्य प्रणाली का निर्माण करना है। पिछले कुछ वर्षों में देश के स्वास्थ्य ढांचे को तेजी से मजबूत किया गया है और योग तथा आयुर्वेद को वैश्विक स्तर पर व्यापक स्वीकार्यता मिली है। उन्होंने बताया कि देश के सैकड़ों जिलों में नए मेडिकल कॉलेज खोले गए हैं तथा आयुष्मान भारत योजना और आरोग्य मंदिरों के माध्यम से आम नागरिकों की स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच का विस्तार किया गया है। प्रधानमंत्री ने 'केयर इकॉनमी' के उभरते महत्व का भी उल्लेख किया और कहा कि दुनिया भर में प्रशिक्षित देखभाल कर्मियों की मांग तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने स्वास्थ्य क्षेत्र के विशेषज्ञों से युवाओं को इस क्षेत्र में तैयार करने के लिए नए प्रशिक्षण मॉडल विकसित करने के लिए सुझाव देने का आग्रह किया। डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं पर बात करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि टेली-मेडिसिन ने दूरदराज के क्षेत्रों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। हालांकि उन्होंने इस बात पर भी जोर दिया कि इन सेवाओं को और अधिक सरल बनाने तथा इनके प्रति जन जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता है।

### युवाओं की बदलती सोच व ऊर्जा देश की सबसे बड़ी ताकत

शिक्षा क्षेत्र पर बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत के युवाओं की बदलती सोच और ऊर्जा देश की सबसे बड़ी ताकत है। इसलिए शिक्षा व्यवस्था को भी उसी अनुरूप विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि नई शिक्षा नीति के माध्यम से शिक्षा को रोजगार और उद्यमिता से जोड़ने के निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि आने वाले समय में शिक्षा को वास्तविक अर्थव्यवस्था और बाजार की मांग से जोड़ना बेहद जरूरी होगा। उन्होंने विशेष रूप से कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ऑटोमेशन और डिजिटल अर्थव्यवस्था जैसे क्षेत्रों में पाठ्यक्रम और प्रशिक्षण को मजबूत करने पर जोर दिया। उन्होंने एवीजीसी (एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग और कॉमिक्स) क्षेत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत तेजी से नवाचार आधारित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने शैक्षणिक संस्थानों से अपने परिसरों को उद्योग सहयोग और अनुसंधान आधारित शिक्षण के केंद्र के रूप में विकसित करने का आह्वान किया ताकि छात्रों को वास्तविक दुनिया का अनुभव मिल सके।

## नागरिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता : एस जयशंकर

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को संसद में कहा कि भारत सरकार पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष की स्थिति पर करीबी नजर रखे हुए है और क्षेत्र में मौजूद भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हर संभव कदम उठाए जा रहे हैं।

लोकसभा और राज्यसभा में 'पश्चिम एशिया की स्थिति' पर दिए गए अपने वक्तव्य में जयशंकर ने बताया कि 28 फरवरी से शुरू हुए इस संघर्ष में इज़राइल और अमेरिका एक तरफ हैं और दूसरी तरफ ईरान है, जबकि कई खाड़ी देशों पर भी हमले हुए हैं। इस संघर्ष में भारी जनहानि और बुनियादी ढांचे को नुकसान हुआ है।

उन्होंने कहा कि स्थिति की गंभीरता को देखते हुए एक मार्च को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल की सुरक्षा संबंधी समिति की बैठक हुई, जिसमें क्षेत्र में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा तथा क्षेत्रीय सुरक्षा, व्यापार और आर्थिक गतिविधियों पर पड़ने वाले प्रभाव की समीक्षा की गई। समिति को इस इलाके में आने-जाने वाले भारतीय यात्रियों और इन देशों में तय परीक्षाओं में बैठने वाले छात्रों को होने वाली मुश्किलों के बारे में बताया गया। इसने सभी संबंधित मंत्रालयों और विभागों को इन समस्याओं से निपटने के लिए सही कदम उठाने का निर्देश दिया।

प्रधानमंत्री नए डेवलपमेंट पर करीब से नज़र रख रहे हैं। विदेश मंत्री ने बताया कि पश्चिम एशिया भारत के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि खाड़ी देशों में लगभग एक करोड़ भारतीय नागरिक रहते और काम करते हैं, जबकि ईरान में भी हजारों भारतीय छात्र और पेशेवर मौजूद हैं। इसके अलावा यह क्षेत्र भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने बताया कि दुबई, दोहा और अबू धाबी जैसे ट्रांजिट केंद्रों में फंसे भारतीय यात्रियों की भी मदद की गई है तथा कई देशों की सीमाओं के जरिए सुरक्षित निकासी की व्यवस्था की गई है। अब तक लगभग 67 हजार भारतीय नागरिक विभिन्न उड़ानों से वापस लौट चुके हैं। संघर्ष शुरू होने के बाद भारतीय दूतावास ने तेहरान में रह रहे भारतीय छात्रों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाने में मदद की है और कुछ व्यापारिक कारणों से वहां मौजूद भारतीयों को आर्मेनिया के रास्ते वापस भारत भेजने में सहायता दी है।

### विपक्ष ने पश्चिम एशिया तनाव, ऊर्जा सुरक्षा पर सरकार को घेरा

संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण सोमवार से शुरू हुआ। विपक्षी दलों ने पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव को लेकर संसद भवन परिसर में विरोध-प्रदर्शन किया। विपक्ष ने अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच चल रहे सैन्य संघर्ष के बीच भारत की ऊर्जा सुरक्षा और अन्य मुद्दों पर सरकार पर चुप्पी साधने का आरोप लगाया। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल, सांसद प्रियंका गांधी, किशोरी लाल शर्मा समेत तमाम विपक्षी सांसदों ने संसद भवन के मकर द्वार पर प्रदर्शन किया।

## शराब घोटाला और अरविंद केजरीवाल वाले केस में सीबीआई को बड़ी राहत

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



### ट्रायल कोर्ट के आदेश पर हाई कोर्ट ने लगाई रोक

दिल्ली हाईकोर्ट ने सोमवार को शराब घोटाला और अरविंद केजरीवाल वाले केस में सीबीआई को बड़ी राहत दी है। हाईकोर्ट ने जांच में खामियों के लिए सीबीआई अधिकारी की जांच कराने के ट्रायल कोर्ट के आदेश पर पर फिलहाल रोक लगा दी है। इसके साथ ही कोर्ट ने यह भी कहा है कि जब तक हाईकोर्ट इस मामले में कोई फैसला नहीं सुनाता, तब तक ट्रायल कोर्ट ईडी वाले केस में निर्णय न सुनाए। इस केस में अगली सुनवाई 16 मार्च को होनी है। दिल्ली हाईकोर्ट सीबीआई की उस अपील पर सुनवाई कर रहा था, जिसमें दिल्ल के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल, पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया और कथित शराब पॉलिसी स्कैम से जुड़े करप्शन केस में बाकी सभी 21 आरोपियों को बरी करने को चुनौती दी गई है। जस्टिस स्वर्णकांत शर्मा ने सीबीआई की दलीलें सुनने के बाद केजरीवाल समेत सभी 23 आरोपियों को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। इस मामले में अगली सुनवाई 16 मार्च को होगी।

## चुनावी हिंसा पर 'शून्य सहनशीलता' की नीति अपनाएगा आयोग : ज्ञानेश कुमार

**एजेंसी, कोलकाता।**



पश्चिम बंगाल में आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के बीच भारत निर्वाचन आयोग के मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने राजनीतिक दलों को आश्वस्त किया है कि पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनाव सुनिश्चित करने के लिए आयोग सभी आवश्यक कदम उठाएगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि चुनावी हिंसा के मामले में आयोग की नीति शून्य सहनशीलता की होगी।

कोलकाता में सोमवार को आयोजित बैठक के दौरान ज्ञानेश कुमार ने कहा कि भारत में चुनाव पूरी तरह कानून के अनुसार कराए जाते हैं और चुनाव प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए आयोग कोई कसर नहीं छोड़ेगा। इस बैठक में चुनाव आयुक्त सुखबीर सिंह संधू और विवेक जोशी के साथ पश्चिम बंगाल के मुख्य निर्वाचन अधिकारी और आयोग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। सूत्रों के अनुसार, बैठक का उद्देश्य विभिन्न राजनीतिक दलों की चिंताओं और सुझावों को सुनना तथा चुनाव प्रक्रिया को और मजबूत बनाने में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना था। बैठक को व्यवस्थित तरीके से संचालित किया गया, जिसमें प्रत्येक राजनीतिक दल को अपनी बात रखने के लिए लगभग 15 मिनट का समय दिया गया। बैठक में कई राष्ट्रीय और राज्य स्तरीय दलों के प्रतिनिधि शामिल हुए। इनमें आम आदमी पार्टी, भारतीय जनता पार्टी, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी), भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस और नेशनल पीपुल्स पार्टी के प्रतिनिधि मौजूद थे।

## राष्ट्रपति के प्रोटोकॉल उल्लंघन मामले में बंगाल सरकार ने गृह मंत्रालय को भेजी रिपोर्ट

**एजेंसी, कोलकाता।**

पश्चिम बंगाल सरकार ने केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा मांगी गई स्पष्टीकरण रिपोर्ट का जवाब भेज दिया है। यह स्पष्टीकरण राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हालिया उत्तर बंगाल दौरे के दौरान कथित प्रोटोकॉल उल्लंघन के आरोपों को लेकर मांगा गया था। राज्य सरकार ने अपनी प्रतिक्रिया में किसी भी तरह की चूक से इनकार करते हुए कहा है कि स्थानीय अधिकारियों ने निर्धारित प्रक्रियाओं का पालन किया।

सूत्रों के अनुसार, गृह मंत्रालय ने रविवार सुबह राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती के कार्यालय से इस संबंध में रिपोर्ट मांगी थी और उसी दिन शाम 5 बजे तक जवाब देने की समय सीमा तय की थी। राज्य सचिवालय के एक अधिकारी ने पुष्टि की कि मंत्रालय को विस्तृत रिपोर्ट भेज दी गई है, हालांकि उन्होंने रिपोर्ट की विस्तृत जानकारी सार्वजनिक नहीं की। अधिकारी के अनुसार, मंत्रालय द्वारा उठाए गए प्रोटोकॉल से जुड़े सभी बिंदुओं पर क्रमवार स्पष्टीकरण दिया गया है। इससे पहले रविवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी इस मामले पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा था कि राष्ट्रपति के बागडोगरा हवाई अड्डा पहुंचने पर प्रोटोकॉल के अनुसार उनका स्वागत किया गया था।

## वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम में तेजी से महंगाई पर नहीं पड़ेगा खास असर : निर्मला सीतारमण

**एजेंसी, नई दिल्ली।**



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का महंगाई पर खास असर पड़ने की संभावना नहीं है क्योंकि देश में मुद्रास्फीति पहले से ही अपने निचले स्तर के करीब है।

सीतारमण ने लोकसभा में एक लिखित सवाल के जवाब में कहा कि वैश्विक कच्चे तेल और भारतीय बास्केट (अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों का भारांश औसत, जिनकी खरीद भारतीय रिफाइनरी करती हैं) दोनों की कीमतों में पिछले एक वर्ष से लगातार गिरावट का रुख था। 28 फरवरी, 2026 को पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने के बाद से इसमें तेजी आई है। वित्त मंत्री ने कहा कि फरवरी के अंत से दो मार्च, 2026 तक कच्चे तेल की कीमत (भारतीय बास्केट) 69.01 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से बढ़कर 80.16 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गई। चूंकि भारत में मुद्रास्फीति अपने निचले स्तर के करीब है, इसलिए फिलहाल महंगाई पर इसका प्रभाव महत्वपूर्ण नहीं माना जा रहा है। मंत्री ने कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक की अक्टूबर, 2025 की मौद्रिक नीति रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया था कि यदि कच्चे तेल की कीमत आधारभूत अनुमानों से 10 प्रतिशत अधिक होती हैं और घरेलू कीमतों पर इसका पूरा प्रभाव पड़ता है, तो मुद्रास्फीति 0.3 प्रतिशत तक बढ़ सकती है। हालांकि, मुद्रास्फीति पर वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में वृद्धि का मध्यम अवधि का प्रभाव कई कारकों पर निर्भर करता है। इसमें विनिमय दर में उतार-चढ़ाव, वैश्विक मांग और आपूर्ति की स्थिति, मौद्रिक नीति का लाभ ग्राहकों तक पहुंचाना, सामान्य मुद्रास्फीति की स्थिति और अप्रत्यक्ष प्रभाव की सीमा शामिल हैं। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक आधारित औसत खुदरा मुद्रास्फीति 2025-26 (अप्रैल-जनवरी) में घटकर 1.8 प्रतिशत पर रही। जबकि 2024-25 में यह 4.6 प्रतिशत और 2023-24 में 5.4 प्रतिशत थी।

चेतावनी

## शासनादेश के विपरीत फीस वसूली पर होगी ऑडिट

# अधिक फीस वसूली तो होगा एक्शन

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** शिक्षा व्यवस्था को सुलभ, सस्ता और पारदर्शी बनाने के लिए उत्तर प्रदेश सरकार सख्त कदम उठा रही है। उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने राज्य विश्वविद्यालयों को निर्देश दिया है कि वे परीक्षा शुल्क केवल शासनादेश में निर्धारित दरों के अनुसार ही लें। शासनादेश के विपरीत अधिक शुल्क वसूलने वाले विश्वविद्यालयों के ऑडिट कराने और आवश्यक कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है।

प्रदेश के उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय ने सोमवार को विधानसभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में लखनऊ विश्वविद्यालय और संबद्ध महाविद्यालयों द्वारा शासनादेश के विपरीत फीस लिए जाने के संबंध में समीक्षा बैठक की। बैठक में विश्वविद्यालयों की शुल्क संरचना, परीक्षा शुल्क और वित्तीय प्रबंधन से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। उच्च शिक्षा मंत्री ने निर्देश दिए कि राज्य विश्वविद्यालयों को निर्धारित शासनादेश के अनुसार ही परीक्षा शुल्क लिया जाना चाहिए। कोई विश्वविद्यालय निर्धारित शुल्क से अधिक परीक्षा शुल्क वसूलता है तो उसकी ऑडिट कराई जा सकती है और उचित कार्रवाई की जाएगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा को सुलभ, सस्ता, पारदर्शी व छात्र हितैषी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। फीस में अनावश्यक वृद्धि से आर्थिक रूप से कमजोर छात्रों को शिक्षा प्राप्त करने में कठिनाई होती है, इसलिए विश्वविद्यालयों को छात्रहित को सर्वोपरि रख निर्णय लेने चाहिए। मुताबिक शासनादेश राज्य विश्वविद्यालयों में परीक्षा शुल्क की समानता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न पाठ्यक्रमों हेतु प्रति सेमेस्टर परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है। बीए, बीएससी, बीकॉम, बीबीए, बीसीए, बीएड, बीपीएड, बीजेएमसी, बीएफए और बीवोक जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 800 रुपये, एलएलबी, बीएससी एग्रीकल्चर ऑनर्स बीटेक, बायोटेक जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 1000 रुपये तथा बीडीएस, नर्सिंग, बीएएमएस और बीयूएमएस जैसे पाठ्यक्रमों के लिए 1500 रुपये प्रति सेमेस्टर परीक्षा शुल्क निर्धारित किया गया है। उच्च शिक्षा मंत्री ने राज्य विश्वविद्यालयों को निर्देशित किया कि वे शासनादेशों का पूर्ण रूप से पालन करें और वित्तीय अनुशासन बनाए रखें। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालयों को अपने संसाधनों को मजबूत करने, नए पाठ्यक्रम शुरू करने और वित्तीय प्रबंधन को बेहतर बनाने की दिशा में भी प्रयास करने चाहिए, ताकि संस्थान आत्मनिर्भर बन सकें। उच्च शिक्षा मंत्री ने कहा कि योगी सरकार विश्वविद्यालयों की वास्तविक आवश्यकताओं पर विचार करते हुए आवश्यक सहयोग को तैयार है।

### शिक्षा को सर्वसुलभ व पारदर्शी बनाने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध : योगेंद्र



## सर्राफा व्यापार मंडल का वार्षिकोत्सव व होली मिलन समारोह संपन्न



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** सर्राफा व्यापार मण्डल (रजि.) द्वारा आयोजित वार्षिकोत्सव एवं होली मिलन समारोह रविवार को रंगारंग कार्यक्रमों के बीच सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में गीत-संगीत, लोकनृत्य, मेहंदी प्रतियोगिता सहित विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया। वहीं विशिष्ट अतिथियों व समाजसेवियों को प्रमाणपत्र, स्मृतिचिन्ह व अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया।रविवार सायंकाल आयोजित होली मिलन समारोह में सर्राफा व्यापारियों ने एक-दूसरे को गले मिलकर गुलाल व अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए गीत, संगीत और लोकनृत्य की मनमोहक प्रस्तुतियों ने देर रात तक लोगों को बांधे रखा।समाजहित में उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्व. अमरीक लाल मल्होत्रा के प्रतिनिधि, स्व. रामनाथ सर्राफ के प्रतिनिधि कन्हैया सोनी, दीपक प्रकाश सोनी (दाऊ जी), मगन बिहारी रस्तोगी, राकेश वर्मा, मदन लाल रस्तोगी, परशुराम त्रिपाठी, प्रदीप सर्राफ, नागेश्वर नाथ रस्तोगी तथा सुमित कुमार खन्ना को स्मृतिचिन्ह, प्रमाणपत्र व अंगवस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

# मिहींपुरवा की सड़कों पर अराजकता, जाम से कराह रहा बाजार

- प्रशासन की चुप्पी पर उठे सवाल
- लोगों ने जिलाधिकारी से की तत्काल हस्तक्षेप की मांग

**मिहींपुरवा, बहराइच समृद्धि न्यूज़।**



कस्बे की यातायात व्यवस्था इस समय पूरी तरह चरमरा चुकी है। मुख्य बाजार और प्रमुख चौराहों पर रोज लगने वाले भीषण जाम ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है, लेकिन जिम्मेदार प्रशासन अब भी गहरी नींद में नजर आ रहा है। अव्यवस्था की यह हालत है कि सड़कें मानो यातायात नहीं बल्कि अराजकता का मैदान बन गई हैं। सबसे बड़ी समस्या ई-रिक्शा और ऑटो के लिए किसी भी प्रकार का अधिकृत स्टैंड न होना है। नतीजा यह है कि चालक मजबूरी में जहां जगह मिली वहीं वाहन खड़ा कर देते हैं। मुख्य चौराहों और बाजार के बीच खड़े दर्जनों ई-रिक्शा पूरे इलाके को जाम का अड्डा बना देते हैं। इससे न केवल आम जनता का समय बर्बाद हो रहा है बल्कि स्कूली बच्चों, मरीजों को ले जा रही एम्बुलेंस और बुजुर्गों की आवाजाही भी संकट में पड़ गई है। आए दिन छोटी-मोटी दुर्घटनाएं होना अब आम बात बन चुकी है। आदर्श ऑटो रिक्शा चालक कल्याण समिति ने इस बदहाल स्थिति पर कड़ा रोष जताते हुए प्रशासन को चेताया है कि यदि जल्द ही व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो हालात और विस्फोटक हो सकते हैं। समिति ने कस्बे में अलग-अलग मार्गों से आने वाले ई-रिक्शा के लिए निश्चित स्थानों पर अधिकृत स्टैंड बनाने का प्रस्ताव रखा है। इसमें जरही मंदिर के पास रजनवा मार्ग से आने वाले ई-रिक्शा, नानपारा बस अड्डा परिसर में नानपारा मार्ग के वाहन, हरियाली बाजार के पास मुर्तिहा मार्ग के वाहन, पंचायत भवन के पास लौकाही मार्ग से आने वाले ई-रिक्शा और रेलवे स्टेशन के पास सिसैया मार्ग के वाहनों के लिए स्टैंड बनाने की मांग की गई है। साथ ही इन स्थानों पर बोर्ड लगाकर पेयजल, छाया और शौचालय जैसी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराने की भी बात कही गई है। हैरानी की बात यह भी है कि प्रशासन द्वारा पहले से लागू नियम–जिसके तहत सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक मुख्य बाजार में बस, ट्रक और पिकअप जैसे भारी वाहनों के प्रवेश पर रोक है–सिर्फ कागजों तक सीमित होकर रह गया है। नियमों को ठेंगा दिखाते हुए भारी वाहन दिनदहाड़े बाजार में घुस रहे हैं और प्रशासन मूकदर्शक बना बैठा है।परिणामस्वरूप जाम की स्थिति और भयावह होती जा रही है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि अगर प्रशासन ने अब भी सख्त कदम नहीं उठाए तो मिहींपुरवा का बाजार पूरी तरह यातायात अव्यवस्था का शिकार हो जाएगा। लोगों ने जिलाधिकारी से तत्काल हस्तक्षेप कर नो-एंट्री नियमों को सख्ती से लागू कराने और ई-रिक्शा के लिए स्थायी स्टैंड बनवाकर इस अव्यवस्था पर लगाम लगाने की मांग की है।

# भाजपा महिला मोर्चा ने मनाया नारी शक्ति सम्मान समारोह

## जिला कार्यालय पर महिलाओं को मोमेंटो प्रशस्ति-पत्र देकर किया सम्मानित



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** भारतीय जनता पार्टी जिला कार्यालय पर महिलाओं को भाजपा महिला मोर्चा के द्वारा नारी शक्ति सम्मान समारोह कार्यक्रम मनाया। इस सम्मान समारोह कार्यक्रम में सैकड़े महिला खिलाड़ियों व सोशल वर्कर, शिक्षक, तथा समाज में दे रही अपनी सेवाएं देने वाली महिलाओं को मोमेंटो प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बहराइच श्रावस्ती की एमएलसी डॉ प्रज्ञा त्रिपाठी रहीं, तथा विशिष्ट अतिथि नगर पालिका परिषद की अध्यक्ष सुधा टेकडीवाल रही। मुख्य अतिथि ने अपने विचार रखते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी की केंद्र की मोदी सरकार तथा राज्य में योगी सरकार ने महिलाओं के उत्थान के लिए अनेक प्रकार की कुटीर उद्योग लगाकर आत्मनिर्भर भारत बनाने का सपना अब साकार हो रहा है। जिसमें महिलाएं समूह बनाकर अपना कार्य विस्तृत रूप से कर रही हैं। जिसमें तमाम महिलाए रोजगार प्राप्त करके अपना जीवन सुखमय व्यतीत कर रही हैं। प्रदेश की योगी सरकार महिलाओं के सुरक्षा का विशेष ध्यान दिया है। योगी के शासन में महिलाएं अपने को अधिक सुरक्षित महसूस कर रही हैं। विशिष्ट अतिथि ने कहा कि केंद्र सरकार व राज्य सरकार ने महिलाओं के विकास के लिए 27 प्रतिशत का आरक्षण भी किया है। आज देश में महिलाएं सभी प्रकार की नौकरियों में अपना परचम लहरा रही हैं। देश का कोई भी ऐसा क्षेत्र नहीं है जिसमें महिलाओं का योगदान न हो। कार्यक्रम की अध्यक्षता महिला मोर्चा जिला संयोजक सोनी श्रीवास्तव ने किया तथा कार्यक्रम संयोजक डॉक्टर अभिलाषा वर्मा रही। तथा मंच संचालन जिला महामंत्री महिला मोर्चा उर्मिला शुक्ला ने किया इस अवसर पर निवर्तमान जिलाध्यक्ष भाजपा श्यामकरन टेकडीवाल, जिला उपाध्यक्ष रणविजय सिंह, जिला मंत्री सुनील श्रीवास्तव, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र कुमार मिश्रा, पुष्पा चौधरी, ज्योति सिंह, मंजू गुप्ता, मंजू निगम, एकता जायसवाल तथा महिला मोर्चा की जिले एवं नगर की सभी महिला मोर्चा पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस अवसर पर उपस्थित रही।

## छात्रा साक्षी को मंडल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मिला सम्मान

**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम 'प्रगति 2026 - आत्मसम्मान से समानता तक' में क्षेत्र के विद्यालय की छात्रा साक्षी को मंडल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। इस उपलब्धि से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है। कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाली शिक्षिका ने विभाग के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि 'राज्य स्तरीय कार्यक्रम 'प्रगति 2026 - आत्मसम्मान से समानता तक' और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के इस विशेष अवसर पर अध्यापिका प्रतिभा यादो को सम्मानित किया गया। विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा साक्षी को मंडल स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया।

## ग्राम धनौली के कोटेदार पर पत्रकार को जान से मारने की धमकी का आरोप

- एसपी को सौंपा ज्ञापन



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जनपद गोंडा के ग्राम धनौली में एक कोटेदार द्वारा पत्रकार को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। इस घटना से पत्रकारों में भारी आक्रोश फैल गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए जिले के कई पत्रकारों ने एकजुट होकर पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपते हुए आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। पत्रकारों का आरोप है कि ग्राम धनौली के कोटेदार द्वारा समाचार कवरेज को लेकर नाराजगी जताते हुए एक पत्रकार को धमकी दी गई और जान से मारने की बात कही गई। इस घटना के बाद पत्रकारों में सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ गई है। पत्रकारों का कहना है कि इस तरह की धमकियां न सिर्फ एक व्यक्ति को डराने की कोशिश हैं बल्कि यह स्वतंत्र और निष्पक्ष पत्रकारिता पर भी हमला है। ज्ञापन के माध्यम से पत्रकारों ने पुलिस अधीक्षक से मांग की कि मामले की निष्पक्ष जांच कराकर दोषी कोटेदार के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाए। साथ ही पत्रकारों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं, ताकि भविष्य में इस प्रकार की घटनाएं दोबारा न हो सकें। पत्रकारों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द से जल्द उचित कार्रवाई नहीं की गई, तो जिले के पत्रकार आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने कहा कि पत्रकार समाज का चौथा स्तंभ है और उसकी सुरक्षा तथा सम्मान बनाए रखना प्रशासन की जिम्मेदारी है। इस दौरान कई पत्रकार संगठन के प्रतिनिधि और स्थानीय पत्रकार मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में प्रशासन से मांग की कि मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि पत्रकारों में फैले आक्रोश को शांत किया जा सके और न्याय मिल सके।

## खबरें एक नजर में

### 11 को आयेंगी महिला आयोग की सदस्य करेंगी जनसुनवाई

**गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।** उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य श्रीमती ऋतु शाही आगामी 11 मार्च,2026 को जनपद में आ रही है। सर्वप्रथम वह सर्किट हाउस में अपरान्ह 11:00 बजे से महिला सम्बन्धी शिकायतों की जनसुनवाई करेंगी। उसके बाद महिला सम्बन्धी अपराधों व योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों के साथ बैठक करेंगी। यह जानकारी देते हुए जिला प्रोबेशन अधिकारी संतोष कुमार सोनी ने अपील किया है कि पीड़ित महिलाएं ससमय उपस्थित होकर अपनी समस्याओं से सम्बन्धित शिकायत प्रस्तुत कर सकती हैं।

### गोंडा में पूर्व सैनिक ने अधिकारियों पर लगाए आरोप

**जमीन पैमाईश में फर्जी रिपोर्ट का आरोप, 15 साल से न्याय के लिए परेशान**

**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** जिले के रुपईडीह ब्लॉक की ग्राम पंचायत सरोना निवासी पूर्व सैनिक अवधराज सिंह ने जिलाधिकारी से शिकायत की है। उन्होंने अपनी जमीन पर अवैध कब्जे और अधिकारियों द्वारा फर्जी पैमाईश रिपोर्ट लगाने का आरोप लगाया है। अवधराज सिंह ने बताया कि उनकी गाटा संख्या 328 पर उनका मकान बना है और उस पर खेती भी होती है, जिस पर उनका कब्जा है। उन्होंने इस जमीन पर पत्थर निशान लगवाने के लिए एक प्रार्थना पत्र दिया था। सिंह का आरोप है कि अधिकारियों ने उन्हें बिना सूचित किए ही इस मामले में फर्जी रिपोर्ट लगा दी। जब उन्होंने संबंधित अधिकारी से मिलने का प्रयास किया, तो उन्हें मना कर दिया गया और फोन पर टालमटोल की गई। पूर्व सैनिक सिंह ने बताया कि वह पिछले 15 वर्षों से इस मामले में न्याय के लिए भटक रहे हैं, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने अधिकारियों पर पैसे लेकर फर्जी रिपोर्ट लगाने का भी आरोप लगाया, जिससे उन्हें आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न का सामना करना पड़ा है।आज पैमाईश करने पुलिस, राजस्व विभाग की टीम ने किया, अवधराज सिंह ने आज हुई पैमाईश पर भी असंतोष व्यक्त किया। उनका कहना है कि उनकी शिकायत में उल्लिखित गाटा संख्या के पूरे रकबे की पैमाईश नहीं की गई है, जिससे वह पूरी तरह असंतुष्ट हैं।

### योग्य रेडियोलॉजिस्ट के बिना चल रहे कई अल्ट्रासाउंड केंद्र, मरीजों की सुरक्षा पर उठे सवाल

**उतरौला (बलरामपुर)।** उतरौला तहसील क्षेत्र में संचालित कई निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों की कार्यप्रणाली पर इन दिनों गंभीर सवाल उठ रहे हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि क्षेत्र में कई ऐसे केंद्र संचालित हो रहे हैं जहां योग्य और पंजीकृत रेडियोलॉजिस्ट की अनुपस्थिति के बावजूद अल्ट्रासाउंड जांच की जा रही है। इससे न केवल मरीजों का आर्थिक शोषण हो रहा है बल्कि गलत रिपोर्ट मिलने की आशंका भी बढ़ गई है, जो स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा बन सकती है। स्थानीय लोगों और मरीजों का कहना है कि नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक खुले कई अल्ट्रासाउंड केंद्रों पर मशीनें तो लगी हैं, लेकिन जांच ऐसे लोग कर रहे हैं जिनके पास न तो आवश्यक डिग्री है और न ही विशेषज्ञता। नियमों के अनुसार अल्ट्रासाउंड जांच केवल प्रशिक्षित और पंजीकृत रेडियोलॉजिस्ट या अधिकृत चिकित्सक द्वारा ही की जानी चाहिए, लेकिन क्षेत्र में इन नियमों की अनदेखी किए जाने की चर्चाएं आम हैं। ग्रामीणों का आरोप है कि कई केंद्रों पर अल्ट्रासाउंड जांच के नाम पर मरीजों से 800 से 1000 रुपये तक की मनमानी फीस वसूली जा रही है। गरीब और ग्रामीण मरीजों के पास विकल्प न होने के कारण वे मजबूरी में इन केंद्रों पर जांच करवाने को विवश हो जाते हैं। कई बार मरीजों को सही जानकारी या रिपोर्ट की गुणवत्ता के बारे में भी स्पष्ट जानकारी नहीं दी जाती। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सरकारी अस्पतालों में अल्ट्रासाउंड जांच की पर्याप्त सुविधा उपलब्ध न होने के कारण निजी केंद्रों की मांग बढ़ गई है। खासतौर पर गर्भवती महिलाओं को नियमित जांच की आवश्यकता होती है, लेकिन विशेषज्ञ डॉक्टर की अनुपस्थिति में जांच किए जाने से मां और गर्भस्थ शिशु दोनों के स्वास्थ्य को लेकर जोखिम की आशंका बनी रहती है। स्वास्थ्य विभाग के नियमों के अनुसार किसी भी अल्ट्रासाउंड केंद्र का पंजीकरण होना अनिवार्य है तथा वहां पंजीकृत रेडियोलॉजिस्ट की उपस्थिति सुनिश्चित की जानी चाहिए। इसके अलावा गर्भवती महिलाओं की जांच के संबंध में भी कई कानूनी प्रावधान लागू होते हैं, जिनका पालन करना जरूरी होता है। इसके बावजूद कई केंद्रों पर इन नियमों की अनदेखी किए जाने की शिकायतें सामने आती रहती हैं। क्षेत्र के समाजसेवियों और बुद्धिजीवियों का कहना है कि यदि स्वास्थ्य विभाग द्वारा नियमित निरीक्षण और सख्त कार्रवाई की जाए तो इस प्रकार की अनियमितताओं पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। उनका मानना है कि मरीजों के स्वास्थ्य से जुड़े इस संवेदनशील विषय पर किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए। उतरौला तहसील क्षेत्र में निजी अल्ट्रासाउंड केंद्रों की बढ़ती संख्या और उन पर लग रहे आरोप स्वास्थ्य व्यवस्था के लिए एक गंभीर संकेत हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि मरीजों की सुरक्षा और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए नियमित निरीक्षण, सख्त नियमों का पालन और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई बेहद जरूरी है।

## निर्माणाधीन मंदिर की तोड़ी गई दीवार

**ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन किया, दो दशकों से इसे बता रहे देवस्थान**



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** खैरीघाट थाना क्षेत्र के शिवपुर ग्राम पंचायत के लोधनपुरवा गांव में निर्माणाधीन मंदिर की दीवार गिराए जाने के बाद विवाद बढ़ गया है। इस घटना से आक्रोशित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी ग्रामीणों का दावा है कि यह स्थान करीब दो दशकों से देवस्थान के रूप में पूजित है। गांव निवासी बरकत अली, नफीस, राम चन्द्र, वीरसेन, ओमकार, संतोष, मनीराम, सुरेन्द्र नाथ, कंधई लाल, कृपा राम, राम अचल, चांदनी, रूपा, कांति देवी, पुष्पा, गीता, प्रेमावती, बिट्टा और राधा सहित दो दर्जन से अधिक ग्रामीणों ने बताया कि लगभग 30 वर्षों से यहां पूजा-पाठ हो रहा है। उन्होंने बताया कि पिछले दो वर्षों से दुर्गा पूजा व मूर्ति पूजन भी किया जा रहा है। ग्रामीणों के सहयोग से मंदिर का निर्माण कराया जा रहा था, जिसकी पश्चिमी दीवार कुछ अज्ञात लोगों ने गिरा दी। ग्राम प्रधान वारिश अली ने भी पुष्टि की कि ग्रामीण कई वर्षों से यहां पूजा-पाठ करते रहे हैं और पिछले दो वर्षों से दुर्गा पूजा एवं मूर्ति पूजन भी किया जा रहा है। घटना की सूचना डायल 112 पर दी गई। मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराने का प्रयास किया। हालांकि, प्रदर्शनकारी ग्रामीणों ने मंदिर निर्माण कार्य जारी रखने की मांग की। वहीं, दूसरे पक्ष के व्यक्ति का दावा है कि जिस भूमि पर मंदिर का निर्माण हो रहा है, वह उनकी निजी संपत्ति है। उन्होंने आरोप लगाया कि ग्रामीण जबरन उनकी जमीन पर निर्माण कार्य करा रहे हैं।

# वंडर बॉक्स से सुगमता व मनोरंजन के साथ सीखेंगे बाल वाटिका के बच्चे : आशीष कुमार सिंह

- दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यक्रम का हुआ शुभारंभ



**बहराइच समृद्धि न्यूज़।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह के द्वारा दो दिवसीय प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और शिक्षा के तहत बाल विकास परियोजना विभाग से प्रत्येक ब्लॉक से दो-दो सुपरवाइजर तथा बेसिक शिक्षा विभाग से दो दो एआरपी को राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर के द्वारा वंडर बॉक्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी बहराइच के सभागार में मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण कर किया। वंडर बॉक्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष कुमार सिंह ने बताया की वंडर बॉक्स के तहत अब बाल वाटिका के बच्चों को भाषा तथा अंकीय ज्ञान कराने में आसानी होगी जिससे बाल वाटिका के बच्चे वंडर बॉक्स से सुगमता व मनोरंजन के साथ सीखेंगे। वंडर बॉक्स में कितने किट हैं तथा उनका प्रयोग कैसे किया जाए इस पर विस्तार रूप से प्रशिक्षण प्रदान करने के लिए राज्य स्तर पर प्रशिक्षण प्राप्त प्रशिक्षक प्रशिक्षण प्रदान करेंगे साथ ही साथ बाल वाटिका से वंडर बॉक्स का संबंध और इसका उपयोग के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान करेंगे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला समन्वयक प्रशिक्षण प्रदीप कुमार वर्मा ने किया।एसआरजी सुधीर मेहरोत्रा तथा राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर व प्रशिक्षक राजेश कुमार मिश्र आदि प्रशिक्षकों ने प्रशिक्षण प्रदान किया। यह प्रशिक्षण 9 तथा 10 मार्च दो दिवसीय है सभी प्रशिक्षण प्राप्त ट्रेनर अपने-अपने ब्लॉक पर आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को प्रशिक्षित करेंगे। वंडर बॉक्स प्रशिक्षण में बेसिक शिक्षा विभाग के एआरपी सुनील पाण्डेय, राज कुमार पाण्डेय, सुनील कुमार, कुमार अभय, श्रवण मिश्रा, श्वेता वर्मा, रसल रघुवंशी तथा बाल विकास परियोजना विभाग की सुपरवाइजर रीतू, वंदना, सपना मौर्या ने प्रतिभाग किया।

## टी-20 विश्व कप में भारत की ऐतिहासिक जीत, उतरौला में सड़कों पर उमड़ा जश्न



**समृद्धि न्यूज़, उतरौला (बलरामपुर)।** गुजरात के अहमदाबाद स्थित नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईसीसी टी-20 विश्व कप 2026 के फाइनल मुकाबले में भारतीय क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए इतिहास रच दिया। भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हराकर तीसरी बार टी-20 विश्व कप का खिताब अपने नाम किया। इस ऐतिहासिक जीत के साथ ही पूरे देश में उत्साह की लहर दौड़ गई, जिसका असर उतरौला क्षेत्र में भी साफ देखने को मिला। जैसे ही भारतीय टीम की जीत की खबर टीवी और मोबाइल स्क्रीन पर आई, उतरौला बाजार सहित आसपास के क्षेत्रों में खुशी का माहौल बन गया। लोग अपने घरों से बाहर निकल आए और सड़कों पर जश्न मनाने लगे। युवाओं ने हाथों में तिरंगा लेकर जुलूस निकाला, जबकि कई स्थानों पर ढोल-नगाड़ों की धुन पर लोग नाचते-गाते दिखाई दिए। बाजार और मुख्य चौराहों पर 'भारत माता की जय ', 'वंदे मातरम्' और 'इंडिया-इंडिया' के नारों से वातावरण गूंज उठा। लोगों ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर और गले लगाकर बधाई दी। पटाखों की आवाज और उत्साह से पूरा क्षेत्र देर रात तक उत्सव के रंग में डूबा रहा। जुलूस में शामिल युवाओं ने कहा कि यह जीत हर भारतीय के लिए गर्व का क्षण है। उनका कहना था कि भारतीय टीम ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार खेल दिखाकर देशवासियों का दिल जीत लिया। खिलाड़ियों की मेहनत, टीम भावना और आत्मविश्वास का ही परिणाम है कि भारत ने एक बार फिर विश्व क्रिकेट में अपना परचम लहराया है। बताते चलें कि भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 255 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। संजू सैमसन ने 46 गेंदों में शानदार 89 रन की पारी खेली। अभिषेक शर्मा और ईशान किशन ने तेज अर्धशतक लगाकर टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया। जवाब में न्यूजीलैंड की टीम भारतीय गेंदबाजों के सामने टिक नहीं सकी। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 4 विकेट झटके और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारतीय टीम की यह जीत क्रिकेट इतिहास के स्वर्णिम पलों में शामिल हो गई है।

अहमदाबाद में मिली इस ऐतिहासिक सफलता ने पूरे देश को गौरव और उत्साह से भर दिया है। उतरौला सहित देशभर में लोग भारतीय टीम की इस उपलब्धि का जश्न मनाकर खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना कर रहे हैं।

## थाना नवाबगंज पुलिस ने अपहरण करने के वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार



**गोंडा, समृद्धि न्यूज़।** दिनांक 03.03.2026 को थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा पर आवेदिका श्रीमती सुशीला यादव पत्नी अंकित कुमार यादव निवासी ग्राम पहली थाना नवाबगंज जनपद गोण्डा द्वारा लिखित तहरीर दी गयी कि दिनांक 02.03.2026 को समय लगभग 12.00 बजे दिन में एक काले रंग की थार गाड़ी से आए एक व्यक्ति द्वारा उनके पति अंकित कुमार यादव पुत्र नंदराम यादव उम्र लगभग 30 वर्ष को घर से बुलाया गया। उक्त व्यक्ति के बुलाने पर उनके पति अपनी मोटरसाइकिल से कटरा तिराहा की ओर जाने के लिए घर से निकले। रास्ते में अकबरपुर चौराहे के पास उक्त व्यक्ति एवं उसके चार अन्य अज्ञात साथियों द्वारा उन्हें जबरन अपनी थार गाड़ी में बैठाकर जान से मारने की नीयत से अपहरण कर लिया गया।उक्त सूचना के आधार पर थाना नवाबगंज पर मु0अ0सं0 65/2026 धारा 140(1) बीएनएस बनाम अज्ञात अभियुक्तगण पंजीकृत किया गया। घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए पुलिस टीमों द्वारा तत्परता से कार्यवाही करते हुए अपहृत अंकित कुमार यादव को मसकनवा गोशाला तिराहा के पास से सकुशल बरामद कर लिया गया।

**सूचना**

सूचित किया जाता है कि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड, बैंक रिकार्डस में मेरा नाम मुन्नालाल लिखा है। मेरे पास मौजूद फिजिकल शेयर सर्टिफिकेट्स पर मेरा नाम मुन्नालाल गुप्ता लिखा है। मुन्नालाल और मुन्नालाल गुप्ता एक ही व्यक्ति के नाम हैं। जोकि पूर्णतया सही हैं।

**मुन्नालाल**
**पुत्र प्यारेलाल**
**निवासी-ग्राम बस स्टैंड, अलीपुरा पनवाड़ी तहसील-कुलपहाड़, जिला-महोबा।**

## ईंट भट्ठों पर मजदूरों को दी गई वित्तीय और साइबर सुरक्षा की जानकारी




**समृद्धि न्यूज़, बलरामपुर।** ईंट भट्ठों पर काम करने वाले मजदूरों को आर्थिक रूप से जागरूक बनाने के उद्देश्य से सोमवार को वित्तीय और साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के माध्यम से मजदूरों को बचत, निवेश और ऑनलाइन धोखाधड़ी से बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। यह जागरूकता सत्र फाउंडेशन और (नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट्स) से जुड़े आरपी आदर्श कुमार द्वारा संचालित किया गया। उन्होंने मजदूरों को व्यवस्थित निवेश योजना यानी स्ढ्क्क (सिस्टेमेटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के महत्व के बारे में बताया और कहा कि छोटी-छोटी बचत भी भविष्य में बड़ी आर्थिक सुरक्षा का आधार बन सकती है। कार्यक्रम के दौरान मजदूरों को यह भी बताया गया कि नियमित बचत और सही निवेश के माध्यम से वे अपने और अपने परिवार के भविष्य को सुरक्षित बना सकते हैं। साथ ही उन्हें सुरक्षित वित्तीय योजनाओं की जानकारी देते हुए निवेश से जुड़े जोखिमों के प्रति भी जागरूक किया गया। इसके अलावा कार्यक्रम में साइबर सुरक्षा को लेकर भी विशेष जानकारी दी गई। मजदूरों को बताया गया कि आजकल साइबर अपराध के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। कई ठग फर्जी कॉल करके, साइबर अरेस्ट का डर दिखाकर, या मोबाइल पर लिंक भेजकर लोगों से बैंक संबंधी जानकारी हासिल कर लेते हैं और खाते से पैसे निकाल लेते हैं। ऐसे मामलों से बचने के लिए किसी भी अज्ञात व्यक्ति के साथ ह्ल्रञ्जक्क बैंक डिटेल या पासवर्ड साझा न करने की सलाह दी गई। मजदूरों को यह भी बताया गया कि यदि किसी के साथ साइबर धोखाधड़ी होती है तो तुरंत राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल कर शिकायत दर्ज कराएं, ताकि समय रहते कार्रवाई की जा सके। यह जागरूकता कार्यक्रम जनपद के कई ईंट भट्ठों पर रहने वाले मजदूरों के बीच आयोजित किया गया। इसमें ग्राम अम्हवा स्थित कांत ईंट उद्योग (हीरा ब्रिक फील्ड), ग्राम इटईरामपुर के घनश्याम काशीराम ब्रिक फील्ड तथा जलालुद्दीन खान ब्रिक फील्ड के मजदूरों को शामिल किया गया। कार्यक्रम में हैप्पी टू हेल्प फाउंडेशन के अध्यक्ष शहजाद अहमद, संस्था के कोऑर्डिनेटर मनोज कुमार और सुधा पांडे भी मौजूद रहीं।

**सीमावर्ती महाविद्यालय रुपईडीहा बहराइच उ.प्र.**

(संबद्ध- मां पाटेश्वरी विश्वविद्यालय बलरामपुर)

स्ववित्त पोषित योजना अंतर्गत प्राचार्य पद पर आवश्यकता है

प्राचार्य - 01 पद

शैक्षिक योग्यता-यू.जी.सी. /विश्वविद्यालय की परिनियमावली के अनुसार।

वेतनमान-विश्वविद्यालय/ उ.प्र. सरकार के मानकानुसार

इच्छुक अभ्यर्थी विज्ञापन तिथि के 21 कार्य दिवस के अंदर अपने समस्त शैक्षिक अभिलेखों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों दो पासपोर्ट साइज फोटो के साथ साथ स्वयं या महाविद्यालय के पते पर संपर्क करें।

**प्रबंधक**

# समय सीमा के अंदर हो समस्याओं का निस्तारण : योगी

- बच्चों को सीख रूकिताबें पढ़ो, सोशल मीडिया का अत्यधिक प्रयोग न करो
- निवेश और उद्योग विकास में देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नेआज 'जनता दर्शन' में लोगों की समस्याये सुनी और त्वरित समाधान के अफसरों को निर्देश दिए। प्रदेश भर से आए पीड़ितों के पास मुख्यमंत्री स्वयं पहुंचे।

प्रार्थना पत्र लिया और आश्वस्त किया कि सरकार सभी की उचित समस्याओं के निस्तारण के लिए प्रतिबद्ध है। निश्चिंत होकर घर जाइए समस्याओं का निस्तारण होगा। मुख्यमंत्री ने प्रशासनिक व पुलिस अफसरों को निर्देश दिया कि हर समस्या का निस्तारण समय सीमा के अंदर किया जाए। दो उद्यमियों ने अपनी समस्याएं रखीं। मुख्यमंत्री ने प्रार्थना पत्र को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों, विशेषकर उत्तर प्रदेश राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण यूपीसीडा व जिला प्रशासन को समयबद्ध समाधान के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में निवेश का बेहतरीन इकोसिस्टम तैयार किया गया है। सरकार ने सिंगल विंडो सिस्टम सहित कई पारदर्शी व्यवस्थाएं लागू की हैं। उद्यमियों की परेशानी को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। उन्होंने दो टूक कहा कि निवेश और उद्योग विकास में किसी भी प्रकार की देरी या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।कासगंज से आए पीड़ित ने सीएम के समक्ष पुलिस से जुड़ी शिकायत रखी। पीड़ित ने कार्रवाई पर देरी की शिकायत की। सीएम योगी ने पुलिस अधीक्षक को मामले का संज्ञान लेते हुए समस्या के समयबद्ध निराकरण का निर्देश दिया। एक प्रकरण पारिवारिक विवाद से भी जुड़ा आया। अवैध कब्जे की शिकायत पर सीएम ने कहा कि ऐसे मामले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे। उन्होंने पीड़ित को आश्वस्त किया कि नियमानुसार कार्रवाई होगी।

'जनता दर्शन' में अभिभावकों के साथ कुछ बच्चे भी आए थे। मुख्यमंत्री ने बच्चों को चॉकलेट दी और उनसे पढ़ाई के बारे में जानकारी ली। एक बच्चे के पास पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि किताबें पढ़ो। सोशल मीडिया का प्रयोग उतना करो, जितनी आवश्यकता है। अत्यधिक प्रयोग घातक है। सीएम ने मोबाइल का प्रयोग भी कम करने की सलाह दी।

# प्रेरणा कैंटीन : 10 हजार से अधिक महिलाएं बनीं लखपति

- 2100 से अधिक प्रेरणा कैंटीन बन रहीं ग्रामीण महिलाओं की तरक्की का आधार
- हर महिला को कैंटीन से 10 हजार रुपए से अधिक की हो रही मासिक आय



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

उत्तर प्रदेश में ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने की दिशा में शुरू की गई प्रेरणा कैंटीन के बड़े सकारात्मक नतीजे सामने आ रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्रेरणा से शुरू हुई इस योजना से अब तक 10 हजार से अधिक महिलाएं लखपति बन चुकी हैं। प्रदेश के विभिन्न जिलों में संचालित इन कैंटीन से न केवल महिलाओं की आय बढ़ी है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने का मजबूत अवसर भी मिल रहा है।प्रदेश भर में 2100 से अधिक प्रेरणा कैंटीन का संचालन किया जा रहा है, जो ग्रामीण महिलाओं की तरक्की का मजबूत आधार बन रही हैं।

इन कैंटीनों का संचालन स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी महिलाएं कर रही हैं, जिससे उन्हें नियमित आय के साथ रोजगार का स्थायी साधन मिल रहा है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन, रोजगार के नए अवसर और सरकारी योजनाओं का लाभ देकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाया जा रहा है। प्रेरणा कैंटीन का संचालन जिलाधिकारी कार्यालय, मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, विकासखंड कार्यालय के साथ प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। सरकारी कार्यालयों और स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले कर्मचारियों, मरीजों और उनके परिजनों को यहां स्वच्छ और किफायती भोजन उपलब्ध कराया जाता है। इससे जहां लोगों को बेहतर सुविधा मिल रही है, वहीं महिलाओं की आय भी लगातार बढ़ रही है।

## खबरें एक नजर में

### ईद के बाद हो यूपी बोर्ड की कॉपियों का मूल्यांकन : आप

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** आम आदमी पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र सिंह ने योगी आदित्यनाथ सरकार से मांग की है कि यूपी बोर्ड हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य ईद-उल-फित्र के बाद शुरू कराया जाए ताकि शिक्षक अपने धार्मिक पर्व को सम्मानपूर्वक मना सकें। महेंद्र सिंह ने कहा कि जिस प्रकार हिंदू समाज के लिए होली और दीवाली अत्यंत महत्वपूर्ण और बड़े पर्व होते हैं, उसी प्रकार मुस्लिम समाज के लिए ईद भी बेहद पवित्र और महत्वपूर्ण त्योहार है। सरकार का दायित्व है कि वह सभी धर्मों और समुदायों की भावनाओं का समान रूप से सम्मान करे और ऐसा कोई निर्णय न ले जिससे किसी समुदाय को अपने त्योहार मनाने में असुविधा हो। वर्तमान में उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा मूल्यांकन कार्य 18 मार्च से शुरू कराने की तैयारी की जा रही है, जबकि इसी अवधि में 20 मार्च को अलविदा जुमे की नमाज और 21 मार्च को ईद-उल-फित्र का महत्वपूर्ण पर्व पड़ रहा है। मूल्यांकन कार्य के दौरान अक्सर सार्वजनिक अवकाश निरस्त कर दिए जाते हैं और रविवार को भी कॉपियों की जांच कराई जाती है। ऐसी स्थिति में हजारों शिक्षक, विशेषकर मुस्लिम शिक्षक, अपने सबसे बड़े धार्मिक पर्व को परिवार और समाज के साथ पूरी तरह से नहीं मना सकेंगे। यह शिक्षकों की भावनाओं की अनदेखी है और सामाजिक समरसता की दृष्टि से भी उचित नहीं है। सरकार को व्यावहारिक निर्णय लेते हुए यूपी बोर्ड की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कार्य ईद के बाद शुरू कराने का निर्णय लेना चाहिए ताकि सभी शिक्षक अपने त्योहार को हर्षोल्लास के साथ मना सकें और मूल्यांकन कार्य बेहतर ढंग से संपन्न हो सके।

### किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** राजधानी के बंथरा थाना क्षेत्र में एक किसान की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उसका शव मफलर के फंदे के सहारे कमरे में लटक रहा था। आधी रात बेटी जागी तो उसने यह देख चिल्लाना शुरू कर दिया। मृतक की पहचान बंथरा के भदोई गांव निवासी 45 वर्षीय जोगेंद्र रावत के रूप में हुई है। जोगेंद्र खेती का काम करते थे। पुलिस ने सूचना मिलने पर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा और मामले की जांच शुरू की। बताया जा रहा है कि जोगेंद्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या की है। वह अपनी पत्नी सुदेवी, बेटियों पूनम (24), सौम्या (13) और बेटे आदित्य (15) के साथ रहते थे। उनकी एक बड़ी बेटी रूबी विवाहित है। रविवार रात परिवार के सभी सदस्यों ने खाना खाया और अपने-अपने कमरों में सो गए। जोगेंद्र प्रतिदिन की तरह घर के अगले कमरे में सोए थे, जिसमें दरवाजे नहीं थे। रात करीब 12 बजे उनकी बेटी पूनम की नींद खुली। उसने देखा कि जोगेंद्र कमरे के अंदर पंखे से मफलर के सहारे लटके हुए थे। पूनम ने यह देख चीखना-चिल्लाना शुरू कर दिया। उसके बाद घर में कोहराम मच गया। परिजनों ने तत्काल ग्राम प्रधान कार्मेंद्र मौर्य को घटना की जानकारी दी। ग्राम प्रधान ने पुलिस को सूचित किया। सूचना मिलने पर पुलिस रात में ही मौके पर पहुंची, शव को नीचे उतारा और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया। पुलिस के अनुसार, घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। आत्महत्या के कारणों का अभी तक पता नहीं चल पाया है। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि मृतक शराब पीने का आदी था। पुलिस मामले की आगे की जांच कर रही है।

### 9वीं रमजान पर गिलीम का जुलूस निकाला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** पुराने लखनऊ में अकीदत और नम आंखों से 19वीं रमजान पर गिलीम (कंबल के ताबूत) का जुलूस निकाला गया। 4 किलोमीटर लंबे जुलूस में शिया समुदाय के करीब 25 हजार लोग शामिल हुए। पुरुष-महिलाओं और बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी काले कपड़े पहने नजर आए। उनके बीच ताबूत को एक नजर देखने, छूने और चूमने की होड़ मची रही। जुलूस निकलने से पहले सआदतगंज स्थित कूफा मस्जिद में मजलिस हुई। नमाज अदा की गई। शिया समुदाय के लोगों ने दुआ मांगी। फिर जुलूस शुरू हुआ। जुलूस टूरियागंज, सरकटा नाला, बिल्लौचपुरा होते हुए चौक स्थित पाटा नाला इमामबाड़ा तकि जैदी पहुंचकर समाप्त हुआ। जुलूस में सुरक्षा के मद्देनजर चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा। आरएएफऔर सीआरपीएफने मोर्चा संभाले रखा। ड्रोन और सीसीटीवी कैमरों से निगरानी हुई। जिन रास्तों से जुलूस निकला, वहां इमारतों की छत पर पुलिसकर्मी तैनात रहे। बता दें कि 19वीं रमजान को हजरत अली जब नमाज के लिए मस्जिद पहुंचे तो उनके ऊपर पहला तलवार से हमला हुआ था। इसके बाद 21वें रमजान को हजरत अली शहीद हो गए थे। उसी घटना को याद करते हुए जुलूस निकाला जाता है।

### केजीबीवी वार्डनों के लिए विशेष प्रशिक्षण शुरू

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सीएम योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार बालिका शिक्षा को सुरक्षित और सशक्त बनाने की दिशा में लगातार कदम उठा रही है। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों केजीबीवी में अध्ययनरत बेटियों के लिए सुरक्षित, अनुशासित और प्रेरक आवासीय वातावरण के उद्देश्य से प्रतापगढ़, गाजियाबाद और अयोध्या में वार्डनों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू है। छात्रावास प्रबंधन, बालिका सुरक्षा और नेतृत्व क्षमता से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। यह प्रशिक्षण एनआईईपीए तथा भारत सरकार के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण के उद्घाटन सत्र में वार्डनों की भूमिका, दायित्वों और छात्रावास प्रबंधन से जुड़े महत्वपूर्ण पहलुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय से अंडर सेक्रेटरी रामनिवास ऑनलाइन माध्यम से जुड़े रहे। इस अवसर पर एनआईईपीए की ट्रेनिंग कोऑर्डिनेटर एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. सांत्वना मिश्रा तथा उनकी टीम भी प्रशिक्षण सत्र में शामिल हुई। गाजियाबाद और अयोध्या में प्रथम बैच 9 मार्च से 13 मार्च तक आयोजित किया जा रहा है, जिसके बाद क्रमशः 16 से 20 मार्च, 23 से 27 मार्च तथा 28 मार्च से 1 अप्रैल तक अन्य बैच आयोजित किए जाएंगे।

# पात्र लाभार्थियों को मिले योजनाओं का लाभ : नरेन्द्र कश्यप

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

- योजनाओं की सफलता का वास्तविक पैमाना तभी तय होता है जब उसका सीधा लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे



योगी सरकार दिव्यांगजन एवं पिछड़ा वर्ग के सर्वांगीण सशक्तीकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए योजनाबद्ध और परिणामोन्मुखी ढंग से कार्य कर रही है। इसी क्रम में सोमवार को सचिवालय स्थित नवीन भवन में प्रदेश के पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेन्द्र कश्यप की अध्यक्षता में योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई।

बैठक में विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की प्रगति, वित्तीय उपलब्धियां तथा लाभार्थियों तक पहुंच की स्थिति का आकलन किया गया मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पारदर्शी, समयबद्ध और प्रभावी ढंग से पहुंचना चाहिए।

योगी सरकार की प्राथमिकता है कि समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का वास्तविक लाभ पहुंचे।

इस प्रक्रिया में किसी भी स्तर पर लापरवाही या शिथिलता स्वीकार नहीं की जाएगी।

बैठक के दौरान डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय, लखनऊ तथा जगदुरु रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय, चित्रकूट की प्रगति की समीक्षा की गई।

मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने कहा कि ये दोनों विश्वविद्यालय दिव्यांगजन के लिए उच्च शिक्षा के महत्वपूर्ण केंद्र हैं और इन्हें और अधिक सुदृढ़ बनाने की आवश्यकता है।


अधिकारियों को निर्देश दिए कि मंडल स्तर पर कार्यशालाएं, जागरूकता कार्यक्रम और प्रचार-प्रसार अभियान चलाकर इन विश्वविद्यालयों की शैक्षणिक सुविधाओं, पाठ्यक्रमों और अवसरों की जानकारी दिव्यांग छात्रों तक पहुंचाई जाए, ताकि अधिक से अधिक छात्र-छात्राएं उच्च शिक्षा से जुड़ सकें।

इसके साथ ही उन्होंने दोनों विश्वविद्यालयों में रिक्त शिक्षकीय पदों पर शीघ्र नियुक्ति करने तथा निर्माणाधीन परियोजनाओं को निर्धारित समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री कश्यप ने कहा कि योजनाओं की सफलता का वास्तविक पैमाना तभी तय होता है जब उसका सीधा लाभ पात्र व्यक्तियों तक पहुंचे।

उन्होंने जनपद स्तर पर नियमित समीक्षा बैठकें कर अपेक्षित प्रगति न करने वाले जनपदों में जिलाधिकारियों के साथ समन्वय स्थापित कर कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। राज्य निधि का उपयोग संवेदनशीलता के साथ दिव्यांगजनों के हित में किया जाए। राज्य आयुक्त, दिव्यांगजन द्वारा न्यायालयों में लंबित मामलों और उनके निस्तारण की स्थिति की भी विस्तृत समीक्षा उपरान्त मंत्री कश्यप ने दिशा निर्देश दिये।

# राहुल की नागरिकता मामले में हुई सुनवाई

- लखनऊ हाईकोर्ट बेंच ने केंद्र सरकार से मांगा ब्यौरा, 19 मार्च को होगी अगली सुनवाई



लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

रायबरेली सांसद और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की ब्रिटिश नागरिकता से जुड़े मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच में सुनवाई हुई। न्यायमूर्ति राजीव सिंह की एकल पीठ इस मामले पर सुनवाई किया, जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार से जांच की वर्तमान स्थिति पर पक्ष रखने की उम्मीद है।

हाई कोर्ट की सिंगल बेंच में सुनवाई के दौरान राज्य सरकार के वकील की तरफसे कहा गया यह पूरा मामला केंद्र सरकार के अधीन है। इस मामले को लेकर पहले भी करवाई और सुनवाई हुई थी। इस पर जस्टिस ने कहा कि केंद्र सरकार की वकील अपना पक्ष रखें। जस्टिस के कहने के बाद केंद्र सरकार के अधिवक्ता ने पक्ष रखते हुए कहा कि साल 2019 में भी इस बारे मामले को लेकर करवाई और शिकायत की डिटेल दाखिल की गई थी। जस्टिस ने केंद्र सरकार की तरफ से वकील से कहा कि पूरे मामले में अब तक की गई कार्रवाई का ब्यौरा है। उन्होंने अभी नहीं होने की जानकारी दी। इस पर जस्टिस ने 19 मार्च तक की कोर्ट को उपलब्ध कराया जाए। इसके बाद कोर्ट अपना फैसला लेगा।

# जलभराव से परेशान व्यापारियों ने नगर निगम मुर्दाबाद के लगाए नारे

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

राजधानी के सरोजनीनगर में व्यापारी नगर निगम और नगर आयुक्त से काफी नाराज हैं। सोमवार जमकर प्रदर्शन करते हुए मुर्दाबाद के नारे लगाए। उनका कहना है कि दुकानों के सामने गंदगी और जलभराव से बिक्री प्रभावित हो रही है। प्रदर्शन बाग नंबर-3 के व्यापारियों ने किया। उत्तर प्रदेश जनहित व्यापार मंडल एयरपोर्ट शाखा के बैनर तले व्यापारियों ने एयरपोर्ट वीआईपी तिराहे के पास इकट्ठा होकर नगर निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की।

व्यापारियों का कहना है कि उन्होंने इस गंदगी को हटवाने और नाले का पानी बाहर उफनाए रहने की शिकायत कई बार की। न नगर आयुक्त ने शिकायत सुनी और न ही निगम में कहीं पर सुनी जा रही है। इसीलिए उनके खिलाफ प्रदर्शन जरूरी है। व्यापारियों का आरोप है कि बाग नंबर-2 स्थित ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो स्टेशन से लेकर नादरगंज तक कानपुर रोड किनारे बने नाले की लंबे समय से उचित सफाई नहीं कराई गई है। इसके कारण नाला उफनाकर उसका गंदा पानी दुकानों के सामने सड़क पर भर जाता है, जिससे दुर्गंध फैल रही है और व्यापारियों और राहगीरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। व्यापार मंडल के एयरपोर्ट शाखा अध्यक्ष पवन तिवारी ने बताया कि इस समस्या को लेकर करीब 15 दिन पहले नगर निगम जोन-5 कार्यालय में ज्ञापन दिया गया था।



**जलभराव के कारण दुकानों के सामने की स्थिति बदतर**

शाखा के उपाध्यक्ष शिवम गुप्ता ने बताया कि नाले के ऊपर पत्थर न होने के कारण कई बार लोग गिरकर घायल भी हो चुके हैं। लगातार जलभराव के कारण दुकानों के सामने की स्थिति बदतर हो गई है, जिससे व्यापार बुरी तरह प्रभावित हो रहा है। शिवम ने कहा नगर निगम पता नहीं किस तरह की सफाई में नंबर-1 है। अगर असलियत देखी जाए तो 10वें नंबर पर भी नहीं आएगा। हमने जोनल अधिकारी को लिखित ज्ञापन दिया। उसके बाद से वह देखने भी नहीं आए। बताते हैं कि हम बीमार हैं। पता नहीं उनको कौन-सी बीमारी लग गई है। व्यापारियों का कहना है कि कई बार शिकायत और ज्ञापन देने के बावजूद नगर निगम की ओर से न तो नाले की सफाई कराई गई और न ही जल निकासी की कोई स्थायी व्यवस्था की गई। प्रदर्शन कर रहे व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द समस्या का समाधान नहीं किया गया तो वे उग्र आंदोलन करने को मजबूर होंगे।

अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि संबंधित जोनल अधिकारी बीमारी का बहाना बनाकर समस्या से बच रहे हैं।

# युद्ध जैसे हालात में देश के सामने नई चुनौतियां खड़ी : अखिलेश

- ऐसे संकट के समय संसद व सरकार की प्राथमिकताएं उसी के अनुरूप तय हों

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि जब संसद के बजट सत्र का अंतराल हुआ था तब परिस्थितियां अलग थीं, लेकिन आज युद्ध जैसे हालात बन जाने के कारण देश के सामने नई चुनौतियां खड़ी हो गई हैं। ऐसे संकट के समय संसद और सरकार की प्राथमिकताएँ भी उसी के अनुरूप तय होनी चाहिए।

सोमवार को सोशल मीडिया के जरिये अखिलेश यादव ने कहा कि इस समय सबसे पहले युद्ध की स्थिति में भारत का स्पष्ट पक्ष और राय सामने रखने की जरूरत है। इसके साथ ही विदेश नीति को किसी दबाव में गिरवी रखने का सवाल भी गंभीर है। उन्होंने कहा कि भारत की परंपरागत स्वतंत्र विदेश नीति हमेशा देशहित को ध्यान में रखकर चलती रही है।

अखिलेश यादव ने कहा कि तेल जैसी महत्वपूर्ण आपूर्ति के मामले में भी भारत को आत्मनिर्णय का अधिकार होना चाहिए। यदि किसी विदेशी दबाव या अमेरिकी आदेश के आधार पर निर्णय लिये जाते हैं तो इससे देश की संप्रभुता और



आत्मनिर्भरता पर सवाल उठते हैं।

सपा प्रमुख ने यह भी कहा कि युद्ध से प्रभावित क्षेत्रों में काम कर रहे या पर्यटक के रूप में गये भारतीय नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करना सरकार की सबसे बड़ी जिम्मेदारी है। वहाँ फँसे सभी भारतीयों को सुरक्षित और शीघ्र भारत वापस लाने के लिए ठोस कदम उठाए जाने चाहिए। सपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री के साथ विदेश दौरे पर गए कुछ पत्रकार और मीडियाकर्मी भी युद्ध शुरू होने के कारण वापस नहीं लौट पाए हैं। सरकार को उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करते हुए उन्हें सुरक्षित देश वापस लाने की व्यवस्था करनी चाहिए।

अखिलेश यादव ने यह भी कहा कि युद्ध की स्थिति में आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित होने का खतरा बढ़ जाता है। इसलिए सरकार को जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति नियमित और सुनिश्चित रखने के साथ-साथ उनके बढ़ते दामों को नियंत्रित करने के लिए प्रभावी कदम उठाने चाहिए, ताकि आम जनता पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न पड़े।

# 69000 शिक्षक भर्ती मामला : अभ्यर्थियों ने बेसिक शिक्षा निदेशालय का किया घेराव

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

लखनऊ में 69000 शिक्षक भर्ती को लेकर अभ्यर्थियों ने बेसिक शिक्षा निदेशालय का घेराव किया। प्रदर्शन कर रहे अभ्यर्थियों का आरोप है कि इस मामले में सरकार की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की जा रही है, जिसके कारण मामला लगातार लटकता जा रहा है। उनका कहना है कि इस प्रकरण की अगली सुनवाई 19 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में होनी है, लेकिन सरकार की सक्रियता न होने से तारीख पड़ रही है। अभ्यर्थियों का नेतृत्व कर रहे धनंजय गुप्ता ने कहा कि सरकार की ओर से मामले के निस्तारण के लिए कोई मजबूत प्रयास नहीं किया जा रहा है। इसी वजह से सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई आगे बढ़ती जा रही है और अभ्यर्थियों को न्याय मिलने में देरी हो रही है। आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों का कहना है कि इस मामले में राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग की रिपोर्ट, मुख्यमंत्री द्वारा गठित जांच समिति की रिपोर्ट और लखनऊ हाईकोर्ट की डबल बेंच का फैसला भी उनके पक्ष में है। 19 मार्च को सुप्रीम कोर्ट में होने वाली सुनवाई उनके लिए बेहद अहम है।उन्होंने चेतावनी दी है कि अगर सरकार ने अपना रुख स्पष्ट नहीं किया तो वे परिवार के साथ सड़कों पर उतरकर बड़ा आंदोलन करने को मजबूर होंगे। अब इंतजार की सीमा खत्म हो चुकी है और वे न्याय के लिए हर स्तर पर संघर्ष जारी रखेंगे।यह भर्ती मामला 2018 से चल रहा है और आरक्षण नीति से जुड़े विवादों के कारण बार-बार कोर्ट में अटका हुआ है।अभ्यर्थियों का कहना है कि लंबी कानूनी प्रक्रिया से उनकी जिंदगी प्रभावित हो रही है और वे अब त्वरित समाधान की मांग कर रहे हैं।

### मौलाना सलीम का पुतला फूंका, गिरफ्तारी की मांग

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बिहार के एक मौलाना द्वारा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां को लेकर की गई कथित अभद्र टिप्पणी के विरोध में सोमवार को लखनऊ के हजरतगंज चौराहे पर सर्व समाज के लोगों ने विरोध प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मां के खिलाफ की गई टिप्पणी बेहद आपत्तिजनक है और इससे समाज की भावनाएं आहत हुई हैं। विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रदर्शनकारियों ने मौलाना सलीम का पुतला दहन किया। इस दौरान मौके पर मौजूद लोगों ने सरकार से मांग की कि मामले में सख्त कार्रवाई करते हुए संबंधित मौलाना को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाए। आरोपी के खिलाफ तत्काल कार्रवाई की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाएं दोबारा न हों।

**सराहनीय** | योगी सरकार में डेटा सेंटर पॉलिसी से डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूती

# डेटा इकॉनामी की नई राजधानी बन रहा उत्तर प्रदेश

- 2030 तक प्रदेश में पांच गीगावाट क्षमता वाले बड़े डेटा सेंटर क्लस्टर का लक्ष्य

समृद्धि न्यूज, लखनऊ।

उत्तर प्रदेश तेजी से देश की उभरती डेटा इकॉनामी का प्रमुख केंद्र बनता जा रहा है। योगी सरकार की डेटा सेंटर नीति और हालिया घोषणाओं के चलते प्रदेश में डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर का दायरा लगातार बढ़ रहा है।

फरवरी 2026 में विधानसभा के बजट सत्र के दौरान सरकार ने राज्य में बड़े पैमाने पर डेटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने और स्टेट डेटा सेंटर अथॉरिटी के गठन की घोषणा की। इसका उद्देश्य डेटा सेंटर उद्योग के विकास को संस्थागत ढांचा प्रदान करना और निवेश प्रक्रिया को और अधिक तेज करना है।

योगी सरकार ने वर्ष 2030 तक प्रदेश में 5 गीगावाट क्षमता वाले 4 से 5 बड़े डेटा सेंटर क्लस्टर विकसित करने का लक्ष्य रखा है। यह लक्ष्य उत्तर प्रदेश को देश के प्रमुख डेटा स्टोरेज और क्लाउड सेवाओं के केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। तेजी से बढ़ते डिजिटल उपयोग, क्लाउड सेवाओं की मांग और डेटा लोकलाइजेशन की नीति के बीच डेटा सेंटर उद्योग का महत्व लगातार बढ़ रहा है।



प्रदेश सरकार की योजना के अनुसार लगभग 30 हजार करोड़ रुपये के निवेश से 8 डेटा सेंटर पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनकी कुल क्षमता 900 मेगावाट होगी। कई परियोजनाओं पर काम भी आगे बढ़ चुका है। सरकार की ओर से अब तक 8 परियोजनाओं को लेटर ऑफ कम्फर्ट जारी किया जा चुका है, जिनमें 6 डेटा सेंटर पार्क और 2 डेटा सेंटर इकाइयां शामिल हैं। इन परियोजनाओं के माध्यम से प्रदेश में 21,342 करोड़ रुपये के निवेश और 644 मेगावाट की क्षमता सुनिश्चित हो चुकी है। यह प्रगति इस बात का संकेत है कि उत्तर प्रदेश में में डेटा सेंटर सेक्टर तेजी से गति पकड़ रहा है और बड़ी टेक कंपनियां यहां निवेश को लेकर रुचि दिखा रहीं हैं।

आईटी विशेषज्ञ प्रदीप यादव का कहना है कि डेटा सेंटर उद्योग के विस्तार से केवल डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर ही मजबूत नहीं होगा, बल्कि इससे आईटी, क्लाउड सेवाओं, नेटवर्किंग और तकनीकी सेवाओं से जुड़े क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर भी पैदा होंगे। इसके साथ ही यूपी में स्टार्टअप और डिजिटल सेवाओं के लिए भी मजबूत आधार तैयार होगा। 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में कोई डेटा सेंटर स्थापित नहीं था।

योगी सरकार के सत्ता में आने के बाद पिछले कुछ वर्षों में स्थिति तेजी से बदली है। प्रदेश में नीति आधारित प्रोत्साहन, बेहतर कनेक्टिविटी और निवेश अनुकूल माहौल के कारण डेटा सेंटर मामले में लगातार प्रगति हो रही है, जबकि कई परियोजनाएं निर्माण और प्रस्तावित चरण में हैं। सरकार का मानना है कि डेटा सेंटर क्लस्टर और स्टेट डेटा सेंटर अथॉरिटी के गठन से निवेश प्रक्रिया में पारदर्शिता और गति आएगी।

# 'नो टोबैको प्लेज' में यूपी देश में अव्वल

लखनऊ, समृद्धि न्यूज।

- टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 का मुख्य उद्देश्य तंबाकू मुक्त पीढ़ी का निर्माण

तंबाकू के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाने और युवाओं को तंबाकू के सेवन से दूर रखने के उद्देश्य से चलाए जा रहे राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम एनटीसीपी के अंतर्गत उत्तर प्रदेश ने एक बार फिर देश में पहला स्थान हासिल किया।

केंद्र सरकार के टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 के तहत आयोजित ऑनलाइन 'नो टोबैको प्लेज' अभियान में वर्ष 2025-26 के दौरान उत्तर प्रदेश ने पूरे देश में सबसे ज्यादा भागीदारी दर्ज की।

इस सूची में उत्तर प्रदेश के बाद हरियाणा दूसरे, राजस्थान तीसरे और दिल्ली चौथे स्थान पर रही। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण के इस अभियान में उत्तर प्रदेश की यह उपलब्धि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दिशा निर्देशों के सफल क्रियान्वयन का परिणाम है।

उत्तर प्रदेश ने पिछले वर्ष 2024-25 में भी टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 2.0 के दौरान ऑनलाइन 'नो टोबैको प्लेज' में देश में शीर्ष स्थान हासिल किया था। लगातार दूसरे वर्ष यह उपलब्धि राज्य के युवाओं, स्कूलों, स्वास्थ्य विभाग और तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की टीम के संयुक्त प्रयासों से संभव हुई है।

टोबैको फ्री यूथ कैंपेन 3.0 की शुरुआत 9 अक्टूबर 2025 से हुई थी। राष्ट्रीय अभियान शिक्षा और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के संयुक्त प्रयास से संचालित किया गया। अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं को तंबाकू के हानिकारक प्रभावों के प्रति जागरूक करना, उन्हें तंबाकू का उपयोग न करने की शपथ लेने के लिए प्रेरित करना और तंबाकू मुक्त पीढ़ी का निर्माण करना है। इस अभियान के तहत स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में जागरूकता कार्यक्रम, शिक्षकों का प्रशिक्षण, तंबाकू मुक्त संस्थानों की घोषणा,ऑनलाइन शपथ जैसी गतिविधियां आयोजित की गईं। उत्तर प्रदेश में अभियान को व्यापक जनभागीदारी के साथ सफल बनाया गया। एनसीसी, एनएसएस, स्काउट-गाइड तथा विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों के विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भागीदारी कर ऑनलाइन शपथ ली। लोगों को तंबाकू की लत छोड़ने में सहायता के लिए विभिन्न सेवाएं संचालित की गईं। केंद्र सरकार के तंबाकू मुक्त भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में यूपी की उपलब्धि मील का पत्थर साबित हो रही है।

# महिलाओं की समस्याओं के त्वरित समाधान को राज्य महिला आयोग प्रतिबद्धः सुजीता

**विकास भवन में जनसुनवाई, सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण, कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम आयोजित**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



राज्य महिला आयोग की सदस्य सुजीता कुमारी द्वारा सोमवार को जनपद का भ्रमण कर महिलाओं की समस्याओं के समाधान एवं महिला सशक्तिकरण से जुड़े विभिन्न कार्यक्रमों में प्रतिभाग किया गया।

सुबह विकास भवन सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम मे एसडीएम जीत सिंह राय द्वारा सदस्य को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका स्वागत किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा ने सदस्य की अनुमति से जनसुनवाई प्रारंभ की। इसके बाद राज्य महिला आयोग सदस्य ने महिलाओं की शिकायतों को गंभीरता से सुना। सुनबाई के दौरान 7 मामले घरेलू हिंसा के, 3 मामले जमीनी विवाद के, 1 मामला छेड़छाड़ का 2 मामले अपहरण के 1 मामला समूहिक विवाह का तथा 1 मामला यौन शोषण और 1 मामला अभद्र व्यवहार सहित कुल मिलाकर 18 शिकायतें प्राप्त हुई तथा संबंधित विभागों के अधिकारियों को समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि महिलाओं को न्याय दिलाना एवं उनकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित करना आयोग की प्राथमिकता है। जनसुनवाई कार्यक्रम के उपरांत महिला आयोग की सदस्य ने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान में जनपद को चौथी रैंक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिये संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह व प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। जनसुनवाई कार्यक्रम में उपजिलाधिकारी जीत सिंह राय, जिला विकास अधिकारी ऋषि पाल सिंह, पुलिस विभाग से सीओ इशिका सिंह, जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी, उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर मोहम्मद आसिफ, महिला थाना प्रभारी रश्मि,जिला सूचना अधिकारी बाबूराम, एसडीओ प्रभारी महेंद्र सिंह, महिला मोर्चा लखीमपुर की पदाधिकारी आरती भदोरिया, ओंकार सिंह आदि स्टाफ उपस्थित रहा। इसके पश्चात उन्होंने सखी वन स्टॉप सेंटर का निरीक्षण कर पीड़ित महिलाओं को प्रदान की जा रही सेवाओं की जानकारी प्राप्त की तथा अधिकारियों को निर्देशित किया कि जरूरतमंद महिलाओं को संवेदनशीलता के साथ समयबद्ध सहायता उपलब्ध कराई जाए। अपराह्न 3:00 बजे अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर विकास खंड निगोही में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, आशा बहुओं एवं स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत कन्या जन्मोत्सव कन्या कार्यक्रम बनाकर कन्याओं को प्रोत्साहित किया गया कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में श्रीजी, ज्योति, रोशनी, नाभिया, जेहरा फातिमा, आव्या, रूही, आर्या, प्रिया, किंजल को उपहार स्वरूप बेबी किट दी गई। इसके उपरांत आईसीडीएस विभाग द्वारा चंदा व सुनीता की गोद भराई कार्यक्रम तथा श्रेया व शिवानी का अन्नप्राशन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। कार्यक्रम में सदस्य द्वारा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की सभी को बधाई दी एवं महिलाओं को शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करते हुए समाज में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया। इस अवसर पर तिलहर विधानसभा क्षेत्र की विधायक सलोना कुशवाहा उपस्थित रही। उन्होंने सभी महिलाओं को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी एवं महिलाओं को जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान ब्लॉक प्रमुख भानु प्रताप सिंह, जिला प्रोवेशन अधिकारी गौरव मिश्रा, जिला कार्यक्रम अधिकारी अरविंद रस्तोगी, खंड विकास अधिकारी पुनीत पाठक, रजनी सिंह जिला मंत्री एवं प्रांतीय परिषद के सदस्य भाजपा,संरक्षण अधिकारी निकेत कुमार सिंह, प्रोजेक्ट कोऑर्डिनेटर विनय शर्मा, जिला मिशन कोऑर्डिनेटर अमृता दीक्षित, जेंडर स्पेशलिस्ट रश्मि, सीडीपीओ स्नेह लता, बीसी रवि कुमार, मुख्य सेविका सीमा सिंह, आंगनबाड़ी सुनहरा बानो व मनोरमा देवी आदि उपस्थित रहे।

## पेपर देने जा रहे दो छात्र सड़क हादसे में घायल

**पुवायां, शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र का रहने वाला अंकुश अपने बड़े भाई शिव शंकर के साथ मोटरसाइकिल से बिलसंडा के स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज में 12वीं की परीक्षा देने जा रहे थे। इसी दौरान कैथ मोड के पास तेज रफ्तार से आ रहे ई रिक्शा से उनकी बाइक से टक्कर हो गई। टक्कर लगने से दोनों भाई गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि ई रिक्शा चालक ई रिक्शा लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों के द्वारा एम्बुलेंस को सूचना दी गई। सूचना पर पहुंची 102 एंबुलेंस की मदद से दोनों भाइयों को पुवायां के सरकारी अस्पताल लाया गया। लेकिन डॉक्टर ने दोनों छात्रों की हालत गंभीर। देखते हुए उन्हें मेडिकल कॉलेज के लिए भेज दिया है।

## बीडीओ ने मिशन कायाकल्प को मजबूत करने का दिया भरोसा

**हमारा आंगन, हमारे बच्चे' कार्यक्रम का आयोजन**



**बंडा, शाहजहांपुर।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के दिशा-निर्देशों के अनुरूप बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा ब्लॉक संसाधन केंद्र बंडा पर खंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार के नेतृत्व में हमारा आंगन, हमारे बच्चे÷ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ खंड विकास अधिकारी विजयकांत मिश्र ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर किया। समस्त एआरपी टीम ने निपुण भारत मिशन के तहत पूर्व-प्राथमिक व प्राथमिक कक्षाओं की संरचना व भूमिका पर विस्तृत जानकारी साझा की। खंड शिक्षा अधिकारी नवीन कुमार ने आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों व सहायिकाओं को पूर्व-प्राथमिक स्तर पर विभागीय शिक्षण योजनाओं के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रेरित किया। मुख्य अतिथि बीडीओ विजयकांत मिश्र ने विद्यालयों को सुंदर आकार देने वाले मिशन कायाकल्प को और प्रभावी बनाने का आश्वासन दिया।कार्यक्रम के अंत में बीडीओ ने उत्कृष्ट ग्राम प्रधान फतेहचंद्र वर्मा, आंगनवाड़ी सुपरवाइजर प्रीति गौतम व कोमल को मोमेंटो भेंट किया गया। उपस्थित नौनिहालों को पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया तथा उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। मंच संचालन पीटीआई वीरपाल सिंह यादव ने किया। कार्यक्रम की सफलता में एआरपी सुनील कुमार, संजीव कुमार, वीरपाल, राममूर्ति, स्नेहलता गौतम तथा शिक्षक शैलेंद्र चौहान, नरेशचंद्र श्रीवास्तव, संतोष शुक्ला, हरीश गंगवार, आदेश अवस्थी, कुलदीप शुक्ला, गुरमेल सिंह, अनुपम सिंह, आदि शामिल रहे।

## सर्व समाज होली मिलन समारोह का आयोजन

**एडीजी रमित शर्मा, डीएम, एसपी ने किया प्रतिभाग**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



बिजलीपुरा स्थित एक मैरिज में सर्व समाज होली मिलन समारोह का आयोजन शहर निवासी संजय गुप्ता पाइप वाले की ओर से किया गया। जिसमें एडीजी बरेली जोन रमित शर्मा सहित जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने प्रतिभाग किया।

होली पर्व के उपलक्ष्य में होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। जिसमें एडीजी बरेली जोन बरेली रमित शर्मा, जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह, पुलिस अधीक्षक राजेश द्विवेदी, नगर आयुक्त डा. बिपिन मिश्रा, अपर पुलिस अधीक्षक नगर देवेंद्र कुमार, विधायक चेतराम एडवोकेट सहित तमाम लोगों ने प्रतिभाग किया गया। कार्यक्रम में आगमन पर आयोजकों द्वारा सभी विशिष्ट अतिथियों का पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। तत्पश्चात एडीजी बरेली जोन द्वारा भगवान श्रीकृष्ण एवं राधारानी जी की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया गया। दीप प्रज्वलन के साथ ही कार्यक्रम का वातावरण पूर्णतः उत्सवी एवं आध्यात्मिक भाव से परिपूर्ण हो गया। इस अवसर पर उपस्थित सभी अतिथियों ने एक-दूसरे को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए आपसी प्रेम, भाईचारे, सामाजिक सद्भाव एवं समरसता का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न गणमान्य नागरिकों, समाजसेवियों, व्यापारियों एवं क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्तियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही, जिससे कार्यक्रम का वातावरण अत्यंत उत्साहपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण बना रहा। होली मिलन समारोह के दौरान उपस्थित अतिथियों ने समाज में आपसी सहयोग, एकता एवं सौहार्द को बढ़ावा देने पर बल देते हुए कहा कि होली का पर्व आपसी मतभेदों को भुलाकर प्रेम, सद्भाव और भाईचारे के साथ मिलजुलकर मनाने का संदेश देता है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर आयोजक संजय गुप्ता (पाइप वाले) द्वारा सभी विशिष्ट अतिथियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया तथा उनके प्रति आभार व्यक्त किया गया। समारोह में पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष वीरेंद्र पाल सिंह यादव, सांसद आंवला नीरज मौर्या, ब्लाक प्रमुख भानु प्रताप सिंह सहित तमाम लोग शामिल हुए।

## खबरें एक नजर में

### लाइब्रेरी का वित्तमंत्री और सांसद ने किया शुभारंभ



**शाहजहांपुर।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर निगोही रोड अशोक विहार सम्राट अशोक पार्क के पास नवनिर्मित द अशोका लाइब्रेरी का वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना और सांसद अरुण कुमार सागर ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर छात्रों एवं उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने कहा की लाइब्रेरी की स्थापना करने से समाज में शैक्षिक क्षेत्र में उन्नति होती है और युवा वर्ग अध्ययनशील होता है। सांसद अरुण कुमार सागर ने कहा कि लाइब्रेरी की स्थापना समाज सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण कार्य है और पंचशील सोसायटी की टीम बधाई की पात्र है। इससे क्षेत्र के युवाओं को विशेष लाभ मिलेगा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख राजाराम वर्मा, जिला विकास अधिकारी ऋषिपाल सिंह, सरदार पटेल हिंदू इंटर कॉलेज के प्रबंधक राजीव खन्ना आर्य कन्या इंटर कॉलेज के प्रबंधक सुशील अग्रवाल, एसपी कॉलेज के प्रधानाचार्य संजय कपूर, पूर्व दर्जा राज्य मंत्री सुरेंद्रनाथ वाल्मीकि, विनोद कनौजिया, सुनील कुमार, सुमित कुमार, लाइब्रेरी के प्रबंधक प्रियांशु उपासक, उप प्रबंधक दिव्यांशु, सुरेंद्र वर्मा, विशाल सिंह गौरव, भारतीय बौद्ध महासभा के प्रांतीय संयुक्त मंत्री महेंद्र सिंह दिनकर, रेलवे इंटर कॉलेज के प्रवक्ता कन्हैयालाल, समाज सेवी भगवत राम आदि बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे पंचशील सोशल वेलफेयर सोसाइटी के अध्यक्ष राम सिंह व सचिव नीतू सिंह ने सभी का आभार जताया।

### भारत के जीतने पर क्रिकेट प्रेमियों ने मनाया जश्न

**रोजा, शाहजहांपुर।** भारत–न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मैच खेला जा रहा था। वर्ल्ड कप फाइनल जीतने के बाद जैसे ही अंतिम विकेट गिरा। रोजा जंक्शन रेलवे कॉलोनी प्रेम नगर कॉलोनी स्टेशन कॉलोनी चर्च कॉलोनी आदर्श नगर कॉलोनी हथोड़ा, गांव आनंदपुरम कॉलोनी में बाजार में क्रिकेट प्रेमियों ने जमकर अनार, पटाखे छुड़ाए और एक दूसरे का मुंह मीठा कराया। एक दूसरे को जीतने की बधाई दी। सुबह से ही भारत और न्यूजीलैंड के मैच के अटकलें तेज हो गई थी। कोई कह रहा था अभिषेक शर्मा चलेगा तो कोई कह रहा था संजीव चलेंगे तो कोई कह रहा था पहले बैटिंग कर तो इतने रन बनाए कोई कह रहा था टॉस जीते तो पहले बैटिंग करें इतने रन बनाए। लेकिन न्यूजीलैंड ने टॉस जीतने के बाद भारत को पहले बैटिंग करने के लिए आमंत्रित किया और भारत के बल्लेबाजों ने एक विकेट पर 90 रन बनाकर विशाल स्कोर खड़ा कर और 200 रन से अधिक सर्वश्रेष्ठ स्कोर बनाया। वह क्रिकेट प्रेमियों को संजू का शक ना लगने पर निराशा प्रकट हुई लेकिन अंतिम विकेट गिरते ही झूम उठे। इस अवसर पर रितेश पांडे प्रतिभा मिश्रा ओजस तेजस विवेक मिश्रा देवेश पांडे रमेश कुमार सुशील कुमार जेसी शर्मा अक्षय मिश्रा सहित कई क्रिकेट प्रेमी थे।

### अज्ञात चोरों ने होटल में की चोरी, पुलिस को दी तहरीर, नही लिखी रिपोर्ट

**बंडा, शाहजहांपुर।** होटल मालिक ने अज्ञात चोरों के द्वारा होटल में रखे दो गैस सिलेंडर, दो तौल करने वाले कांटे, एक बैटरी और गल्ले में रखे दो हजार रुपए चोरी हो जाने की सूचना पुलिस को देकर कार्यवाही किए जाने की मांग की हैं। गांव पिपरिया हरिश्चंद निवासी सुखपाल यादव ने पुलिस को बताया कि उसका ढका मोड़ पर यादव रेस्टोरेंट के नाम से पेट्रोल पंप के पास एक होटल चल रहा है। रोजाना की तरह वह अपने होटल को रविवार की रात बंद करके अपने घर चला गया। रात करीब 03:30 बजे एक कार पर कुछ अज्ञात चोर आए और होटल में रखे दो गैस सिलेंडर, दो तौल करने वाले कांटे, एक बैटरी और गल्ले में रखे दो हजार रुपए चुरा ले गए । सुखपाल ने बंडा थाने पहुंचकर पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है । वहीं सूचना मिलने के बाद पुलिस मामले की जांच करने की बात कर रही है। जबकि आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि पुलिस की पिकेट ड्यूटी भी मौके पर लगती है क्योंकि पास में ही बैंक ऑफ बड़ौदा की शाखा भी है और पेट्रोल पंप और बैंक दोनों जगह पर सीसीटीवी कैमरे भी लगे हैं। अज्ञात चोरों के द्वारा घटना को अंजाम देने के दौरान पिकेट ड्यूटी में तैनात पुलिसकर्मी आखिर क्या कर रहे थे।

### हनुमान मंदिर के पास मीट की दुकान संचालन से हिंयुवा में रोष, पुलिस को ज्ञापन देकर की हटवाए जाने की मांग

**तिलहर-शाहजहांपुर।** हिंदू युवा वाहिनी के जिला महामंत्री ने कोतवाली पुलिस को शिकायती पत्र देकर काच्यानी खेड़ा हनुमान मंदिर के निकट से अवैध मीट की दुकान हटाए जाने की मांग की है। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल को हिंदू युवा वाहिनी के जिला महामंत्री नीरज कुमार ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि क्षेत्र के नेशनल हाईवे स्थित सुप्रसिद्ध काच्यानी खेड़ा हनुमान मंदिर से लगभग 150 मीटर की दूरी पर अवैध तरीके से मीट की दुकानों मीट की खुलेआम बिक्री की जा रही है। नीरज ने आरोप लगाया कि इस दौरान मीट व्यापारियों के द्वारा खुलेआम बेपर्दा तरीके से मुर्गे और बकरे काटकर सभी नियमों को चुनौती दे रहे हैं। इन अवस्थाओं के चलते मंदिर में दर्शन को आने वाले श्रद्धालुओं और आम जनमानस में आक्रोश पनप रहा है। नीरज ने कहा कि यदि स्थानीय प्रशासन द्वारा इस और ध्यान देकर कोई कठोर कार्यवाही नहीं की जाती तो संगठन आगे की राजनीति बनाने के लिए बाध्य होगा। कोतवाली प्रभारी जुगल किशोर पाल ने बताया कि शिकायत के बाद उन्होंने जांच पड़ताल की थी और मीट व्यापारियों को बगैर लाइसेंस व्यापार बंद करने की सख्ती से नसीहत दी है।

## काकुत्स्थ समाज ने महिलाओं को सम्मानित कर मनाया होली मिलन कार्यक्रम

**काकुत्स्थ समाज के होली मिलन में समाज उत्थान पर विचार विमर्श**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



काकुत्स्थ समाज के सुरेन्द्र काकुत्स्थ के आवास मोहल्ला जागृति नगर गदियाना पर होली मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सुरेन्द्र काकुत्स्थ ने सभी सदस्यों का परिचय कराकर किया। जिसमें उपस्थित सभी लोगों ने समाज उत्थान हेतु अपने-अपने सुझाव दिए। विक्रांत सक्सेना ने कहा कि समाज की जन-गणना की जाए, जिससे समाज के लोगों की संख्या नाम व मोबाइल नंबर सभी समाज के लोगों को उपलब्ध कराया जा सके। नरेंद्र सक्सेना ने कहा की सभी वार्डों में कमेटी गठित होनी चाहिए जिससे हर गली मोहल्ले में समाज के लोग एकजुट हो सके। कार्यक्रम में आज अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आई हुई सभी महिलाओं को फूलों की माला पहनाकर सम्मानित किया गया। सुरेंद्र काकुत्स्थ ने महिलाओं के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए उनकी हौसला अफजाई की। उन्होंने कहा कि महिलाएं घर के साथ ही समाज को भी बेहतर दिशा देने का काम कर रहीं हैं। उन्होंने कहा कि अलग-अलग सरनेम लगाने की वजह से हमारी एकता और पहचान सुनिश्चित नहीं हो पा रही है जिस कारण सरकार में हमारी कोई गिनती नहीं है। इस दौरान सुरेन्द्र काकुत्स्थ, राजेश कुमार काकुत्स्थ, विक्रांत बखिया काकुत्स्थ, अमर काकुत्स्थ, चन्द्रेश काकुत्स्थ, आनंद प्रकाश काकुत्स्थ, आदित्य कुमार काकुत्स्थ, नरेन्द्र कुमार काकुत्स्थ, जितेंद्र कुमार काकुत्स्थ, रमेश कुमार काकुत्स्थ, भगवान दास काकुत्स्थ, चन्द्र प्रकाश चन्दू काकुत्स्थ, अमित कुमार काकुत्स्थ, विनोद कुमार काकुत्स्थ, प्रवेश काकुत्स्थ, दीपक काकुत्स्थ, उषा काकुत्स्थ, मीरा देवी काकुत्स्थ, आशा काकुत्स्थ, स्वर्णिका काकुत्स्थ, संजीव कुमार काकुत्स्थ आदि लोग सम्मिलित हुए।

## सांसद के पत्र पर मंत्री जितेंद्र सिंह ने लिया संज्ञान, शाहजहांपुर में जल्द बनेगा भूकंपीय स्टेशन

**सप्ताह में दो बार शाहजहांपुर वासियों को मिलेगी मौसम की सटीक जानकारी, सांसद ने जताया आभार**

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

सांसद अरुण सागर के पत्र का राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जितेन्द्र सिंह ने संज्ञान लिया है। सांसद ने पत्र देकर शाहजहांपुर वासियों के लिए मौसम चेतावनी प्रणाली और समय रहते भूकंप की चेतावनी लोगों तक पहुंचाने के लिए सुझाव दिए थे। मंत्री ने पत्र के माध्यम से जानकारी देते हुए बताया कि नया भूकंपीय स्टेशनः राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र द्वारा शाहजहाँपुर में एक नया भूकंपीय स्टेशन स्थापित किया जाना प्रस्तावित है, जिससे क्षेत्र में भूगर्भीय गतिविधियों की सटीक निगरानी हो सकेगी। साथ ही सटीक मौसम पूर्वानुमानः जिले के किसानों को अब मौसम की सटीक जानकारी और कृषि सलाह मोदीपुरम इकाई के माध्यम से सप्ताह में दो बार (मंगलवार और शुक्रवार) नियमित रूप से प्राप्त होगी। सांसद ने मंत्री का आभार जताया है। दरअसल अचानक होने वाली बारिश, आकाशीय बिजली गिरने और भूकंप आने से बड़े पैमाने पर जान माल का नुकसान होता है। इसमे सबसे ज्यादा प्रभावित किसान होते हैं। जिनकी खून पसीने से सींची गई फसल बर्बाद हो जाती है। ऐसे में सांसद ने किसानो से लेकर शाहजहांपुर वासियों को इन आपदाओं से बचाने को राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जितेन्द्र सिंह को एक पत्र लिखा था। मंत्री ने पत्र जारी करते हुए जानकारी दी है कि देशभर में स्थापित किए जाने वाले 100 नए भूकंपीय स्टेशनों की प्रस्तावित योजना में शाहजहांपुर को भी सम्मिलित किया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए देश में एक व्यापक एवं अत्याधुनिक भूकंपीय नेटवर्क संचालित किया जा रहा है। वर्तमान में राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र द्वारा 169 स्थायी भूकंपीय स्टेशनों के माध्यम से देशभर में भूकंपीय गतिविधियों की निरंतर निगरानी की जा रही है। इस नेटवर्क को और अधिक प्रभावी एवं वैज्ञानिक रूप से सक्षम बनाने हेतु 100 अतिरिक्त स्टेशनों की स्थापना की योजना पर कार्य किया जा रहा है। मंत्री ने अपने पत्र में कहा कि भूकंप सेवाओं को अधिक त्वरित, सटीक एवं व्यापक बनाने के उद्देश्य से इन नए स्टेशनों की स्थापना की जा रही है, जिससे आपदा पूर्व चेतावनी प्रणाली को और मजबूत किया जा सके तथा जन-धन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। सांसद अरूण सागर ने राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार जितेन्द्र सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश का किसान सुख समृद्धि की ओर है। ऐसी दैवीय आपदाओं से सबसे ज्यादा नुकसान किसानो को होता है। ऐसे में इसकी रोकथाम के लिए एक बड़ी पहल शुरू हो गई है। उन्होने कहा कि बहुत जल्द शाहजहांपुर को भी भूकंप से लेकर मौसम चेतावनी प्रणाली की सटीक जानकारी मिलेगी और किसानों से लेकर तमाम लोगों के होने वाले नुकसान को बचाया जा सकेगा।

## भाकियू का तीसरे दिन भूख हड़ताल जारी

**धरना स्थल पर 37 दिनों से बैठे कार्यकर्ता, जिम्मेदारों ने नहीं ली कोई सुध**

**पुवायां, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



किसानों की समस्याओं को लेकर भाकियू चढ़ूनी गुट के कार्यकर्ताओं का करीब 37 दिनों से धरना प्रदर्शन चल रहा है। जिसके बाद उन्होंने भूख हड़ताल शुरू कर दी। कार्यकर्ताओं ने बताया कि भूख हड़ताल तीसरे दिन भी जारी है ओर जब तक अधिकारी किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं करेंगे तब तक हड़ताल चलती रहेगी। कई बार ज्ञापन देने के बाद भी समस्याओं का समाधान नही होने पर भारतीय किसान यूनियन चढ़ूनी गुट के कार्यकर्ताओं ने डांक बंगला रोड़ स्थित परिसर में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया था। लेकिन 34 दिन धरना देने के बाद भी किसी ने अधिकारी ने उनकी समस्याओं का समाधान कराने का प्रयास नही किया, तो उन्होंने भूख हड़ताल शुरू कर दी। सोमवार को तीसरे दिन भूख हड़ताल जारी रही। कार्यकर्ताओं का कहना है कि करीब सैंतीस दिनों से डाक बंगला पर धरना प्रदर्शन कर रहे थे उसके वाबजूद किसी भी अधिकारी ने यहां आकर किसी भी समस्या का समाधान नही किया। अगर किसानों की समस्याओं का समाधान नही किया गया तो भूख हड़ताल जारी रहेंगे। जिलाध्यक्ष भारत सिंह यादव ने बताया कि हम लोग 34 दिनों से धरना प्रदर्शन कर रहे है जब किसी अधिकारी ने हम लोगों की नही सुनी तो 35वें दिन आंशिक भूख हड़ताल शुरू कर दी। भूख हड़ताल करने बालों में प्रयागदत्त, सन्तोष कुमार, हरिपाल, सुखबिंदर सिंह व नवाब सिंह शामिल हैं।

### जहरीले पदार्थ के सेवन से अधेड़ की हालत गंभीर

**पुवायां, शाहजहांपुर।** नगर के मोहल्ला छावनी के 55 वर्षीय अधेड़ की जहरीले पदार्थ के सेवन से हालात गंभीर हो गई जिसके परिजनों ने सीएचसी पर भर्ती कराया, जहां से मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। आसपास के लोगों के अनुसार अब हालत में सुधार है।

### क्षत्रिय महासभा का होली मिलन समारोह संपन्न

**शाहजहांपुर।** अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा का होली मिलन समारोह महाराणा प्रताप भवन हथौड़ा में आयोजित किया गया। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष डा. सुरेंद्र सिंह राठौर, एबी सिंह, सेठपाल सिंह, शरद सिंह, नवनीत सिंह, केके सिंह, डा. केडी सिंह, फतेह बहादुर सिंह आदि क्षत्रिय बंधु मौजूद रहे। सभा में विधायक अरविंद सिंह ने क्षत्रिय एकता पर बल दिया और कहा समाज में शिक्षा का प्रसार व प्रचार और अधिक होना चाहिए।

## कथा व्यास ने सुनाई कर्दम ऋषि की कथा, शहर के चित्रा टाकीज में चल रही कथा

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



चित्रा टाकीज में चल रही कथा के द्वितीय दिवस में कथा प्रसंग का शुभारम्भ करते हुए कथा व्यास डा. दामोदर दीक्षित ने कर्दम ऋषि की कथा सुनाते हुए बताया कि उनको नौ पुत्रियां नवधा भक्ति के रूप में प्राप्त हुई। जहाँ भक्ति होती है वहाँ भगवान पहुँच जाते हैं। कपिल मुनि से उनकी माता ने सांख्य शास्त्र का उपदेश सुना कि संसार के साथी और सामान में सुख या दुःख नहीं होता अपितु इन्द्रियों के सापेक्ष होता है। आत्मा से उसका कोई सम्बन्ध नहीं है। साथी और सामान मिले है। जो वस्तु मिलती है वहा थोड़े दिन के लिए मिलती है फिर छूट जाती है। यह आंखों पर परदा आसक्ति के कारण पड़ गया है। संत कृपा से निर्मल बुद्धि प्राप्त होती है तब सत्यता का आभास होता है। इसी क्रम में संतों के लक्षण बताए और बताया गुरु प्रदत्त मंत्र का जप सहजता से करने वाला हो परोपकारी हो, कारुणिक हो वह संत होता है, वस्त्रों से संत नहीं बनते । इसके पश्चात ध्रुव जी के चरित्र का वर्णन किया कि उत्तानपाद नाम के राजा थे उनके दो रानियां थी जिनके नाम सुनीति और सुरुचि था सुरुचि अपनी सौत से बहुत जलती थी उसने सुनीति को घर से निकलवा दिया और महल के बाहर एक उनके रहने के लिए भेज दिया। सुनीति को ध्रुव नामक एक पुत्र हुआ सुरुचि को भी एक पुत्र हुआ जिसका नाम उत्तम रखा गया, बालक बड़े हुए तो खेलते खेलते ध्रुवजी दरवार में गये और अपने पिता की गोद में बैठ गये तो सुरुचि ने उनको अपमान करते हुए गोद से उतार दिया। ध्रुव जी अपनी मां के पास पहुंचे तो मां ने दुखी होने का करण पूँछा तो सब बात बताई । तो मां ने कहा कि तुम जगत पिता कि शरण ग्रहण करो। जाओ तप करो ध्रुव जी ने जंगल में जाकर नारद जी के उपदेश से भगवान को प्राप्त किया। सुरुचि के पुत्र उत्तम ने माता पिता का अपमान किया। तब राजा उत्तानपाद की आँख खुली और तप हेतु बन को चले गये। इसी प्रकार प्रिय व्रत की कथा के माध्यम से बताया कि ब्रह्मा जी ने कहा निवृत्ती मार्ग पर जाने से पूर्व गृहस्थ आश्रम में जाओ क्योंकि काम, क्रोध, मोह आदि पर विजय इसी आश्रम प्राप्त की जा सकती है। वन में भी राग द्वेष आदि विकार आने की संभावना रहती है। इसी क्रम में जड़ भरत जी के प्रसंग के माध्यम से बताया कि उच्चकोटी संत एवं तपस्वी होते हुए भी मृगशावक के मोह में फस कर अगले जन्म में मृग योनि को प्राप्त हो गये। दया भी आसक्ति के कारण बंधन का कारण बन जाती है। सर्व प्रथम खन्ना परिवार के पुरोहित ने देव पूजन कराया, कार्यक्रम का श्री गणेश रमेश त्रिपाठी एवं प्रसून त्रिपाठी और रामबली ने हनुमान चालीसा का पाठ एवं भजन के माध्यम से प्रभु की स्तुति की। रामदुलारे त्रिगुनायत ने अयोध्या कांड की कथा में राम केवट संवाद को सुनाकर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया। पीलीभीत से पधारे पंडित सुमन ने रामचरित मानस पर प्रवचन दिया। संचालन आचार्य रामानंद दीक्षित ने किया। कथा क्रम में मुख्य यजमान कमलेश कुमार खन्ना, ध्रुवनारायन मेहरा, सुधा मेहरा ने व्यास एवं अन्य विद्वानो का माल्यार्पण कर स्वागत, पूजन किया। सोमनाथ कपूर एवं सरिता कपूर, जयप्रकाश खन्ना व चंद्र शेखर खन्ना (धीरू खन्ना), रोली व रागिनी खन्ना, ओम खन्ना, डा. राम मेहरोत्रा आदि अनेक भक्तों का सहयोग रहा। कथा उपरांत आरती एवं प्रसाद वितरण हुआ।

# मेधावी छात्रों को आंवला सांसद एवं रश्मि मौर्या ने किया सम्मानित

- बड़ी धूमधाम से कुशवाहा छात्रावास में मनाया गया होली मिलन
- विधायक सलोना कुशवाहा ने युवाओं को दिया विकास और शिक्षा का मंत्र

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



कुशवाहा छात्रावास के विशाल प्रांगण में होली मिलन समारोह धूमधाम और उत्साह के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में समाज की एकता, कुरीतियों के उन्मूलन और सामाजिक विकास को लेकर विचार-विमर्श किया गया। समारोह में तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा ने समाज के युवाओं को शिक्षा, संगठन और संस्कार के मार्ग पर आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आंवला के सांसद नीरज मौर्य तथा विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक सलोना कुशवाहा और रश्मि मौर्या मौजूद रहीं। अतिथियों का फूल-मालाओं और शॉल ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान वर्ष 2026 में संभावित पंचायत चुनावों में समाज के अधिक से अधिक जागरूक लोगों की भागीदारी सुनिश्चित करने पर भी विचार-विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आंवला सांसद नीरज मौर्य ने अपने संबोधन में युवाओं को शिक्षा, सामाजिक एकता और संस्कृति के संरक्षण का संदेश दिया, साथ ही होली के भाईचारे के रंग को साल-भर बनाए रखने की अपील की। विशिष्ट अतिथि तिलहर विधायक सलोना कुशवाहा ने अपने संबोधन में कहा कि होली का पर्व सामाजिक समरसता, प्रेम और भाईचारे का प्रतीक है। उन्होंने युवाओं से शिक्षा को प्राथमिकता देने, समाज को संगठित रखने और नशामुक्त व सुरक्षित होली मनाने का आह्वान किया। साथ ही उन्होंने कुशवाहा छात्रावास के विकास कार्यों की सराहना करते हुए हर संभव सहयोग का आश्वासन दिया। साथ ही उन्होंने कहा कुशवाहा मौर्य शाक्य सैनी समाज को एकजुट होना चाहिए। तब ही समाज हर क्षेत्र में आगे बढ़ेगा। इस अवसर पर लव-कुश योजना के तहत क्षेत्र के मेधावी छात्र-छात्राओं को आंवला सांसद नीरज मौर्या एवं रश्मि मौर्या ने सम्मानित किया गया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को क्रमशः प्रथम स्थान पर पांच हजार रुपये, द्वितीय स्थान पर तीन हजार रुपये तथा तृतीय स्थान पर दो हजार रुपये की धनराशि के चेक प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन जितेंद्र प्रताप सिंह कुशवाहा ने किया। समारोह में कुशवाहा छात्रावास के अध्यक्ष हरिपाल सिंह कुशवाहा (सीनियर एडवोकेट), मुंशीलाल कुशवाहा, जिला पंचायत सदस्य ओमपाल सिंह कुशवाहा, रवीश पाल सिंह कुशवाहा, चन्द्रकेतु मौर्य, बसपा नेता ब्रह्मकुमार सिंह कुशवाहा एडवोकेट, बलसिंह एडवोकेट, जनमोर्चा पत्रकार देवेन्द्र प्रताप सिंह कुशवाहा, वीरेन्द्र पाल सिंह (हीरो एजेंसी), सौरभ कुशवाहा एडवोकेट, आशीष कुशवाहा प्रबंधक, संस्थापक सदस्य बाबू केवलराम कुशवाहा, भानु प्रताप सिंह कुशवाहा, सुशील कुमार सिंह एडवोकेट, उमेश कुशवाहा प्रधान, भग्गूलाल कुशवाहा प्रधान, नौरंग सिंह कुशवाहा, रामसिंह शाक्य प्रधान, गिरन्ध सिंह प्रधान, आनंद सिंह एडवोकेट, दिग्विजय सिंह और सत्येंद्र प्रताप सिंह कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में समाज के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शाक्य, कुशवाहा, मौर्य समाज का होली मिलन समारोह संपन्न

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



आवास विकास कॉलोनी बरेली मोड़ में शाक्य, कुशवाहा, मौर्य समाज का होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि विधायक सलोना कुशवाहा ने आयोजकों सहित समाज के बच्चो और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर समाज की सभी महिलाओं और बेटियों को होली की शुभकामनाएं दी। समाज के सभी बच्चों को बहुत पढ़ लिखकर परिवार समाज और देश का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उक्त होली मिलन समारोह का आयोजन विधायक के जेठ दल सिंह कुशवाहा, देवर रणवीर कुशवाहा, उनके भाई नरेंद्र कुशवाहा, वीरेन्द्र कुशवाहा और समाज के रामकुमार मौर्य, गोपाल कुशवाहा, हरिओम शाक्य, शैलेंद्र सिंह, सुरेन्द्र सिंह, देवेन्द्र सिंह, रामफल शाक्य, जगत कुशवाहा, शुभम मौर्य के सहयोग से आयोजित किया गया।

# सप्त दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस पर निकाली गयी प्रभात फेरी

**जलालाबाद, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज़।**




प्रेम किशन खन्ना राजकीय महाविद्यालय जलालाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना के सप्त दिवसीय विशेष शिविर के द्वितीय दिवस का प्रारंभ प्रभात फेरी निकाल कर किया गया। इसके पश्चात स्वयंसेविकाओ द्वारा योग एवं व्यायाम किया गया। श्रमदान सत्र में स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं द्वारा ग्राम रुस्तमपुर चक में सघन सफाई अभियान चलाया गया, इसके पश्चात छात्र एवं छात्राओं द्वारा मतदान जागरूकता पर एक रैली का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत ग्राम रुस्तमपुर चक में घर-घर संपर्क कर मतदान करने हेतु प्रोत्साहित गया। इसके पश्चात बौद्धिक सत्र का आयोजन किया गया। आज बौद्धिक सत्य की मुख्य अतिथि प्रोफेसर अर्चना गर्ग, एसएस कॉलेज शाहजहांपुर रही। जिन्होंने कौशल विकास में युवा विषय पर स्वयंसेवकों एवं स्वयंसेविकाओं को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार की प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना जो कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्रालय की योजना है जिसका उद्देश्य युवाओं को कौशल प्रमाणन के माध्यम से रोजगार के योग्य बनाना है जिससे महिलाओं को, ग्रामीण युवाओं को एवं हाशिये पर पड़े समूहों के लिए वरदान साबित होगा। बौद्धिक सत्र की अध्यक्षता करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर श्री कृष्णा सिंह ने कहा कि कौशल विकास के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए भारत में आईटीआई के माध्यम से युवाओं को औपचारिक, व्यावसायिक प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है,और उन्हें विशिष्ट उद्योगों के लिए आवश्यक कौशल प्रदान करके राष्ट्र के विकास में योगदान किया जा सके। इसके पश्चात पोस्टर प्रदर्शनी का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ने प्रदर्शनी का अवलोकन कर शिविरार्थियों का उत्साहवर्धन किया। अंत में कार्यक्रम का संचालन एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ यादवेंद्र कुमार आर्य ने आए हुए अतिथियों का आभार प्रकट किया एवं धन्यवाद ज्ञापन दिया। इस अवसर पर गणमान्य व्यक्ति, श्यामा राजपूत खुशी सिंह, उज्जवल, काशिफा बानो, प्रवीण, हरप्रीत कौर, दिव्यांशी, अंजलि, प्रियांशी, अंजलि, फायजा, ललिता, विजय शुक्ला, योगेश शुक्ला, सुब्हाना वारसी, वासु, उन्नति, मुस्कान, गौरी, प्रिया सिंह, मोनी, सुधा देवी, सत्य प्रकाश आदि उपस्थित रहे।

# सपा बहुजन समाज दिवस मनाएगी पीडीए दिवस के रूप में: तनवीर

- सपा की महानगर, जिला, और नगर विधानसभा की कार्यकारिणी की मासिक बैठक

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



शाहजहांपुर के मोहल्ला बिजलीपुरा स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय पर महानगर कार्यकारिणी व जिला कार्यकारिणी एवं नगर विधानसभा कार्यकारिणी की मासिक बैठक सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान की अध्यक्षता में मीटिंग संपन्न हुई। बैठक का मुख्य उद्देश्य समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार बहुजन नायक मान्यवर कांशीराम जी के 92 वें जन्मदिवस के अवसर पर 15 मार्च 2026 दिन रविवार को कार्यक्रम बहुजन समाज दिवस अर्थात पीडीए दिवस÷ के रूप में महानगर के कोहिनूर मैरिज लॉन में मनाने को लेकर व एसआईआर में नोटिसो के निस्तारण व हर बूथ पर वोट बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। इस मौके पर सपा जिला अध्यक्ष एवं पूर्व चेयरमैन तनवीर खान ने कहा कि समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार मान्यवर काशीराम जी के 92 जन्मदिवस के अवसर पर 15 मार्च 2026 दिन रविवार को कार्यक्रम बहुजन समाज दिवस अर्थात पीडीए दिवस के रूप में बड़ी ईदगाह के पास कोहिनूर मैरिज लॉन में मनाया जाएगा। जिसमें हम सभी पार्टी के लोगों को प्रत्येक विधानसभा से भारी संख्या में लोगों को लाकर कार्यक्रम को सफल बनाना है उन्होंने कहा एसआईआर में अब जो नोटिस रह गए हैं हम सभी पार्टी के लोगो को मिलकर उनका जल्द से जल्द निस्तारण करवाना है उन्होंने कहा सभी ब्लॉकों के प्रभारी व बूथ प्रभारी एवं पार्टी के ठस। और पार्टी के जिम्मेदार पदाधिकारी पूरी ताकत से लग जाएं और सही वोटो को बनवाने के लिए अभी से ही फॉर्म नंबर 6 भरवाए और ऑनलाइन करवाए और मतदाता सूची को सही से चेक करते रहें। इस मौके पर पूर्व मंत्री अवधेश कुमार वर्मा ने कहा कि 15 मार्च को होने वाली मान्यवर काशीराम की जयंती पर हम सभी पार्टी के लोगों को प्रत्येक विधानसभा से बड़ी संख्या में लोगों को लाकर कार्यक्रम को सफल बनाना है। इस मौके पर पूर्व विधायक रोशन लाल वर्मा ने कहा कि भाजपा सरकार में जनता के साथ जुल्म और उत्पीड़न लगातार बढ़ता जा रहा है आम जनता भाजपा सरकार में त्रस्त हो चुकी है। इस मौके पर सपा जिला महासचिव रणजय सिंह यादव, सपा प्रदेश सचिव विजय सिंह, सपा प्रदेश सचिव रामसूरत यादव, सपा महिला सभा की राष्ट्रीय सचिव गायत्री वर्मा, सपा नगर विधानसभा अध्यक्ष अतिउल्ला सिद्दीकी, सपा महानगर अध्यक्ष चौधरी रामकुमार भोजवाल, सपा नेता लखन प्रताप सिंह,सपा जिला उपाध्यक्ष ओंकार सिंह, सपा जिला उपाध्यक्ष अवधेश पाल, सपा जिला उपाध्यक्ष मिश्रीलाल पटेल,पुवाया विधानसभा अध्यक्ष विपिन दीक्षित, सपा नेता गोपाल अग्निहोत्री, छात्र सभा के जिला अध्यक्ष प्रसून कुमार कनौजिया लोहिया वाहिनी के जिला अध्यक्ष उत्पल यादव, अल्पसंख्यक सभा के जिला अध्यक्ष हाफिज अंसारी, महिला सभा के जिला अध्यक्ष किरन कठेरिया, सरदार राजवीर सिंह बाठ, मोनू मिश्रा, अरविंद पाल, संतोष कुमार पाल, इमरान अली एडवोकेट, राजकुमार शर्मा, महावीर सिंह यादव, पार्वती सैनी, सविता, धर्मवीर सिंह यादव फौजी, अमित पांडे, शारदा राज पासी, लल्ला सिंह यादव, सपा सैनिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष तेजपाल सिंह यादव, यूथ ब्रिगेड के राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद अजीम खान, रानू खान गुफरान खान परविंदर यादव, शकील अहमद पूर्व सभासद, कौशल यादव आशीष यादव, राजेश यादव आसिफ अली, अमन गुर्जर, अरशद खान, सैयद शकील मियां, रोहित यादव, पप्पू खान, सिद्दीक खान, महेंद्र, नरबीर पाल, सरदार गुरमन सिंह, फराज इदरीसी मोहसिन खान, सपा जिला अध्यक्ष के प्रतिनिधि शाहनवाज आदि मौजूद रहे।


## खबरें एक नजर में

### लोन जमा नहीं करने पर वसूली करने गई टीम पर हमला



**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** थाना क्षेत्र के बंथरी गांव में लोन जमा न करने पर ट्रैक्टर रिकवर करने गई एक टीम पर हमला किया गया। आरोपियों ने टीम के सदस्यों के साथ मारपीट की और ट्रैक्टर छीनकर फरार हो गए। इस घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। कलेक्शन मैनेजर राजू सिंह नें बताया वह न्यायालय के आदेश पर थाने में सूचना देकर पुलिस के साथ गांव बंथरी के रामू यादव के ट्रैक्टर की रिकवरी के लिए गए थे। उसनें 6 वर्ष से ट्रैक्टर की किस्त जमा नहीं की थी। पुलिस की सहायता से उन्होंने ट्रैक्टर को अपनी कस्टडी में ले लिया था। ट्रैक्टर रिकवर करने के बाद पुलिस चली गई। वह लोग ट्रैक्टर स्टार्ट नहीं होनें पर उसे दूसरे ट्रैक्टर की मदद से ट्रैक्टर को ला रहे थे। तभी रास्ते में ट्रैक्टर मालिक व उसके अन्य साथी बोलेरो और मोटरसाइकिलों पर लाठी-डंडों और असलहों के साथ आ धमके। उन्होंने टीम के सदस्यों को गाड़ी से खींचकर बाहर निकाल लिया।, गाली-गलौज की और मारपीट की। आरोप लगाया कि वीडियो बनाने पर फोन कैमरा भी तोड़ दिया और जान से मारने की धमकी देकर जबरदस्ती ट्रैक्टर ले गए। थाना प्रभारी प्रिंस शर्मा ने बताया मारपीट का ट्रैक्टर लें जाने की जानकारी मिली है। प्रार्थना पत्र प्राप्त हुआ है। मुकदमा पंजीकृत कर दोषियों पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना की जांच की जा रही है।

### निर्विरोध अध्यक्ष बने सुनील सिंह



**जैतीपुर-शाहजहांपुर।** क्षेत्र के कीरतपुर बिहारी गांव में स्थित नवनिर्मित बहुउद्देशीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समिति (बी पैक्स) के चुनाव संपन्न हुए। इन चुनावों में सुनील सिंह भदौरिया को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। इसी चुनाव में रनवीर भी उपाध्यक्ष पद पर निर्विरोध निर्वाचित हुए। समिति के संचालकों और किसानों ने नवनिर्वाचित अध्यक्ष और उपाध्यक्ष को बधाई दी। इस अवसर पर श्याम कृपाल, मोहन गुप्ता, सुशीला, लक्ष्मी, शांति ब्रज कुमार गौतम, जसवंत सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

### तमंचे में कारतूस डालने की वीडियो वायरल , पुलिस मूकदर्शक



**तिलहर - शाहजहांपुर।** एक तमंचा में कारतूस डालकर दो दोस्तों के बीच हंसी ठिठोली होने के वायरल वीडियो मामले में दूसरे दिन भी पुलिस ने संज्ञान नहीं लिया है। ऐसी स्थिति में युवाओं के इस ट्रेंड पर अंकुश न लग पाना चिंता जनक है। गौरतलब है कि शनिवार रात से सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्मों पर एक वीडियो जबरदस्त ढंग से वायरल हो रही है। जिसमें एक बाइक सवार युवक के पास खड़ा युवक एक तमंचे में कारतूस लोड कर रहा है। दोनो के बीच हंसी ठिठोली भी हो रही है। साथ ही यह भी आवाज आ रही है कि ऊपर कैमरा लगा है। यानी कैमरे की जद में होने का भान होने के बाबजूद वह ऐसा कृत्य कर रहे हैं। यूं तो आए दिन ऐसे वीडियो वायरल हो रहे है। जिससे ऐसे युवाओं के परिजन भी शर्मशार हो रहे हैं। लेकिन सख्ती न होने के कारण इस ट्रेंड पर अंकुश लग पाना संभव नहीं है। खुले आम अवैध हथियारों के प्रदर्शन कर आखिर यह युवा पीढ़ी किस ओर जा रही है। यह एक चिंताजनक स्थिति अवश्य है।

### सीओ ने लंबित विवेचनाओं की समीक्षा



**शाहजहांपुर।** एसपी के निर्देशन में सीओ पुवायां द्वारा थाना सिधौली पर आदेश कक्ष आयोजित किया गया। आदेश कक्ष के दौरान थाना सिंधौली पर लंबित विवेचनाओं की समीक्षा की गई तथा विवेचकों को विवेचनाओं का शीघ्र, निष्पक्ष एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किए जाने हेतु निर्देश दिए।सीओ द्वारा विवेचकों को निर्देशित किया गया कि प्रत्येक प्रकरण में साक्ष्यों का वैज्ञानिक एवं विधिसम्मत ढंग से संकलन किया जाए तथा विवेचना की प्रगति नियमित रूप से अंकित की जाए तथा विवेचना के दौरान पीड़ित पक्ष की समस्याओं का संवेदनशीलता के साथ निस्तारण किया जाए तथा अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही समयबद्ध रूप से सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त विवेचनाओं में किसी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक विलंब न होने देने के निर्देश दिए गए तथा गंभीर प्रकृति के प्रकरणों में प्राथमिकता के आधार पर कार्यवाही करने के लिए कहा गया। साथ ही सभी विवेचकों को निर्देशित किया गया कि उच्चाधिकारियों द्वारा दिए गए दिशा-निर्देशों का अक्षरशः पालन करते हुए लंबित विवेचनाओं का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें, जिससे पीड़ितों को समय पर न्याय मिल सके और कानून व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

# प्रेम प्रसंग के चलते युवक एवं किशोरी ने खाया जहरीला पदार्थ, प्रेमिका की मौत

**खुटार, शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**

- बीते दिनों पूर्व किशोरी के पिता ने युवक पर किशोरी को बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की दर्ज कराई थी रिपोर्ट



सोमवार क्षेत्र के गांव धनसिहपुर में प्रेम प्रसंग के चलते प्रेमी और प्रेमिका ने जहरीला पदार्थ खा लिया जिससे प्रेमिका की मौके पर ही मौत हो गई और प्रेमी को एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां प्रेमी की हालत गंभीर बनी हुई है।जिसकी सूचना लगते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार क्षेत्र के गांव धनसिहपुर निवासी पुजेश पुत्र प्रदीप का गांव की ही रहने वाली एक किशोरी के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था जिसके बाद शनिवार दोनों घर से फरार हो गए सूचना मिलने पर किशोरी के पिता थाने पहुंचे थे और अपनी आपबीती पुलिस को सुनाई पुलिस ने तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी बताया जा रहा है कि सोमवार दोनों प्रेमी प्रेमिका अपने अपने घर पहुंचे और जहरीला पदार्थ खा लिया जिसके बाद किशोरी की मौके पर ही मौत हो गई और प्रेमी को गंभीर हालत में एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां प्रेमी इलाजरत है। जिसके बाद परिजन गिरफ्तारी की मांग को लेकर खबर लिखे जाने तक पोस्टमार्टम न कराने की जिद पर अड़े रहे।

> "मौके पर पुलिस बल मौजूद है पोस्टमार्टम के बाद अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।"
> -श्यामवीर सिंह
> थाना अध्यक्ष खुटार।

### भारत के टी20 वर्ल्ड कप जीतने पर झूमे क्रिकेट प्रेमी, राजीव चौक पर जलाई आतिशबाजी

**पुवायां।** टी-20 क्रिकेट विश्वकप के फाइनल मुकाबले में भारत की न्यूजीलैंड पर धमाकेदार जीत पर क्रिकेट प्रेमी खुशी से झूम उठे। भारत के जीतते ही क्रिकेट प्रेमियों ने राजीव चौक पर आतिशबाजी जलाकर खुशी का इजहार किया। इस दौरान व्यापार मंडल अध्यक्ष केके लील ने तिरंगा फहराया। भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से हरा दिया। भारत की फाइनल में जीत पर क्रिकेट प्रेमी खुशी से झूम उठे। जिसके बाद क्रिकेट प्रेमियों ने राजीव चौक पर एकत्रित होकर हाथ मे तिरंगा लेकर आतिशबाजी जलाकर व मिठाई बांटकर खुशी जताई। खुशी जाहिर करने बालों में व्यापार मंडल के अध्यक्ष के के लील, महामंत्री कपिल गुप्ता, कोषाध्यक्ष मंगल मिश्र, राजा नंदा आदि व्यापार मंडल के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# सीनियर सिटीजन सोसायटी ने मनाया होली मिलन समारोह

**शाहजहांपुर, समृद्धि न्यूज।**



सीनियर सिटीजन सोसायटी के जिलाध्यक्ष उमेश चंद्र पाठक की अगुवाई में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला प्रशासन व सीनियर सिटीजन सोसाइटी के समन्वय में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। नगर आयुक्त डा.विपिन कुमार मिश्रा की अध्यक्षता में समारोह बिस्मिल सभागार कलेक्ट्रेट में संपन्न किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि एडीएम प्रशासन रजनीश कुमार मिश्रा तथा विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ कोषाधिकारी अमरेश बहादुर पाल रहे। कार्यक्रम संचालन डा. सुरेश मिश्रा ने किया। समारोह में पूर्व डीएम रहे, राजीव कुमार सिंह आईएएस का सदस्यों ने पुष्प वर्षा करके करतल ध्वनि से स्वागत किया तथा नसदस्यों ने पुष्प वर्षा करके एक दूसरे के साथ होली खेली तथा आपस में होली मिलन की शुभकामनाएं दी। एडीएम प्रशासन ने अपने संबोधन में कहा कि मैंने अपने दादाजी को तो नहीं देखा, लेकिन आप लोगों को देखकर मुझे अपने दादाजी की याद आ गई। में आप लोगों को होली मिलन की शुभकामनाएं देता हूं। मैंने इस संगठन में शहीदों की इस नगरी में पहली बार पुष्प वर्षा की होली मनाते हुए देखा है। में जिलाध्यक्ष श्री पाठक से अपेक्षा करता हूं कि वह इस तरह पुष्प वर्षा की होली यहां के लाट साहब के जुलूस निकलने से पहले मनाया करें तो और अधिक अच्छा रहेगा। जिससे समाज में व्याप्त कुरीतियों का निराकरण हो सकेगा।

विशिष्ट अतिथि महानगर आयुक्त डा. विपिन कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में सभी को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आपके संगठन की मांग पर सीनियर सिटीजन केयर सेंटर टाउन हॉल में नगर निर्मित किया गया है। जिसका उद्घाटन अप्रैल माह में संगठन की उपस्थिति में किया जाएगा। संगठन के पुष्प वर्षा की यह होली अत्यंत सराहनीय है। संगठन के लोगों का में बराबर सम्मान करता हूं। पूर्व डीएम राजीव कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि में इस जिले में जिलाधिकारी के पद पर दो विभिन्न चरणों में साढे सात साल रहा हूं और मंडल आयुक्त के पद से सेवानिवृत्ति के बाद इस शहर में स्थाई रूप से रह रहा हूं। होली मिलन समारोह में सभी को शुभकामनाएं देता हूं। यह भी कहा कि में आपके संगठन की सदैव सेवा करने को तत्पर हूं। पीडब्लूडी से सेवानिवृत रविंद्र कुमार मिश्रा ने अपने वक्तव्य में कहा की मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम ने युद्ध क्षेत्र में भी रावण को अपनी विद्वता व अखण्ड पुरुषार्थ को प्रणाम किया था। जनपद के पेंशनर्स संगठन तथा दूरस्थ अंचलों से आए संगठन के पदाधिकारियों ने भी भागीदारी की।होली मिलन के उक्त कार्यक्रम में रवि शर्मा ,प्रेमपाल सिंह, वेद प्रकाश गुप्ता ,अजय वर्मा ,भूप सिंह, प्यारे मोहन सक्सेना, संत कुमार विश्वकर्मा, डा. राम प्रकाश श्रीवास्तव, राम वर्मा, करनल प्रमोद कुमार गुप्ता, सुशील प्रकाश शर्मा, बेचेलाल वर्मा, कृष्ण पाल सिंह, राजेश चंद्र शुक्ला, हर प्रसाद पांडे, राम लड़ेते यादव, ओंकारनाथ शुक्ला, पीके अग्निहोत्री, उमेश अवस्थी, संतोष दीक्षित, रामरक्षपाल आदि ने प्रतिभाग किया।

# पंचायती राज सफाईकर्मियों ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

**पीलीभीत, समृद्धि न्यूज़।**



उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा संघ ने पंचायत विभाग के अधीन कार्यरत ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को द्वितीय एसीपी का लाभ दिलाने की मांग की है सोमवार को संघ के जिलाध्यक्ष धर्मपाल के नेतृत्व में सोमवार को जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह को दिए ज्ञापन में कहा गया कि जनपद पीलीभीत में कार्यरत सफाई कर्मियों को जल्द से जल्द द्वितीय एसीपी का लाभ दिया जाए उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ ने 16 वर्षों से लंबित सेवा नियमावली बनाने, पदोन्नति, 1900 ग्रेड पे, और द्वितीय एसीपी जैसी प्रमुख मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा है उन्होंने ऑनलाइन हाजिरी से मुक्ति की मांग की है और मांगें न मानने पर हड़ताल की चेतावनी दी है सफाई कर्मचारियों की वर्षो से पड़ी लम्बित समस्याओं के निराकरण समय-समय पर कई बार मौखिक व लिखित मांगपत्र के माध्यम से जिला पंचायत राज अधिकारी से व अन्य अधिकारियों से निवेदन किया गया, जिसके फलस्वरूप सिर्फ आश्वासन ही दिया गया है आज तक किसी भी समस्याओं का निराकरण नहीं किया गया है, जो अत्यंत ही खेदजनक स्थिति है जो सरेआम लापरवाही व मनमानी का प्रतीत है कहा गया कि जिन सफाई कर्मचारियों के रुके हुए वेतन निकल चुके हैं उनकी वेतन वृद्धियां लगाई जाए एवं जिन कर्मचारियों का वेतन वृद्धियां लग चुकी है उनका एरियर दिया जाए अनेकों कर्मचारी ऐसे हैं जिनकी सेवा 16 वर्ष पूर्ण हो चुकी है परंतु उन कर्मचारियों की प्रथम एसीपी अभी तक नहीं लगी है, जबकि एसीपी जुलाई में लगती है परंतु अभी तक कमेटी का गठन नहीं किया गया है।

# उ.प्र. राज्य महिला आयोग की सदस्य ने गोमती सभागार में गई महिला जनसुनवाई

- बालिकाओं को हाइजीन एवं एजुकेशन किट देकर किया पुरस्कृत
- बेसिक/माध्यमिक अध्यापिकाओं/आंगनवाड़ी कार्यकर्त्रियों/ एएनम, समूहों की महिलाओं आदि को किया घड़ी देकर किया सम्मानित

**पीलीभीत।** गोमती सभागार विकास भवन पीलीभीत में सदस्यगण राज्य महिला आयोग पुष्पा पाण्डेय एवं सुनीता सैन की अध्यक्षता में जन सुनवाई का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम जिला प्रोबेशन अधिकारी अनुराग श्याम रस्तोगी द्वारा उपस्थित सदस्यगण का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया। जनसुनवाई के दौरान घरेलू हिंसा, जमीनी विवाद, मारपीट इत्यादि से सम्बंधित कुल 12 शिकायतें प्राप्त हुई, सदस्यगण द्वारा सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि वह सभी शिकायतों का तत्काल निस्तारण कराएं। सदस्यगण द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया गया कि वह ग्रामीण स्तर पर जाकर जन जागरूकता चैपालों का आयोजन करें, जिससे ग्रामीण स्तर तक भी योजनाओं का प्रचार प्रसार हो सके। जनसुनवाई के दौरान जनपद स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।मध्याह्न 12 बजे से पुष्प इंस्टीट्यूट बनकटी रोड पीलीभीत में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस तथा बाल विवाह मुक्त भारत अभियान का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पुष्पा पांडे एवं सुनीता सैनी माननीय सदस्यगण उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग द्वारा प्रतिभाग किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रेखा परिहार उपाध्यक्ष भारतीय जनता पार्टी, डॉ पूनम गंगवार स्त्री रोग विशेषज्ञ, रचना भटनागर, प्रबंधक पुष्प इंस्टीट्यूट गीतिका शुक्ला प्रधानाचार्य, अनुज भटनागर, शिक्षिका रजनी जौहरी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न विद्यालय की बालिकाओं द्वारा कार्यक्रम प्रस्तुत किए।

## परमाणु रिसाव हुआ तो...

ईरान युद्ध में परमाणु रिसाव के खतरे बढ़ते जा रहे हैं। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) का मानना है कि अमरीका और इजरायल जिस तरह बमबारी कर रहे हैं, मिसाइल-ड्रोन से हमले किए जा रहे हैं, उनसे परमाणु केंद्रों पर चिंताजनक स्थितियां बनती जा रही हैं। हालांकि अभी आईएईए ने किसी भी तरह के परमाणु विकिरण की पुष्टि नहीं की है और न ही ऐसे संकेत हैं, लेकिन परमाणु रिसाव की संभावनाओं से इंकार भी नहीं किया है। आईएईए ने आपात बैठक भी की है, क्योंकि ईरान के राजनयिक रेजा नजाफी ने दावा किया था कि अमरीकी-इजरायली लड़ाकू विमानों ने ईरान के परमाणु संयंत्रों पर हमला किया है, जबकि उन केंद्रों में शांतिपूर्ण परमाणु ऊर्जा पर काम किया जा रहा है। अब बमबारी के बाद परमाणु रिसाव का खतरा पैदा हो गया है। आईएईए ने ईरान सरकार के संबद्ध अधिकारियों से बात की और इस निष्कर्ष पर पहुंची कि परमाणु विकिरण फैल सकता है। यदि परमाणु रिएक्टर 'मेल्टडाउन' हुआ, तो 10 करीबी देशों में भी परमाणु खतरा पैदा हो जाएगा। फारस की खाड़ी में भी विकिरण पहुंचेगा और बड़े स्तर पर पानी जहरीला और जानलेवा हो सकता है। जलीय जीव तो मरेंगे ही, उनके अलावा मनुष्य में कैंसर जैसी लाइलाज बीमारियों का ज्यादा विस्तार होगा। यदि ईरान के परमाणु केंद्रों से रिसाव शुरू हुआ, तो सभी खाड़ी देश उसके दायरे में होंगे। कई अरब देशों के परमाणु रिएक्टर खतरनाक स्थितियों में हैं। ईरान ही नहीं, इराक, सीरिया, बहरीन, कुवैत आदि देशों में भी परमाणु साइट्स हैं। क्या वे परमाणु कार्यक्रम उन देशों के अपने और घोषित, वैध कार्यक्रम हैं अथवा अमरीका के परमाणु उपनिवेश हैं? यह दायित्व आईएईए का है। अमरीका ने इन देशों के परमाणु केंद्रों पर आपत्ति दर्ज नहीं की और न ही किसी हमले की धमकियां दीं! क्या ये 'संहारी संयंत्र' नहीं हैं? अलबत्ता आईएईए के महानिदेशक राफेल ग्रोसी ने कहा है कि हमारे पास ऐसे किसी हमले की जानकारी नहीं है। फिर आपात बैठक में क्या विमर्श किया गया? फिर अंतरराष्ट्रीय एजेंसी ने चिंताजनक स्थितियां किस आधार पर आंकी थीं? अमरीका के रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने फिर दोहराया है कि ईरान परमाणु बम बनाने में जुटा है। फ्रांस के राष्ट्रपति मैक्रों का बयान भी सामने आया है कि हम परमाणु हथियारों की संख्या बढ़ाएंगे। फ्रांस, ब्रिटेन और जर्मनी के नेताओं के बयान आए थे कि वे यूक्रेन को परमाणु हथियार मुहैया कराने पर विचार कर रहे हैं। ये बड़े देश विनाश की ओर अग्रसर क्यों हो रहे हैं? इस संदर्भ में गौरतलब है कि ओमान की मध्यस्थता से जिनेवा में अमरीका और ईरान के बीच बातचीत के जो दौर हुए थे, उनमें ईरान यूरेनियम संवर्द्धन को 3-5 फीसदी तक कम करने को तैयार हो गया था। उस स्थिति में ईरान परमाणु बम नहीं बना सकता। आईएईए का एक अनुमान है कि यदि ईरान के इस्फहान, नतांज, बुशहर परमाणु संयंत्रों से विकिरण की नौबत आ गई, तो कमोबेश 20 देशों के करीब 51 करोड़ लोग उस खतरे के दायरे में होंगे। बहरहाल जिनेवा वार्ता एक ढकोसला थी और अमरीका-इजरायल ईरान पर हमला करने की योजना बहुत पहले बना चुके थे और उनकी खुफिया एजेंसियां उस पर काम कर रही थीं। अमरीका-इजरायल और ईरान, सभी खाड़ी देशों समेत, जापान के हिरोशिमा और नागासाकी शहरों पर अमरीकी एटम बम बरसाने और उनके बाद की त्रासद स्थितियों को भूले नहीं होंगे। हिरोशिमा के बम-हमले में अनुमानतः 1,40,000 लोग और नागासाकी में करीब 74,000 लोग मार दिए गए। करीब 38,000 मासूम बच्चे भी बेमौत मारे गए। इससे वीभत्स, बर्बर, त्रासद सामूहिक नरसंहार कोई दूसरा नहीं है। आज दुनिया में अमरीका के अलावा, रूस, चीन, फ्रांस, ब्रिटेन, जर्मनी से लेकर भारत और पाकिस्तान तक परमाणु हथियारों वाले देश हैं। अमरीकी राष्ट्रपति किस-किस देश के परमाणु कार्यक्रम को रोक पाए? यह ठेकेदारी अमरीका की नहीं है। यह भी देशों की संप्रभुता से जुड़ा विषय है। परमाणु अप्रसार की जिम्मेदारी देशों की अपनी है। पाकिस्तान जैसे आतंकी देश पर परमाणु शक्ति होने का विश्वास किया जाता रहा है, ईरान कौन से विध्वंस पैदा कर सकता है। इस लड़ाई को एकदम रोकना पूरे विश्व के हित में होगा।

# मिडिल ईस्ट में बढ़ता युद्ध संकट

एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं

वैश्विक स्तर पर मध्य-पूर्व एक बार फिर उस ऐतिहासिक मोड़ पर खड़ा दिखाई दे रहा है जहाँ क्षेत्रीय संघर्ष वैश्विक संकट का रूप ले सकता है। हाल के घटनाक्रमों में ईरान, इजराइल और यूनाइटेड स्टेट्स के बीच बढ़ते सैन्य टकराव ने न केवल पश्चिम एशिया बल्कि पूरे विश्व की शांति और सुरक्षा को गंभीर चुनौती दे दी है। विशेष रूप से ईरान के सर्वोच्च नेता खामनेई की मौत के बाद उभरी प्रतिशोध की राजनीति और तीखी सैन्य बयान बाजी ने हालात को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। खामेनेई की मौत के बाद ईरान में प्रतिशोध की भावना अत्यधिक तीव्र हो गई है। ईरान के सुरक्षा प्रतिष्ठान से जुड़े नेताओं और पूर्व कमांडरों ने खुले शब्दों में यह घोषणा की है कि इस घटना का बदला लिया जाएगा। विशेष रूप सेइस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स के पूर्व कमांडरों ने सीधे तौर पर अमेरिकी नेतृत्व को निशाना बनाते हुए कहा है कि ईरान अपने नेता के खून का हिसाब अवश्य लेगा। खामेनेई की मौत के बाद इजरायल की ओर से यह बयान देना कि नए सर्वोच्च नेता के चयन में शामिल लोगों को भी निशाना बनाया जा सकता है, यह दर्शाता है कि इजरायल इस संघर्ष को केवल सैन्य अभियान तक सीमित नहीं बल्कि राजनीतिक संरचना को प्रभावित करने की रणनीति के रूप में देख रहा है।ट्रंप ने ईरान की चेतावनियों को पूरी तरह खारिज करते हुए कहा कि उन्हें इन धमकियों से कोई फर्क नहीं पड़ता। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान पहले ही इस युद्ध को हार चुका है और जब तक तेहरान बिना शर्त आत्मसमर्पण नहीं करता, तब तक अमेरिकी सैन्य कार्रवाई जारी रहेगी। मैं यह मानता हूं कि यदि इस संघर्ष को समय रहते कूटनीतिक उपायों से नियंत्रित नहीं किया गया, तो यह केवल क्षेत्रीय युद्ध तक सीमित नहीं रहेगा बल्कि विश्व-व्यापी अस्थिरता का कारण बन सकता है।

इस पूरे संघर्ष का सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि इसमें परमाणु हथियारों के उपयोग की आशंका से पूरी तरह इनकार नहीं किया जा सकता। ईरान के परमाणु कार्यक्रम को लेकर लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय समुदाय में चिंता रही है। वहीं इजरायल के पास पहले से ही परमाणु हथियार होने की संभावना मानी जाती है, हालांकि उसने कभी आधिकारिक रूप से इसकी पुष्टि नहीं की है।यदि यह संघर्ष पूर्ण युद्ध में बदलता है और इसमें परमाणु हथियारों का प्रयोग होता है, तो इसके परिणाम केवल मध्य-पूर्व तक सीमित नहीं रहेंगे बल्कि पूरी दुनिया पर गंभीर प्रभाव डाल सकते हैं। इतिहास में द्वितीय विश्व युद्ध के बाद परमाणु हथियारों का प्रयोग नहीं हुआ है। लेकिन वर्तमान परिस्थितियों में यदि क्षेत्रीय युद्ध नियंत्रण से बाहर हो जाता है तो यह संभावना भी पूरी तरह से नकारा नहीं जा सकता।

साथियों बात अगर हम खामेनेई की मौत और बदलती शक्ति-राजनीति को समझने की करें तो, हालिया घटनाओं में सबसे बड़ा झटका ईरान के सर्वोच्च नेता की मौत को माना जा रहा है। खामेनेई ईरान की राजनीति, धार्मिक नेतृत्व और सैन्य रणनीति के केंद्र में रहे थे। उनकी मृत्यु केवल एक नेता की मृत्यु नहीं बल्कि ईरान की राजनीतिक संरचना में एक बड़े परिवर्तन का संकेत भी है। खामेनेई की मौत के बाद ईरान के भीतर सत्ता संरचना को स्थिर बनाए रखना एक बड़ी चुनौती बन गया है। ईरान का संविधान सर्वोच्च नेता के चयन की प्रक्रिया को स्पष्ट रूप से निर्धारित करता है,जिसके तहत 88 सदस्यीय विशेषज्ञ परिषद नए नेता का चयन करती है। यह परिषद धार्मिक विद्वानों और वरिष्ठ राजनीतिक नेताओं से मिलकर बनी होती है। इस परिषद का निर्णय केवल धार्मिक दृष्टि से ही नहीं बल्कि राजनीतिक और सैन्य दृष्टि से भी अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। खामेनेई की मौत के बाद इस परिषद ने नए सर्वोच्च नेता के चयन की प्रक्रिया को तेज कर दिया है। किंतु इस बीच इजरायल की ओर से यह चेतावनी दी गई है कि जो भी व्यक्ति ईरान के नए सर्वोच्च नेता के रूप में उभरेगा या चयन प्रक्रिया में शामिल होगा, उसे भी निशाना बनाया जा सकता है। यह बयान क्षेत्रीय तनाव को और अधिक भड़काने वाला माना जा रहा है।



साथियों बात अगर हम ईरान की चेतावनी व ट्रंप की प्रतिक्रिया और अमेरिकी रणनीति को समझने की करें तो, इस संदर्भ में ईरान के एक प्रमुख नेता ने अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प को सीधे चेतावनी देते हुए कहा कि उन्हें उनके कार्यों की भारी कीमत चुकानी पड़ेगी। उन्होंने यह भी कहा कि ईरान ट्रंप को कभी अकेला नहीं छोड़ेगा और उनके खिलाफ कार्रवाई जारी रखेगा। यह बयान केवल व्यक्तिगत धमकी नहीं बल्कि एक व्यापक रणनीतिक संकेत माना जा रहा है कि ईरान इस संघर्ष को दीर्घकालिक प्रतिशोध के रूप में देख रहा है।ईरान के भीतर यह धारणा मजबूत हो रही है कि अमेरिका और इजरायल ने मिलकर उसके सर्वोच्च नेता को निशाना बनाया है। इस कारण वहां जनता और सैन्य नेतृत्व के बीच प्रतिशोध की भावना और भी अधिक तीव्र हो गई है।

इन धमकियों पर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प ने अत्यंत कठोर प्रतिक्रिया दी है, ट्रंप का यह बयान अमेरिकी रणनीति को स्पष्ट करता है। अमेरिका लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम और क्षेत्रीय प्रभाव को सीमित करने की नीति अपनाता रहा है। अमेरिकी प्रशासन का मानना है कि यदि ईरान को अभी नहीं रोका गया तो वह मध्य-पूर्व में अपनी सैन्य और राजनीतिक ताकत को इतना मजबूत बना सकता है कि भविष्य में उसे नियंत्रित करना कठिन हो जाएगा। इसी कारण अमेरिका ने इजरायल के साथ मिलकर कई सैन्य अभियानों को अंजाम दिया है, जिनका उद्देश्य ईरान की सैन्य क्षमताओं और उसके परमाणु कार्यक्रम को सटीक रूप से कमजोर करना बताया जाता है।

साथियों बात अगर हम इस्लामिक देशों और वैश्विक प्रतिक्रिया को समझने की करें तो ईरान के खिलाफ हुए हमलों और खामेनेई की मौत के बाद कई इस्लामिक देशों में तीखी प्रतिक्रियाएँ देखने को मिल रही हैं। कई जगहों पर विरोध प्रदर्शन हुए हैं और अमेरिका तथा इजरायल के खिलाफ नाराजगी बढ़ती दिखाई दे रही है। यदि यह विरोध व्यापक राजनीतिक आंदोलन में बदलता है तो इससे कई देशों की आंतरिक राजनीति भी प्रभावित हो सकती है। साथ ही इससे वैश्विक स्तर पर अमेरिका और उसके सहयोगियों के प्रति असंतोष बढ़ सकता है।

कूटनीति की आवश्यक परिस्थितियों में सबसे महत्वपूर्ण प्रश्न यह है कि क्या इस युद्ध को रोका जा सकता है। इतिहास बताता है कि जब भी संघर्ष चरम पर पहुंचता है, तब कूटनीतिक प्रयास ही स्थायी समाधान का रास्ता बनते हैं। संयुक्त राष्ट्र, यूरोपीय संघ, रूस, चीन और अन्य प्रमुख शक्तियाँ यदि सक्रिय कूटनीतिक पहल करें तो संभव है कि इस संघर्ष को नियंत्रित किया जा सके। युद्ध की आग को शांत करने के लिए संवाद, मध्यस्थता और अंतरराष्ट्रीय दबाव जैसे उपाय अत्यंत आवश्यक हैं।

साथियों बात अगर हम मध्य- पूर्व में बढ़ती सैन्य गतिविधियों को समझने की करें तो, हाल के दिनों में तेहरान के पास स्थित तेल उत्पादन और प्रसंस्करण इकाइयों पर मिसाइल हमले इस संघर्ष के सैन्य आयाम को और अधिक स्पष्ट करते हैं। इन हमलों से ईरान के ऊर्जा बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है, जो उसकी अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर हमला केवल सैन्य रणनीति नहीं बल्कि आर्थिक दबाव बनाने का भी प्रयास होता है। यदि ईरान की ऊर्जा उत्पादन क्षमता प्रभावित होती है तो उसकी अर्थव्यवस्था कमजोर होगी और युद्ध जारी रखने की उसकी क्षमता भी प्रभावित हो सकती है। हालांकि ऐसे हमले वैश्विक ऊर्जा बाजारों को भी प्रभावित कर सकते हैं क्योंकि मध्य -पूर्व विश्व के सबसे बड़े तेल उत्पादक क्षेत्रों में से एक है। इजरायल के प्रधानमंत्री लंबे समय से यह कहते रहे हैं कि ईरान इजरायल के अस्तित्व के लिए सबसे बड़ा खतरा है। इजरायल का आरोप है कि ईरान क्षेत्र में कई सशस्त्र संगठनों को समर्थन देता है, जिनमें लेबनान का हिजबुल्लाह और गाजा के कई संगठन शामिल हैं। इजरायल का मानना है कि यदि ईरान परमाणु हथियार विकसित करने में सफल हो जाता है तो यह पूरे क्षेत्र की सुरक्षा को खतरे में डाल देगा। इसी कारण इजरायल ने कई बार ईरान के सैन्य ठिकानों और परमाणु सुविधाओं को निशाना बनाने की चेतावनी दी है।

साथियों बात अगर हम भारत सहित विश्व के लिए संभावित प्रभाव को समझने की करें तो यदि यह संघर्ष लंबे समय तक चलता है तो इसका प्रभाव केवल मध्य-पूर्व तक सीमित नहीं रहेगा। तेल की कीमतों में भारी वृद्धि, वैश्विक व्यापार में बाधा और सुरक्षा संकट जैसे परिणाम सामने आ सकते हैं। भारत जैसे देशों के लिए यह विशेष रूप से चिंताजनक होगा क्योंकि भारत अपनी ऊर्जा आवश्यकताओं का बड़ा हिस्सा मध्य-पूर्व से आयात करता है। साथ ही इस क्षेत्र में लाखों भारतीय काम करते हैं, जिनकी सुरक्षा भी एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन सकती है। मध्य-पूर्व लंबे समय से भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा और वैचारिक संघर्ष का केंद्र रहा है। इस क्षेत्र में ऊर्जा संसाधनों की प्रचुरता, धार्मिक-सांस्कृतिक विविधता और वैश्विक शक्तियों के रणनीतिक हितों ने इसे लगातार संघर्षों का मैदान बनाया है।

ईरान और इजरायल के बीच दशकों से चली आ रही शत्रुता इस संघर्ष की प्रमुख धुरी है। ईरान स्वयं को इस्लामी क्रांति का प्रतिनिधि मानता है और पश्चिमी प्रभाव का विरोध करता रहा है, जबकि इजरायल अपने अस्तित्व और सुरक्षा कोसर्वोपरि मानते हुए किसी भी संभावित खतरे को समाप्त करने की नीति अपनाता रहा है। अमेरिका का इस समीकरण में प्रवेश इस पूरे संकट को और अधिक जटिल बना देता है। अमेरिका लंबे समय से इजरायल का रणनीतिक सहयोगी रहा है और मध्य-पूर्व में उसकी सैन्य तथा राजनीतिक उपस्थिति अत्यंत प्रभावशाली रही है। परिणाम स्वरूप जब भी ईरान और इजरायल के बीच तनाव बढ़ता है, अमेरिका अप्रत्यक्ष या प्रत्यक्ष रूप से इसमें शामिल हो जाता है।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे क़ि मध्य-पूर्व में उभरता यह संघर्ष केवल तीन देशों के बीच की लड़ाई नहीं बल्कि वैश्विक शक्ति-राजनीति का प्रतिबिंब है। ईरान, इजराइल और यूनाइटेड स्टेट्स के बीच बढ़ता टकराव दुनिया को उस मोड़ पर ले जा सकता है जहाँ से वापस लौटना कठिन हो जाए। खामेनेई की मौत, ईरान की प्रतिशोध की चेतावनी, ट्रंप की कठोर प्रतिक्रिया और इजरायल की आक्रामक रणनीति, ये सभी घटनाएँ मिलकर एक ऐसे संकट को जन्म दे रही हैं जिसकी गूंज पूरी दुनिया में सुनाई दे रही है। ऐसे समय में विश्व समुदाय के सामने सबसे बड़ी चुनौती यही है कि वह युद्ध के रास्ते को छोड़कर शांति और कूटनीति का मार्ग अपनाने के लिए सभी पक्षों को प्रेरित करे। यदि ऐसा नहीं हुआ तो इतिहास एक बार फिर मानवता को यह याद दिला सकता है कि युद्ध की आग जब भड़कती है तो वह सीमाओं को नहीं पहचानती।

विचार

# जेडीयू में निशांत की एंट्री परिवारवाद या सियासी जरूरत ?

अजय कुमार

बिहार की राजनीति में कभी-कभी ऐसे मोड़ आते हैं जो केवल एक व्यक्ति की एंट्री नहीं, बल्कि पूरे राजनीतिक ढांचे की दिशा बदलने की क्षमता रखते हैं। जनता दल यूनाइटेड में निशांत कुमार का औपचारिक प्रवेश भी ऐसा ही एक क्षण है। लंबे समय तक राजनीति से दूरी बनाए रखने वाले बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे का पार्टी की सदस्यता लेना महज पारिवारिक घटना नहीं है, बल्कि उस राजनीतिक युग के अंत और दूसरे युग की शुरुआत का संकेत भी माना जा रहा है जिसमें जेडीयू की पहचान पूरी तरह नीतीश कुमार के व्यक्तित्व से जुड़ी रही है। करीब दो दशकों तक बिहार की राजनीति में नीतीश कुमार निर्णायक भूमिका में रहे।

2005 में जब उन्होंने सत्ता संभाली तो राज्य की पहचान अव्यवस्था, अपराध और कमजोर बुनियादी ढांचे से जुड़ी हुई थी। उसके बाद सड़क, बिजली, शिक्षा और महिला सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में कई योजनाएं लागू की गईं। पंचायती राज संस्थाओं में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण, साइकिल योजना और छात्रवृत्ति कार्यक्रम जैसे फैसलों ने उन्हें सुशासन बाबू की छवि दी। 2010 के विधानसभा चुनाव में जेडीयू ने 115 सीटें जीतकर अपने राजनीतिक चरम को छुआ था। लेकिन समय के साथ समीकरण बदले। 2020 के चुनाव में पार्टी 43-45 सीटों तक सिमट गई। हालांकि 2025 के विधानसभा चुनाव में जेडीयू ने लगभग 85 सीटें जीतकर वापसी की, फिर भी यह स्पष्ट हो गया कि पार्टी की ताकत अब पहले जैसी नहीं रही। इसी पृष्ठभूमि में निशांत कुमार का राजनीति में आना महत्व रखता है। 40 वर्ष के इंजीनियर निशांत अब तक सार्वजनिक जीवन से दूर रहे। उनका स्वभाव अंतर्मुखी बताया जाता रहा है और वे लंबे समय तक आध्यात्मिक रुचियों में व्यस्त रहने के कारण भी चर्चा में रहे। ऐसे व्यक्ति का अचानक सक्रिय राजनीति में उतरना स्वाभाविक रूप से जिज्ञासा और संदेह दोनों पैदा करता है। लेकिन राजनीति में अक्सर परिस्थितियां व्यक्ति को आगे धकेल देती हैं। जेडीयू भी उसी दौर से गुजर रही है जहां संगठन को भविष्य का चेहरा चाहिए। बिहार की राजनीति में क्षेत्रीय दलों का अनुभव बताता है कि जब कोई पार्टी लंबे समय तक एक नेता पर निर्भर रहती है तो उसके बाद नेतृत्व का संकट पैदा हो जाता है। राष्ट्रीय जनता दल में लालू प्रसाद यादव के बाद तेजस्वी यादव का उभार इसी कारण हुआ। समाजवादी पार्टी में मुलायम सिंह यादव के बाद अखिलेश यादव का नेतृत्व सामने आया। तमिलनाडु में करुणानिधि के बाद एम.के. स्टालिन ने पार्टी संभाली।

इन उदाहरणों से यह भी स्पष्ट है कि पारिवारिक उत्तराधिकार भारतीय राजनीति की एक स्वीकृत वास्तविकता बन चुका है। यही वजह है कि नीतीश कुमार, जो वर्षों तक परिवारवाद की आलोचना करते रहे, अंततः उसी रास्ते पर चलते दिखाई दिए। जेडीयू का सामाजिक आधार भी इस निर्णय को समझने में मदद करता है। पार्टी की ताकत मुख्यतः कुर्मी, कोइरी और अति पिछड़ा वर्ग के वोटों पर टिकी रही है। 2010 के चुनाव में जेडीयू-भाजपा गठबंधन को लगभग 39 प्रतिशत वोट मिले थे, जिसमें जेडीयू का बड़ा हिस्सा इन वर्गों से आया। लेकिन पिछले कुछ चुनावों में यह आधार धीरे-धीरे खिसकने लगा। भाजपा का प्रभाव बढ़ा और कई इलाकों में उसका संगठन जेडीयू से ज्यादा मजबूत होता गया। राजनीतिक विश्लेषण बताते हैं कि बिहार में भाजपा का वोट प्रतिशत 2010 के लगभग 16-17 प्रतिशत से बढ़कर हाल के वर्षों में 25 प्रतिशत के आसपास पहुंच गया है। ऐसे में जेडीयू के सामने दोहरी चुनौती है अपना सामाजिक आधार बचाना और गठबंधन की राजनीति में अपनी पहचान बनाए रखना।यहीं पर निशांत कुमार की भूमिका अहम हो सकती है। जेडीयू के भीतर यह धारणा बन रही है कि अगर पार्टी के पास नीतीश कुमार के परिवार से कोई चेहरा रहेगा तो संगठन में एकजुटता बनी रहेगी। क्षेत्रीय दलों के इतिहास में यह अक्सर देखा गया है कि करिश्माई नेता के बाद पार्टी बिखर जाती है। बिहार में भी कई छोटे दल इसी कारण खत्म हो गए। इसलिए जेडीयू के नेताओं को लगता है कि निशांत की मौजूदगी कम से कम पार्टी को एक धुरी दे सकती है।

हालांकि चुनौतियां कम नहीं हैं। बिहार की राजनीति में गठबंधन की प्रकृति बेहद जटिल है। भाजपा और जेडीयू का रिश्ता पिछले डेढ़ दशक में कई बार टूटा और जुड़ा है। 2013 में नरेंद्र मोदी के नेतृत्व को लेकर दोनों दल अलग हुए। 2017 में फिर साथ आए। 2022 में जेडीयू ने महागठबंधन का रास्ता चुना और 2024 में एक बार फिर एनडीए में लौट आई। इन उतार-चढ़ावों ने जेडीयू के कार्यकर्ताओं और मतदाताओं के बीच भी असमंजस पैदा किया। अगर भविष्य में भाजपा बिहार में अपना मुख्यमंत्री चेहरा आगे बढ़ाती है तो जेडीयू का राजनीतिक महत्व और घट सकता है।निशांत कुमार को इसी परिस्थिति में अपनी पहचान बनानी होगी। उनके सामने पहला काम संगठन को मजबूत करना होगा। जेडीयू के पास आज भी कई अनुभवी नेता हैं, लेकिन उनमें से अधिकांश की पहचान क्षेत्रीय स्तर तक सीमित है। यदि युवा नेतृत्व को आगे लाकर संगठन में नई ऊर्जा भरी जाती है तो पार्टी को लाभ हो सकता है। बताया जा रहा है कि युवा विधायकों और करीबी सहयोगियों की एक टीम पहले से तैयार की जा रही है जो राजनीतिक प्रशिक्षण और रणनीति में निशांत की मदद करेगी।इतिहास बताता है कि राजनीति में शुरुआती छवि अंतिम नहीं होती। ओडिशा के नवीन पटनायक इसका उदाहरण हैं। 1997 में जब वे राजनीति में आए थे तो उन्हें भी अनुभवहीन और संकोची कहा जाता था। लेकिन कुछ ही वर्षों में उन्होंने अपनी शैली विकसित की और 24 साल तक राज्य के मुख्यमंत्री रहे। बिहार की परिस्थितियां अलग जरूर हैं, पर यह भी सच है कि राजनीति में धैर्य और समय बहुत कुछ बदल देते हैं।

फिलहाल निशांत कुमार के सामने सबसे बड़ी कसौटी यही है कि वे खुद को केवल नीतीश कुमार के बेट से आगे साबित करें। अगर वे संगठन में संवाद बढ़ा सके, सामाजिक आधार को मजबूत कर सके और गठबंधन की राजनीति में संतुलन बना सके तो जेडीयू को नई दिशा मिल सकती है। लेकिन अगर वे केवल प्रतीकात्मक नेता बनकर रह गए तो पार्टी के भीतर खींचतान बढ़ना तय है।बिहार की राजनीति हमेशा व्यक्तित्वों के इर्द-गिर्द घूमती रही है। लालू प्रसाद यादव, नीतीश कुमार और अब तेजस्वी यादव इन सभी ने अपने-अपने दौर में राज्य की राजनीति को दिशा दी है। निशांत कुमार का राजनीतिक सफर अभी शुरू हुआ है। यह कहना जल्दबाजी होगी कि वे अपने पिता की विरासत संभाल पाएंगे या नहीं। लेकिन इतना तय है कि उनकी एंट्री ने बिहार की राजनीति में एक नई बहस और नई प्रतीक्षा जरूर पैदा कर दी है। आने वाले वर्षों में यह साफ होगा कि यह कदम जेडीयू को स्थिरता देगा या पार्टी को एक नए संघर्ष के दौर में ले जाएगा।

*(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं।)*

साहित्य

## युद्ध बेटियों को निगल गया

संजय एम तराणेकर

ईरान की बेटियों को निगल गया ये युद्ध,
माताएं हुई बेऔलाद किस पे होए क्रुद्ध।
प्यारी बिटिया! रोज स्कूल से लौटती थीं,
भविष्य के ख्वाब बस्तों में समेटती थी।

आंगन में गूंजती सुखी जीवन की इबारतें,
बेटियों की खिलखिलाहटें पिता निहारते।
गोदी संवारती माताएं हरपल यूं पुकारती,
स्कूल भेज काले टीके से नजर उतारती।

तुम्हारे बस्ते में बारूदी गंध मिश्रित हो गई,
वह स्लेट व कॉपी मलबे में ढेर हो खो गई।
ये इबारत लिख रहा स्कूल खंडहर हो गया,
बम धमाके से बेटियों को दफ़न कर गया।

युद्ध जीतकर भी कोई जीता है यहाँ कभी,
लथपथ पड़ी लाशों का लहू पीता है कभी।
अमेरिका-इज़राइल शांति की ओर ही बढ़ो,
रोको ये खून-खराबा एक नई कहानी गढ़ो।

*(संदर्भ - ईरान के क़ाज़वीन में स्कूल के पास गिरी मिसाइल)*

## राशिफल

**मेषः-** प्रतिभाओं के बावजूद हीन भाव प्रतिभाओं के लाभ से वंचित होगा। कल्पनाओं में जीना छोड़ भौतिक जगत के अनुकूल चलने का प्रयत्न करें।

**वृषभः-** किसी कार्य में सफलता से उत्साह में वृद्धि होगी। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी। परिश्रम से आर्थिक लाभ होगा।

**मिथुनः-** नीरस स्वभाववश रचनात्मक योजनाओं को सार्थक करने में असमर्थ होंगे। सब कुछ सामान्य होते हुए भी मन अरुचि का शिकार होगा।

**कर्कः-** काफी दिनों से अवरोधित कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने के आसार बनेंगे। काफी दिनों से प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। शिक्षा प्रतियोगिता की दिशा में प्रयत्न सार्थक होगा।

**सिंहः-** नयी घरेलू जिम्मेदारियों के पैदा होने से व्यय संभव। प्रयासरत कोई महत्वपूर्ण कार्य हल होने से मन प्रसन्न होगा। नये कार्य के क्रियान्वयन हेतु प्रयत्न तीव्र होगा। जीवन साथी के स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें।

**कन्याः-** कर्जदारों से मन परेशान होगा। नये क्षेत्रों में प्रयास से लाभ संभव। व्यावसायिक यात्रा द्वारा लाभ संभव। नये संबंधों के सहयोग से आर्थिक कठिनाइयां दूर होंगी।

**तुलाः-** भावुकता व्यावहारिक जगत के अनुकूल चलने में बाधक होगी। अतः व्यावहारिक बनें। भविष्य संबंधी कुछ चिंताएं मन पर प्रभावी होंगी।

**वृश्चिकः-** किसी नयी दिशा में सकारात्मक सोच अवश्य रंग लायेगी। सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। परिजनों के अनुकूल चलने की चेष्ठा करें।

**धनुः-** संवेदनशील शरीर ग्रहों की प्रतिकूलता से बीमार पड़ सकता है। महत्वपूर्ण कार्य की पूर्ति में असमर्थता जैसी स्थिति मन को निराश करेगी।

**मकरः-** कुछ व्यासायिक कारणों से घर से दूर रहना पड़ सकता है। परिजनों की सुख-सुविधा के प्रति मन चिंतित होगा। मस्त-मौला मन व्यर्थ के कार्य में समय जाया कर महत्वपूर्ण कार्य के प्रति लापरवाह होगा।

**कुंभः-** अच्छे कार्य से परिजनों के दिल में जगह बनायें। योजनाओं के फलीभूत होने से मन प्रसन्न होगा। महत्वपूर्ण कार्य में लापरवाही न करें।

**मीनः-** थोड़ा संयमी व धैर्यवान बनें। भाग्य से प्राप्त अच्छी-बुरी सभी स्थिति में समझौतावादी बनें। कुछ नई व्यस्तताएं सामने आएंगी।

# हिमाचल प्रदेश में भुला दिया गया खरपतवार उन्मूलन

कुलभूषण उपमन्यु

हिमाचल प्रदेश की 80-85 प्रतिशत आबादी कृषि से जुड़ी है। खेती की जोत बहुत छोटी होने के कारण पशुपालन और दस्तकारी प्राचीनकाल से लोगों की जीविका का आधार रहा है। पिछले कुछ दशकों से पशुपालन सरकार और वन विभाग की गलत नीतियों के चलते लगातार यह क्षेत्र अनदेखी का शिकार हो रहा है। परिणाम स्वरूप बहुत से लोग पशुपालन से तौबा कर चुके हैं। अत्यधिक चीड़ रोपण और लेंटाना आदि खरपतवारों के फैलने से प्रदेश की 2 लाख 35 हजार हेक्टेयर चरागाह और वन भूमि खरपतवारों की चपेट में आकर अनुत्पादक हो चुकी है।

खरपतवारों ने केवल स्थानीय घासों को ही नष्ट नहीं किया बल्कि प्रदेश की बहुमूल्य जैव-विविधता को भी खतरे में डाल दिया है। इसका स्थानीय अर्थव्यवस्था पर बहुत बुरा असर हुआ है। पशुपालन के लिए प्रदेश के किसानों को पंजाब से महंगी तूड़ी या पराली लाकर गुजारा करना पड़ रहा है, जबकि प्रदेश के पास 67 प्रतिशत वन भूमि है, जिसके अधिकांश भाग में चारा उपलब्ध होता रहा है। किन्तु व्यापारिक वानिकी के चलते और खरपतवार के फैलने से प्रदेश चारे के अकाल जैसी स्थिति से जूझ रहा है। हमें यह याद रखना चाहिए कि पहाड़ों में पशुपालन खुले चरागाहों में चुगान करने पर निर्भर रहा है। इससे पशुपालन की लागत कम आती थी। पशु को धन की संज्ञा दी गई थी। किन्तु अब महंगे चारे ने पशुपालन व्यवसाय को खतरे में डाल दिया है। अन्य सुविधाएं चाहे कितनी भी दी जाएं, जब तक भरपेट सस्ता चारा उपलब्ध नहीं होगा तबतक पशुपालन की हालत दयनीय ही रहेगी।

इसका परिणाम बेसहारा छोड़े जा रहे पशुओं के झुंडों के रूप में सामने आ रहा है। हमारी योजनाएं टुकड़ों-टुकड़ों की समझ के आधार पर बनती हैं, जिससे एक काम बनता है तो दूसरा बिगड़ जाता है। भूमि उपयोग से जुडी योजनाएं भूमि पर आधारित सभी आर्थिक और पर्यावरणीय प्रक्रियाओं की समझ पर समग्र दृष्टि से बनाई जानी चाहिए। प्रदेश की अधिकांश भूमि तो वन विभाग के प्रबन्धन में है। इसलिए उनकी जिम्मेदारी सबसे ज्यादा बनती है की वन, कृषि, पशुपालन, बागवानी और जलवायु प्रबन्धन की जरूरतों को देखते हुए सर्व समावेशी योजना बनाने की वकालत करें।

पिछले दिनों तमिलनाडु सरकार ने खरपतवार उन्मूलन के प्रति दृढ़ता का परिचय देते हुए व्यापक कार्यक्रम शुरू करने का साहस दिखलाया है, जिससे पशुओं और वन्य प्राणियों को भी पर्याप्त घास मिल सके। तमिलनाडु उच्च न्यायालय ने भी इस मुद्दे का संज्ञान लिया है और आदेश दिया है कि यह कार्य खरपतवार काटने तक सीमित नहीं रहना चाहिए बल्कि उखाड़ कर वहां स्थानीय घास लगाकर चरागाह विकसित करके स्थानीय पारिस्थितिकीय संतुलन को स्थापित किया जाना चाहिए। इस प्रक्रिया को टिकाऊ बनाने के लिए स्थानीय समुदायों को भी जोड़ने का काम किया गया है।

वह मॉडल हिमाचल प्रदेश के लिए भी उपयुक्त हो सकता है। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में इस कार्य के लिए बजट उपलब्ध करवा कर गतिविधि को सहज बनाने के लिए निजी उद्योगों को भी जोड़ा है। लेंटाना से बायोचार (एक तरह का कोयला) बना कर बेकार खरपतवार का उपयोग किया जा रहा है। हिमाचल में भी चीड़ की पत्तियों और लेंटाना जैसी खरपतवारों के पेलेट्स बनाकर उपयोग किये जा सकते हैं। हालांकि हिमाचल में इस तरह के कुछ प्रयास हुए भी हैं किन्तु वे सफल नहीं हो सके, क्योंकि उनको सरकार का पूर्ण सहयोग नहीं मिल सका। सरकार ने यह सोचा था कि यह अपने स्तर पर ही एक सफल उद्योग के रूप में स्थापित हो सकेगा, किन्तु बायोचार या ब्रिकेट्स बनाने के बाद जिस बाजार में वह उत्पाद बेचना पड़ता है उसका भाव लाभदायक नहीं मिलने के कारण वे उद्योग बंद पड़ गए हैं। यदि चरागाह विकास और वनों में आग नियंत्रण के कार्य को इससे जोड़ कर देखा जाए तो इन उद्योगों को सरकार द्वारा कच्चा माल उपलब्ध करवा कर उद्योग को भी सफल बनाया जा सकता है और कुछ बोझ निजी कंपनियां भी उठा सकती हैं।

मनरेगा (वीबी जी राम जी) कार्यक्रम को भी इस गतिविधि से जोड़ा जा सकता है। इससे विभिन्न गतिविधियों को एक-दूसरे का सहारा मिल सकता है। सस्ता घास चारागाह से उपलब्ध होगा तो पशुपालन आसन होगा, गोबर से खेत को खाद मिलेगी, खरपतवार से ब्रिकेट या बयोचार बना कर कुछ रोजगार खड़ा होगा। खेती में बेसहारा पशुओं द्वारा नुकसान कम होगा। वनों में लगने वाली आग पर कुछ नियन्त्रण हो सकेगा। हालांकि हिमाचल प्रदेश में भी समय-समय पर खरपतवार उन्मूलन के प्रयास हुए हैं किन्तु उनको लगातार बढ़ावा देकर सफलता तक पहुंचाने के प्रयास नहीं हो पाए। न ही पर्याप्त बजट का प्रावधान हो सका। 2023 में हटेगा फुलनू, लौटेगी चारागाह के नाम से एक जागरुकता अभियान चलाया गया था। कुछ जगह मनरेगा में भी खरपतवार उखाड़ने का काम हुआ था। किन्तु चरागाह स्थापित होने तक लगातार निगरानी और घासरोपण नहीं होने के कारण दोबारा वहां खरपतवार आ गया। क्योंकि लेंटाना आदि खरपतवार उन्मूलन का काम सघन श्रम का कार्य है। इसे स्वैछि्चक रूप से नहीं किया जा सकता। इसलिए प्रदेश को चरागाह पुनर्स्थापन के कार्य को बजट का जरूरी हिस्सा बनाना होगा जो प्रदेश की विभिन्न आर्थिक गतिविधियों को संबल प्रदान करेगा और वनों की पर्वतीय क्षेत्रों की मांग के अनुरूप भूमिका को भी परिभाषित करेगा।

*(लेखक, हिमालय नीति अभियान के अध्यक्ष और प्रसिद्ध पर्यावरणविद् हैं।)*

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**पत्राचार एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672,**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

# बार एसो. के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने ली शपथ



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

बार एसोसिएशन के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह तहसील परिसर में भव्य रूप से आयोजित किया गया। कार्यक्रम में जनपद एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र कुमार झा ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। समारोह को संबोधित करते हुए जनपद एवं सत्र न्यायाधीश नरेंद्र कुमार झा ने कहा कि चुनाव के बाद पदाधिकारियों की जिम्मेदारी और अधिक बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि बार के पदाधिकारी केवल अधिवक्ताओं के प्रतिनिधि ही नहीं होते, बल्कि समाज और न्याय व्यवस्था के भी महत्वपूर्ण अंग होते हैं। उन्होंने सुंदरकांड की चौपाइयों का उल्लेख करते हुए पदाधिकारियों को उचित और अनुचित का विचार कर निर्णय लेने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यदि पदाधिकारी सुंदरकांड का पाठ और उसका चिंतन करें तो जीवन और कार्य में आने वाली कई समस्याओं का समाधान स्वयं मिल सकता है। कार्यक्रम में बार काउंसिल ऑफ उत्तर प्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग पांडेय एडवोकेट ने भी अपने विचार रखते हुए कहा कि अधिवक्ताओं की सुरक्षा और अधिकारों के संरक्षण के लिए अधिवक्ता प्रोटेक्शन एक्ट लागू कराने के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने भरोसा दिलाया कि अधिवक्ताओं के हितों को सर्वोपरि रखते हुए लगातार कार्य किया जाएगा। नव निर्वाचित अध्यक्ष जितेंद्र श्रीवास्तव ने सभी के प्रति आभार जताया।

कार्यक्रम का संचालन एडवोकेट मयंक सक्सेना ने किया। इस अवसर पर न्यायिक एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बड़ी संख्या में अधिवक्ता उपस्थित रहे। समारोह के दौरान बार और बेंच के आपसी समन्वय तथा न्याय व्यवस्था को मजबूत बनाने पर भी जोर दिया गया।

### शपथ लेने वाले पदाधिकारी

अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, महासचिव पंकज मिश्रा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष संजीव कुमार दुबे, उपाध्यक्ष (प्रथम) दिनेश चन्द्र यादव, विनीत त्रिपाठी, उपाध्यक्ष (द्वितीय) गुलाम हुसैन खाँ, गौरव चतुर्वेदी, कोषाध्यक्ष अन्जू पटेल, संयुक्त सचिव (प्रशासन) नरेन्द्र सिंह शाक्य, संयुक्त सचिव (प्रसारण) अमित राजपूत, संयुक्त सचिव (पुस्तकालय) अजय कुमार सक्सेना, वरिष्ठ प्रशासनिक सदस्य आदित्य कुमार त्रिपाठी, अभिरूप सिंह दीक्षित, अमित कुमार दुबे, फहीमुज्जमाँ खाँ, राकेश कुमार भटनागर, संदीप सिंह चौहान, कनिष्ठ प्रशासनिक सदस्य अवनीश वर्मा, ललित दुबे, सचिन बौद्ध, सुखेन्द्र सिंह, वेदमती, वेदराम।

## भेड़ के जन्में दो बच्चों में एक सूंडनुमा, देखने को उमड़ी भीड़

**कन्नौज।** जिले के एक गांव में एक किसान के घर पालतू भेड़ ने दो बच्चों को जन्म दिया। सोमवार की सुबह जन्में दो बच्चों में एक मेमना का सर हाथी की सूंड जैसा दिखाई दिया तो गांव में चर्चा का विषय बन गया। जानकारी के मुताबिक गांव शाहनगर निवासी कमलेश पुत्र तमन्नालाल के घर पली पालतू भेड़ के सोमवार की सुबह दो मेमनो ने जन्म लिया। जब परिजनों ने मेमनो को देखा तो दंग रह गए। एक मेमने का सर हांथी की सूंड जैसा दिखाई दिया तो परिजनों और गांव के ग्रामीणों में चर्चा का विषय बन गया। गांव के ग्रामीण भेड़ के इस मेमने का सर हांथी जैसा सूंड वाला नजर आने पर गणेश भगवान जैसी आकृति वाला मानकर आस्था जताते हुए नजर आ रहे हैं।

## रमज़ान में इतिकाफ बड़ी अहम इबादत है



**समधन, समृद्धि न्यूज।** रमजान के आखरी 10 दिनों में एतिकाफ की इबादत अदा की जाती है जो 20 रमजान की शाम से शुरू होती है और चांद दिखने तक होती है मर्द हजरात मस्जिद में एतिकाफ करते हैं और इन 10 दिनों में मस्जिद के अंदर रहते हैं इबादत करते हैं नमाज रोजा , जिक्र, दुआएं वगैरा अंजाम देते हैं और खास तौर पर सबसे बड़ी अजमत अली रात शब ए कद्र का हासिल करना आसान हो जाता है जो बड़े मर्तबे वाली रात है यह रात हजार महीनो से बेहतर है इस रात में इबादत करके लगभग 84 बर्स की रातों से ज्यादा एक रात में अज्र व सवाब हासिल होता है एतिकाफ जिस तरह मर्द हजरात करते हैं इसी तरह औरतों के लिए भी यह बात है कि वह भी अपने घरों में उस जगह एतिकाफ करें जो नमाज के लिए मुतअय्यन है अगर नमाज के लिए कोई जगह मुतअय्यन ना हो तो पहले एक जगह को नमाज के लिए मुकर्रर कर लिया जाए फिर उसी जगह इन दिनों में एतिकाफ की इबादत अंजाम दें एतिकाफ का इतना बड़ा सवाब है की उसकी वजह से बंदा जन्नत का हकदार बनता है दोजख से दूर होता है अल्लाह की नजदीकी हासिल करता है नबी सल्लल्लाहु अलैहि वसल्लम ने 10 दिनों का हर साल एतिकाफ फरमाया है और हमेशा इस पर अमल होता रहा है एतिकाफ की इबादत पर अगर किसी शहर में , बस्ती में अमल नहीं किया गया तो तमाम लोग गुनहगार होते हैं इसलिए हर शहर और बस्ती में एतिकाफ करने वाले जरूर होनी चाहिए कम से काम एक शख्स जरूर हो जो मस्जिद मे एतिकाफ करे उससे ज्यादा लोगों को कोशिश करना चाहिए जो लोग कामों में मसरूफ रहते हैं वह लोग अगर शब ए कद्र को हासिल करने के लिए रात को नफली एतिकाफ कर लिया करें तो बेहतर है।

# पालिकाध्यक्ष मनोज दूबे की अनोखी पहल, तैयार कर दी औषधि वाटिका

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष मनोज दुबे ने पर्यावरण संरक्षण और जनहित को ध्यान में रखते हुए एक अनोखी पहल की शुरुआत की है। उन्होंने अपने स्वयं के संसाधनों से फर्रूखाबाद रोड पर कान्हा गौशाला में एक सुंदर औषधि वाटिका तैयार कराई है, जिससे अब लोगों को औषधीय पौधों के लिए भटकना नहीं पड़ेगा। इस पहल को नगरवासियों द्वारा काफी सराहा जा रहा है।

पालिकाध्यक्ष ने नगर क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के उद्देश्य से 500 पौधे लगाने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में औषधीय, फलदार और छायादार पौधों के लिए अलग से एक विशेष वाटिका तैयार की गई है। इस वाटिका को विकसित करने के लिए बरेली, आगरा और इलाहाबाद से लाखों रुपये की लागत से विशेष किस्म के पौधे मंगाए गए हैं। इस वाटिका की खास बात यह है कि यहां 20 किस्म के कलकतिया गुलाब लगाए गए हैं, जो इसकी सुंदरता को और बढ़ा रहे हैं। इसके अलावा लाल आंवला, नारियल, नींबू, लीची, माल्टा, बेल, इमली, बालम खीरा, अर्जुन, रेड मचेरा, फोस्टल पाम, चीकू, अमरूद, एरोकेरिया, अरीका पाम, गुलमोहर, चकोदरा, अशोक, पीपल, बरगद, जामुन, बारहमासी आम, रुद्राक्ष, पूजा वाले पान की बेल, फाइकस और मीठा सहजन सहित कई अन्य पौधे लगाए गए हैं। पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे का कहना है कि पेड़-पौधे पर्यावरण संतुलन के लिए बेहद जरूरी हैं। यदि हर व्यक्ति पौधे लगाए और उनकी देखभाल करे तो आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और स्वस्थ वातावरण मिल सकेगा।

## पपेट्री कला के माध्यम से दिया सामाजिक संदेश



**छिबरामऊ, कन्नौज।** लखनऊ में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम में पपेट्री कला का प्रदर्शन कर सभी को अपनी कला से आकर्षित करने वाले छिबरामऊ के शिक्षक सुमित कुमार गुप्ता को सम्मानित किया गया। उनके हुनर ने पूरे प्रदेश में जिले का नाम रोशन किया है। बेसिक शिक्षा विभाग उत्तर प्रदेश एवं यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रदेश स्तरीय कार्यक्रम 'प्रगति 2026 आत्मसम्मान से समानता तक' तथा अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम का आयोजन लखनऊ के दयाल गेटवे में किया गया। कार्यक्रम में प्राथमिक विद्यालय मुरली नगला, ब्लॉक छिबरामऊ के शिक्षक सुमित कुमार गुप्ता ने स्टाल दीर्घा के कठपुतली अनुभाग में पपेट्री कला का आकर्षक प्रदर्शन किया। स्टाल अवलोकन के दौरान बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह ने स्टाल का निरीक्षण किया। इस दौरान बच्चों के माध्यम से पपेट्स के जरिए सामाजिक सरोकारों से जुड़े संदेश प्रस्तुत किए गए तथा बताया गया कि किस प्रकार पपेट शो समाज में सकारात्मक बदलाव का माध्यम बन सकता है। मंत्री ने इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में यूनिसेफ चीफ डॉ.जकारी एडम, रवि दयाल सहित अन्य अधिकारियों ने भी स्टाल पर पहुंचकर पपेट्स के बोलने की शैली और उन्हें बनाने की प्रक्रिया को करीब से समझा और इसमें विशेष रुचि दिखाई। वहीं प्रदेश प्रभारी पीएमश्री विद्यालय नंदलाल गुप्ता ने भविष्य में पपेट्री विधा को प्रदेश के प्रत्येक विद्यालय तक पहुंचाने की बात कही। इस अवसर पर प्रदेश भर से मंडल स्तर की मेरे बदलाव की कहानी कॉमिक्स पोस्टर प्रतियोगिता में चयनित छात्र-छात्राओं व शिक्षकों ने स्टाल का अवलोकन किया। बच्चों को पपेट्स के प्रयोग और संवाद प्रस्तुति की जानकारी दी गई। कार्यक्रम में सक्रिय सहभागिता के लिए यूनिट प्रभारी बालिका शिक्षा मुकेश कुमार सिंह ने सुमित कुमार गुप्ता को स्मृति चिन्ह व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया।

# महिला सफाई कर्मियों का हुआ भावपूर्ण सम्मान

### स्वच्छ भारत मिशन के तहत अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर हुए विशेष कार्यक्रम

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर नगर पालिका परिषद में स्वच्छ भारत मिशन (नगरीय) के अंतर्गत एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर शहर की स्वच्छता में अहम योगदान देने वाली पांच महिला सफाई कर्मियों झब्बो देवी, किरन देवी, संजो देवी, सुशीला देवी और नन्ही देवी को माल्यार्पण एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

पालिकाध्यक्ष मनोज दुबे ने सम्मान समारोह में कहा नगर को स्वच्छ बनाने में इन महिलाओं का विशेष योगदान है। वे रोजाना कठिन परिस्थितियों में काम करके शहर की सुंदरता और स्वास्थ्य को बनाए रखती हैं। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर इन्हें सम्मानित करते हुए हमें गर्व की अनुभूति हो रही है। हमारी नगर पालिका इनके प्रयासों को सदैव सराहेगी और बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने का प्रयास करेगी। अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार सिंह ने कहा ये महिला सफाई कर्मी समाज की असली नायिकाएं हैं, जो बिना किसी शोर-शराबे के अपनी ड्यूटी निभाती हैं। स्वच्छ भारत मिशन के लक्ष्यों को साकार करने में इनका योगदान अनमोल है। हम इनके सम्मान में यह कार्यक्रम आयोजित कर खुशी महसूस कर रहे हैं और भविष्य में भी इन्हें हर संभव सहयोग देंगे। कार्यक्रम में सफाई प्रभारी अमरदीप, प्रवेश यादव सहित नगर पालिका के समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आठ माह से नहीं मिला मानदेय, बीडीओ को सौंपा पत्र



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मनरेगा कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं और मांगों से संबंधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी दीपांकर आर्य को सौंपा। इसके साथ ही मनरेगा कर्मचारियों ने आंदोलन की भी रणनीति तय की। ग्राम रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष प्रशांत कुमार तिवारी ने बताया कि जीवन के अधिकार के अंतर्गत मनरेगा कर्मियों जिसमें ग्राम रोजगार सेवक, तकनीकी सहायक, कंप्यूटर आपरेटर, लेखा सहायक, अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों को विगत काफी समय से मानदेय का भुगतान नहीं किया गया है। जबकि इन समस्याओं को लेकर संगठन के प्रतिनिधि मंडल ने 23 फरवरी को रोजगार गारंटी आयुक्त को स्थितियों से अवगत कराया था। मनरेगा कर्मचारी लंबे समय से मानदेय भुगतान न मिलने तथा विभागीय अधिकारियों द्वारा कार्य के नाम पर किए जा रहे शोषण एवं उत्पीडऩ से बेहद आहत हैं। ऐसे में मनरेगा कर्मचारियों ने सोमवार को खंड विकास अधिकारी को अपनी मांगों के संबंधित ज्ञापन सौंपा। अगले चरण में 10 से 15 मार्च तक विधायक और सांसद व मंत्रीगणों को वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाएगा। 16 मार्च को मनरेगा कर्मी जनता दर्शन में उपस्थित होकर मुख्यमंत्री को समस्याओं से अवगत कराएंगे। इस दौरान शशिकांत, रामसेवक, अरूण कुमार, अरशद, महावीर सिंह, राजेश कुमार, आमोद कुमार, अर्जुन सिंह, जितेंद्र कुमार, संदीप कुमार, शिशुपाल सिंह, अशोक, धीरज, सचिन, विनीत, राजीव, विजय, रक्षपाल सिंह, विजयविक्रम सिंह, आशुतोष, राजीव, बलवान सिंह, कौशल कुमार, ऋषि कुमार, अमित सिंह, मनोज कुमार, राजपाल, रमाकांत, विमल सिंह व ओमवीर सिंह आदि मौजूद रहे।

# बकाया बिल मार्च 2026 तक जमा कर उठाएं लाभ

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**





एक मुश्त समाधान योजना

विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता राजीव कुमार भारती ने एक मुश्त समाधान योजना 2025-2026 के तहत पंजीकृत उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे शीघ्र अपने बकाया बिल की पूरी राशि जमा कर दें।

उन्होंने बताया कि इस योजना में कुल 8931 उपभोक्ताओं ने पंजीकरण कराया है, लेकिन अधिकांश ने अभी तक अपना पूर्ण बिल भुगतान नहीं किया है। अधिशासी अभियंता ने स्पष्ट किया कि यदि पंजीकृत सभी उपभोक्ता मार्च 2026 के महीने में अपने बकाया बिल की पूरी धनराशि जमा कर देते हैं, तो उन्हें योजना का पूरा लाभ मिलेगा। इसमें ब्याज माफी या अन्य छूट जैसी सुविधाएं शामिल हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि समय पर भुगतान नहीं हुआ तो बिजली कटौती जैसी कार्रवाई हो सकती है, जिससे उपभोक्ताओं को परेशानी उठानी पड़ सकती है। उन्होंने सभी पंजीकृत उपभोक्ताओं से आग्रह किया कि वे जल्द से जल्द बकाया राशि जमा करें और योजना का अधिकतम लाभ उठाएं। इससे न केवल बिजली आपूर्ति निर्बाध रहेगी, बल्कि आर्थिक बोझ भी कम होगा।

## नेहरू महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स प्रवेश जांच शिविर का शुभारंभ

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



नेहरू महाविद्यालय में रोवर्स/रेंजर्स प्रवेश जांच शिविर का शुभारंभ हुआ। प्राचार्य प्रोफेसर जयवीर सिंह की उपस्थिति में ट्रेनर्स योगेश कुमार और पूजा वर्मा ने ध्वज शिष्टाचार कराया। शिविर के पहले दिन ध्वज शिष्टाचार, नियम, प्रतिज्ञा, झंडा गीत, प्रार्थना, स्काउट इतिहास तथा वर्गीकरण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। इस अवसर पर प्राचार्य ने कहा कि ऐसे शिविरों से छात्र-छात्राओं में सेवा भावना, टीमवर्क और नैतिक मूल्यों का विकास होता है। शिविर का संचालन रोवर्स प्रभारी मनीष कुमार तथा रेंजर्स प्रभारी डॉ. प्रियंका द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिक्षकगण और शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे।

# नौकरी के नाम पर पांच लाख की ठगी करने का आरोपी गिरफ्तार

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

उपभोक्ता फोरम में नौकरी लगवाने के नाम पर पांच लाख रुपए ठगने के मामले में चार माह से फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जानकारी के मुताबिक मामला सदर कोतवाली के चौकी मानीमऊ के गांव तारामऊ गढ़ी का बताया गया है। मामले में मधुपुर गांव निवासी अनुज कुमार पुत्र रामप्रकाश पर आरोप है कि, उसने एक किसान की पुत्री से उपभोक्ता फोरम में नौकरी दिलवाने का झांसा दिया था, और बदले में पांच लाख रुपए की रकम भी ली थी। इतना ही नहीं शातिर युवक ने किसान की बेटी को एक फर्जी नियुक्ति पत्र भी थमा दिया। ठगी का मामला तब सामने आया जब किसान की बेटी नियुक्ति पत्र के साथ उपभोक्ता फोरम पहुंची, जहां नियुक्ति पत्र फर्जी होने की जानकारी मिलने के बाद उसके साथ ठगी का खुलासा हुआ। पीड़ित किसान ने मामले के खुलासे और अपने साथ हुई ठगी की जानकारी के बाद जब आरोपी युवक से अपनी दी हुई रकम मांगी तो किसान के मुताबिक उसको आरोपी ने जान से मारने की धमकी दी। बीती चार नवंबर 2025 को पुलिस से मामले की शिकायत किसान द्वारा किए जाने के बाद पुलिस ने मामला दर्ज करके जांच पड़ताल शुरू कर दी थी। इस दौरान आरोपी ठग फरार हो चुका था।

## ठठिया नगर में निकाली जाएगी विशाल कलश यात्रा


**गुरसहायगंज कन्नौज।** स्वामी शिवानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ठठिया में विशाल श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ का आयोजन हो रहा है इस दौरान मंगलवार को श्रद्धालु विशाल कलश यात्रा पूरे नगर में निकालेंगे। श्रीमद् भागवत कथा महायज्ञ की तैयारी सोमवार को आयोजकों द्वारा पूर्ण कर ली गई 10 मार्च से भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ विशाल कलश यात्रा निकाल कर किया जाएगा। यह जानकारी स्वामी शिवानंद सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज ठठिया कन्नौज के प्रबंधक कार्यक्रम आयोजक विजय सिंह कनौजिया ने दी। उन्होंने बताया कि श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ 10 मार्च 2026 से 18मार्च 2026 तक सरस कथा वाचक परम सानिध्य सदगुरुदेव श्री श्री 108 स्वामी राम हृदय दास जी महाराज रामायणी कुटी श्री चित्रकूट धाम सतना मध्य प्रदेश के मुखारविंद से श्रद्धालुओं को सुनाई जाएगी।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ती ने संयुक्त मोर्चा यूपी का किया गठन

**गुरसहायगंज, कन्नौज।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर उत्तर प्रदेश की संघर्षील आंगनबाड़ी कर्मचारियों ने आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा उत्तर प्रदेश के बैनर तले संयुक्त आंदोलन का गठन कर एक नया इतिहास रच दिया। यह बात आंगनबाड़ी कार्यकर्ती एवं सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन की जिला अध्यक्ष ममता मिश्रा बताया कि मोर्चे के एक प्रमुख घटक के रूप में हमारे संगठन आंगनबाड़ी आंगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिका वेलफेयर एसोसिएशन, उत्तर प्रदेश के 08 मार्च के महान दिन लखनऊ में बड़े आंदोलन के सुझाव को सर्व सम्मत रूप से स्वीकार करते हुए आंगनबाड़ी संयुक्त मोर्चा ने 8 मार्च लखनऊ चलने का आहवाँन किया था। 7 मार्च को पुलिस ने, हर एक आंगनबाड़ी नेत्री को नज़र बंद करने, घर पर पुलिस तैनात करने के बाद भी जब आंगनबाड़ी नहीं झुकीं तो शाम 7 बजे वार्ता का लिखित निमंत्रण भेजा गया।

# युवक लापता, परिजनों ने लगाया अपहरण का आरोप

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**



दो दिनों का समय बीतने के बाद भी 23 वर्षीय युवक अपने घर नहीं लौटा। अनहोनी घटना की आशंका पर परिजनों ने तीन लोगों के खिलाफ पुलिस से कार्यवाही को लेकर फरियाद लगाई है। जानकारी के मुताबिक मामला ठठिया थाना क्षेत्र के गांव खानपुर का है। गांव निवासी महिला नस्सो बानो पत्नी मुख्तियार ने बताया कि उनका पुत्र 23 वर्ष इरफान बीती आठ मार्च की सुबह रविवार को घर से नित्य क्रिया को गया था। काफी समय गुजरने के बाद भी इरफान वापस घर नहीं लौटा। खोजबीन के बाद भी उसका कोई भी पता नहीं चल सका।

महिला के मुताबिक बीती 4 मार्च को होली के दिन विवाद हुआ था। दो ट्रैक्टरों पर सवार होकर आए कुछ लोगों ने इरफान से गालीगलौज करते हुए जान से मारने की धमकी भी दी थी। पीड़ित परिवार द्वारा घटनाक्रम का वीडियो भी बनाकर वायरल किया गया था। पीड़ित महिला के मुताबिक रविवार की सुबह नित्यक्रिया को घर से गए इरफान का कोई पता नहीं चल रहा है।


# कार्यालय नगर पालिका परिषद, गुरसहायगंज, जनपद कन्नौज

पत्रांक संख्या- 1127/DA-05/ /नि.सू.(2025-26) दिनांक- 09.03.2026

## अल्पकालीन निविदा सूचना

पालिका के पंजीकृत ठेकेदारों को सूचित किया जाता है कि राज्य वित्त आयोग/पालिका निधि के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निम्नलिखित प्रस्तावित निर्माण कार्यों को कराये जाने सम्बन्धी निविदायें दिनांक 18.03.2026 समय दोपहर 4:00 बजे तक कार्यालय नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज में निर्धारित शुल्क जमा करके क्रय की जा सकती है जो दिनांक 19.03.2026 समय 02:00 बजे तक टेण्डर बॉक्स में डाली जायेगी। डाली गई निविदायें सक्षम अधिकारी एवं टेण्डरदाताओं के समक्ष उसी दिन सायं 04:00 बजे कार्यालय नगर पालिका परिषद में खोली जायेगी। सम्बन्धित निविदा को बिना कारण बताये स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में सुरक्षित होगा जिसमें किसी प्रकार का वाद विवाद मान्य नहीं होगा। निविदा डालने की दिनांक को यदि कोई अवकाश घोषित हो जाता है तो निविदा अगली तिथि को डाली व खोली जायेगी। अन्य शर्ते आदि नगर पालिका गुरसहायगंज कार्यालय में देखी-पढ़ी जा सकती है।

| क्र. सं. | कार्य का विवरण | आगणन धनराशि | अग्रिम जमानत 10 प्रतिशत | निविदा शुल्क | कार्य अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | तिर्वा रोड से जी.टी. रोड तक पी.वी.सी. पाईपलाईन डालने का कार्य। | 3.91 | 39100.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 2. | चौराहा से ट्यूबवेल नं.02 तक पी.वी.सी. पाईपलाईन डालने का कार्य। | 3.98 | 39800.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 3. | मो. विजय नगर में अवधेश गुप्ता के मकान से टिल्लू बाथम के मकान तक बालू डालने का कार्य। | 4.92 | 49200.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 4. | जी.टी. रोड से राधाकिशन गुप्ता के मकान तक बालू डालने का कार्य। | 4.92 | 49200.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 5. | चकोर गेस्ट हाउस से तिर्वा रोड तक बालू डालने का कार्य। | 4.92 | 49200.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 6. | वार्ड नं. 10 में ईश्वरदयाल के प्लाट से पप्पू शर्मा के मकान तक सीसी सड़क निर्माण व नाली मरम्मत कार्य। | 3.21 | 32100.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 7. | नगर के विभिन्न वार्डों में पैच मरम्मत व नाली पर जाल डालने का कार्य। | 4.97 | 49700.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 8. | वार्ड नं.18 में लालाराम के प्लाट से रामभरोसे के मकान तक सीसी सड़क निर्माण व दोनो तरफ नाली निर्माण कार्य। | 2.62 | 26200.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 9. | वार्ड नं.16 में अरूण के मकान से सेवाराम के मकान तक सीसी सड़क निर्माण व दोनों तरफ नाली निर्माण का कार्य। | 3.43 | 34300.00 | 767.00 | 30 दिवस |
| 10. | मोहल्ला अफसरी में मन्दिर चबूतरा का निर्माण कार्य। | 1.65 | 16500.00 | 679.00 | 30 दिवस |

**शर्ते/प्रतिबन्ध-**

1- कार्य की गुणवत्ता सही न होने पर जमानत धनराशि को जब्त करते हुए कार्यवाही की जायेगी।

2- निविदा क्रय किये जाने हेतु सम्बन्धित ठेकेदार को जी.एस.टी. पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रस्तुत करना होगा।

3- निविदा शुल्क आर.टी.जी.एस. के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा गुरसहायगंज के खाता संख्या 28800100026611 में जमा करना होगा जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के पक्ष में देय होगा। इसके अतिरिक्त निविदा शुल्क पालिका में नकद भी जमा कर सकते है।

4- निविदा के साथ 10 प्रतिशत अर्नेस्ट मनी के रूप में देय आर.टी.जी.एस. के माध्यम से बैंक ऑफ बड़ौदा गुरसहायगंज के खाता संख्या 28800100026611 में जमा करना अनिवार्य होगा जो अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद गुरसहायगंज के पक्ष में बन्धक होगा। इसके अतिरिक्त अर्नेस्ट मनी कार्यालय में नकद भी जमा कर सकते है।

5. जो भी ठेकेदार निविदाएं क्रय करेगा उसकी निविदा स्वीकृति के उपरान्त स्वतः घोषणा पत्र 100.00 रूपये के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित कराकर पालिका द्वारा उपलब्ध घोषणा पत्र भरकर देना अनिवार्य होगा।

6. आयकर, व्यापारकर में पंजीकरण का प्रमाण-पत्र अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा।

7. अर्नेस्ट मनी के बिना निविदा मान्य नहीं होगी।

8. निर्माण कार्य हेतु निविदादाता को कार्य योजना के क्रियान्वयन के साथ-साथ उसके शासनादेश संख्या-1139/नौ-9-21-45ज/21 दिनांक 30 जून 2021 में वार्णित SOP के अनुसार कार्य सही होने की स्थिति में जमानत धनराशि कार्य पूर्ण होने के 01 वर्ष बाद वापस की जायेगी।

9. यदि यह बात संज्ञान से आयेगी कि ठेकेदार माफिया, असामाजिक संगठनों तथा संगठित अपराध से सम्बन्धित है, तो कारण बताओ नोटिस के पश्चात् ठेका निरस्त कर दिया जायेगा। जिसका उत्तर दायित्व ठेकेदार का होगा।

10. उपरोक्त से सम्बन्धित विवाद की स्थिति में जनपद न्यायालय कन्नौज होगा।

**(अनिल कुमार)**
**अधिशासी अधिकारी**

**(मुन्नी देवी)**
**अध्यक्ष**

# संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर मिला किशोरी का शव

**कायमगंज/कम्पिल, समृद्धि न्यूज।**

- सुबह तड़के खेत पर गए ग्रामीणों ने शव को पड़ा देख परिजनों को दी सूचना
- 21 अप्रैल को होनी थी शादी, किशोरी शादी से नहीं थी खुश

संदिग्ध परिस्थितियों में रेलवे ट्रैक पर किशोर का शव पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सुबह जब ग्रामीण अपने खेतों की ओर जा रहे थे, तो उन्होंने किशोरी का पड़ा देख इसकी सूचना परिजनों को दी। मौके पर परिजन पहुंच गये और उनका रो-रोकर बुरा हाल हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के गांव कादरदादपुर सराय निवासी संजीव श्रीवास्तव की 19 वर्षीय पुत्री रेशमा रविवार रात 11 घर से गायब हो गयी थी। सुबह उसका शव सोतेपुर गांव के पास खम्भा नंवर 172/15,16 के बीच बम्बा की पुलिया के पास पड़ा मिला। ग्रामीणों ने तुरंत संजीव को सूचना दी। जिस पर परिजन घटना स्थल पर पहुंच गये और ग्रामीणों की भीड़ लग गयी। सूचना पाकर आरपीएफ चौकी इंचार्ज सुशील कुमार और कम्पिल थाने के दरोगा दिनेश कुमार मौके पर पहुंच गयी। संजीव ने बताया कि रेशमा की शादी 21 अप्रैल को सिड़पुरा सुल्तानपुर जनपद कासगंज से तय हुई थी। जिसकी रविवार को शगुन की पीली चिट्ठी भी उसने पंडित से तैयार कराई थी। वहीं रेशमा की मां सोनी ने बताया कि वह इस शादी से खुश नहीं थी और शादी के लिए इंकार किया करती थी। उसका अलीगंज क्षेत्र के सिमरा नगला गांव के एक लड़के से फोन पर भी बात होती थी।

ग्रामीणों का कहना है कि रविवार शाम उस लड़के को गांव में देखा गया था। बताते हैं कि इसी बात को लेकर रविवार रात जब संजीव अपनी नाई की दुकान बंद कर घर लौटा तो उसने बेटी को समझने का प्रयास किया।


रोते बिलखते परिजन

उसके ना मानने पर मारपीट भी हुई। जिससे क्षुब्ध होकर वह घर से निकल गई। सुबह उसका शव रेलवे ट्रैक पर पड़ा मिला। कपिल थाना अध्यक्ष नितिन चौधरी का कहना है कि प्रथम दृष्टि मामला आत्महत्या का प्रतीत होता है। संजीव के दो पुत्र सचिन व शिवम दिल्ली में काम करते हैं और वह कल सुबह ही दिल्ली वापस लौट गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही ट्रैक के


मृतका का फाइल फोटो

पास महिलाओं पुरुषों की भारी भीड़ जमा हो गई। मां सोनी आदि परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल था। इकलौती बेटी की मौत से घर में मातम छा गया। शादी की खुशियां मातम में बदल गई। सोनी का कहना है कि जब उसने रात 1 बजे रेशमा को गायब देखा तो उसने


जांच पड़ताल करती पुलिस

पति को बताया। पति ने आसपास के खेत बाग में उसकी तलाश किया, जब कहीं पता नहीं चला तो वह घर वापस लौट आया। उसने बताया कि उसके घर से बक्से में रखें एक लाख रुपए, सोने के झाले, कुंडल, चांदी की लर, पायल और गुच्छा गायब है। पुलिस मामले की जांच कर रही है और पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

# युवक के साथ मारपीट करने वाले आरोपी गिरफ्तार


पुलिस हिरासत में आरोपी

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

रोजा इफ्तार के सामान खरीदने गये युवक के साथ दबंगों ने मारपीट कर घायल कर दिया था। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। नगर पंचायत क्षेत्र जाफर नगर नूरी मस्जिद के पास इमाम शोएब खान बीती शाम को अपने रोजा इफ्तार के सामान खरीदने के लिए कस्बा नवाबगंज के चौराहे पर अपने साथी नासिर खान के साथ गए हुए थे, तभी अराजक तत्वों ने उनको गाली-गलौज किया। जब गाली देने का विरोध किया तो इमाम की सिर से टोपी उतार कर नाली में फेंक दी। जिस पर इमाम शोएब खान के साथ मारपीट की थी। जिसकी सूचना गांव में मिलने पर कई लोग मौके पर पहुंचे और वहां थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार को घटना बतायी। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने तत्काल प्रभाव से तहरीर लिखाने की बात कही और तहरीर लेकर थाना प्रभारी निरीक्षक ने तहरीर के आधार पर एनसीआर दर्ज कराकर आरोपी गणों के घरों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। बीती रात आरोपी पुष्पेंद्र पुत्र राजवीर निवासी ग्राम पटेरा, जबर सिंह पुत्र जगन्नाथ सिंह निवासी ग्राम बरतल, सानू पुत्र अवधेश निवासी ग्राम बरतल, अमन पुत्र बुद्ध पाल, अनुज पुत्र धर्मपाल निवासीगण ग्राम बरतल को गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने बताया कि किसी भी समुदाय के किसी भी व्यक्ति को आपसी भाईचारे का सौहार्द बिगड़ने की इजाजत नहीं दी जाएगी। इसके लिए समय-समय पर उच्च अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रसार में पीस कमेटी के बैठक बुलाई जाती है। जिसमें सभी समुदाय के लोगों को एकत्र कर उनको सही से त्योहार मनाने की अपील की जाती है।


नायब तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण

## पुलिस से परेशान ग्रामीणों ने एसडीएम को भेजा ज्ञापन

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** पुलिस द्वारा मोहल्लेवासियों को बेबजह पूछताछ कर परेशान करने के मामले में मोहल्लेवासियों ने उपजिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। कोतवाली क्षेत्र नगर के मोहल्ला कूंचा निवासी मोहल्लेवासी सचिन, सन्तोष, अजय, कौशल, किशन आदि लोग एकत्रित होकर तहसील परिसर पहुंचे और उपजिलाधिकारी सम्बोधित नायब तहसीलदार अनवर हुसैन को प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें दर्शाया कि 26 तारीख को मोहल्ले के पुरुषोत्तम व उनकी पत्नी पुष्पा कौशल की दिन दहाड़े अज्ञात व्यक्तियों द्वारा घर मे घुसकर गला घोटकर हत्या कर दी गयी थी। जिसके खुलासे के लिए एसओजी सहित तीन टीमों को लगाया गया था। मोहल्लेवासियों ने कहा पुलिस जाँच के नाम पर आय दिन बुलाकर तरह तरह प्रताड़ित कर पूछताछ करती है। हम लोगों मेहनत मजदूरी कर अपने परिवार का भरण पोषण करते है।

# माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल में महिला दिवस पर छात्राओं ने दिया सशक्त संदेश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

माउंट लिटेरा ज़ी स्कूल मुरहास में महिला दिवस (मिशन शक्ति के थीम) पर सोमवार को कार्यक्रम आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल चंद्रा रहे। जिन्होंने स्कूल प्रबंधिका डॉ. रंजना चौधरी और प्रधानाचार्या रबाब आब्दी के साथ दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में छात्राओं ने देश और अपने क्षेत्र की अग्रणी महिलाओं की भूमिका पर अपने विचार साझा किए। कक्षा 9 और 11 की छात्राओं ने अपने ओजस्वी भाषण से सभी का मन मोह लिया। कक्षा 11 की दीया ने महिला स्थिति पर स्वरचित कविता का पाठ किया, जबकि कक्षा 6 की छात्राओं ने समूह गीत प्रस्तुत कर हर किसी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि ने प्रतिभाशाली छात्राओं को पुरस्कार वितरित किए और सभी को लड़कों और लड़कियों में समानता बनाए रखने का संदेश दिया। प्रबंधिका ने छात्राओं से हर क्षेत्र में आगे बढ़ने का आह्वान किया। प्रधानाचार्या ने महिलाओं की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए सभी को प्रेरित किया। संचालन अध्यापिका प्रतिभा चौहान द्वारा किया गया।


कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

# जनगणना की तैयारियों के दृष्टिगत डीएम ने ली बैठक


बैठक लेते डीएम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

दिये आवश्यक दिशा निर्देश

जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में भारत की जनगणना 2026-27 की तैयारियों के दृष्टिगत जनपद स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में जनगणना से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अधिकारियों को जनगणना की प्रक्रिया, डेटा संकलन की विधिए निर्धारित प्रपत्रों के सही उपयोग तथा समयबद्ध एवं शुद्ध आंकड़े संकलित करने के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया। जिलाधिकारी ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनगणना एक महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य है, जिसके माध्यम से देश की जनसंख्या, सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति से संबंधित महत्वपूर्ण आंकड़े प्राप्त होते हैं।

अतः सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन पूर्ण गंभीरता एवं जिम्मेदारी के साथ करें तथा निर्धारित दिशा निर्देशों का पालन सुनिश्चित करें।उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त जानकारी का सही ढंग से उपयोग करते हुए जनगणना कार्य को पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपन्न कराया जाए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व सभी उपजिलाधिकारी व संबंधित विभागों के अधिकारी प्रशिक्षकगण तथा जनगणना कार्य से जुड़े कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मानदेय व ईपीएफ भुगतान न होने पर मनरेगा कर्मियों में रोष


ज्ञापन सौंपते कर्मचारी

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** विकास खण्ड में मनरेगा कर्मियों ने 2025 से लंबित मानदेय ईपीएफ भुगतान न होने पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए खण्ड विकास अधिकारी राजेन्द्र प्रसाद को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा कि उन्होने विभागीय लक्ष्यों और महात्वपूर्ण कार्यों/जैसे एसआईआर, क्रॉप सर्वे को पूरी निष्ठा से कार्य किया। इसके वावजूद पिछले 8 माह से वेतन न मिलने के कारण उन्हें गम्भीर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ रहा है। उन्होने कहा दीपावली के बाद अब होली का त्योहार भी ऐसे ही बीत गया। जिससे उनकी परिवारिक जिम्मेदारियाँ बुरी तरह प्रभावित हुई है। कर्मचारियो ने भारतीय संविधान के अनुच्छेद-21, जीवन का अधिकार का उल्लघंन बताते हुए इसे बेहद संवेदन शील स्थति करार दिया। उन्होंने कहा कि 2025, का मानदेय भुगतान किया जाय। लम्बे समय से बकाया ईपीएफ देयता का निस्तारण हो और विभागिय अधिकारियों द्वारा किए जारहे मानसिक शोषण तथा उत्पीड़न पर रोक हो। ज्ञापन सौंपने के दौरान धरमेन्द्र, चन्दन, उमेश, शैलेश, सलीम, राम प्रताप मौजूद रहे।

# बिजली घर में ड्यूटी कर रहे होमगार्ड की संदिग्ध अवस्था में मौत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बिजली घर में ड्यूटी कर रहे होमगार्ड की संदिग्ध अवस्था में मौत हो गयी। घटना की जानकारी मिलने पर परिजनों में कोहराम मच गया। जानकारी के अनुसार थाना कमालगंज के ग्राम गोपालपुर 55 वर्षीय निवासी समरपाल वर्मा पुत्र शिवमंगल जो की होमगार्ड पद पर तैनात थे। वह सोमवार को लकूला बिजली घर में ड्यूटी कर रहे थे, तभी शाम के समय होमगार्ड समरपाल के फोन से किसी अज्ञात व्यक्ति ने उनके घर फोन किया।

फोन उनके पुत्र ने उठाया। फोन करने वाले व्यक्ति ने बताया कि तुम्हारे


मृतक होमगार्ड का फाइल फोटो

पिता की तबियत खराब है। बिजली घर जल्दी आ जाओ। सूचना मिलते ही परिजन बिजली घर पहुंचे तो देखा कि पिता मृत अवस्था में पड़े थे। जिन्हे उठाकर परिजन लोहिया अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। इतना सुनते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पत्नी मायादेवी, पुत्र रिन्कू, शिवमंगल, पुत्री सरिता, ज्ञानमाला, माधुरी, पुष्पांजलि, भाई गोपाल आदि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था। सूचना पुलिस को दी गई। पुलिस ने पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

## तमंचा कारतूस सहित युवक गिरफ्तार

**कंपिल, समृद्धि न्यूज।** थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर छापेमारी कर गांव सिरसा निवासी रंजीत उर्फमूसा को सोमवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। आरोपित के पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपित के खिलाफमुकदमा दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपित के खिलाफपहले भी कई मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस ने आरोपित को जेल भेज दिया।

# मानदेय न मिलने पर मनरेगा कर्मचारी महासंघ ने बीडीओ को सौंपा ज्ञापन


नवाबगंज में ज्ञापन लेते बीडीओ


मोहम्मदाबाद में बीडीओ को ज्ञापन सौंपते पदाधिकारी

**नवाबगंज/मोहम्मदाबाद/राजेपुर, समृद्धि न्यूज।**

कई माह से मान देय ना मिलने पर मनरेगा कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश के आवाह्न पर विकासखंड अधिकारी को कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपे गये।

नवाबगंज विकासखंड कार्यालय पर सोमवार को मनरेगा कर्मचारी महासंघ उत्तर प्रदेश संबंध राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद के आवाह्न पर विकासखंड क्षेत्र के समस्त रोजगार सेवकों ने विकासखंड अधिकारी अमरेश चौहान को ज्ञापन सौंपा। जिसमें दर्शाया कि आयुक्त रोजगार गारंटी आयुक्त महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना जवाहर भवन दसवां तन लखनऊ के लिए अपनी मांग करते हुए बताया कि होली के पर्व से पूर्व उत्तर प्रदेश के सभी मनरेगा कर्मियों को लंबित मानदेय तथा ऐप का भुगतान प्रत्येक दशा में किए जाने की मांग की। रोजगार सेवकों ने बताया कि उत्तर प्रदेश के सभी मनरेगा कर्मचारी तथा ग्राम रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, लेखा सहायक मनरेगा, तकनीकी सहायक तथा अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों की मांगें विगत कई महीनों से लंबित है। दीपावली पर पर भी मनरेगा कर्मियों का मानदेय भुगतान नहीं किया जा सका था तथा वर्तमान में होली पर्व नजदीक था तब भी मानदेय भुगतान की स्थिति पर संस्य बना हुआ था। जिस कारण मनरेगा कर्मियों को बेहद निराश तथा आर्थिक रूप से परेशान हैं। इसका प्रभाव उनकी कार्य दक्षता पर भी पड़ रहा है। विगत कई महीनों से मान देय ना मिलने कारण गंभीर संकट का सामना करना पड़ रहा है। वित्तीय वर्ष 2025-26 की समाप्ति से पूर्व सभी मनरेगा कर्मियों का लंबित ऐप की रात सभी कर्मियों मान देय दिया जाये। मनरेगा कर्मियों द्वारा लक्ष्य से अधिक मानव दिवस आयोजित किया गया है। जिसकी प्रशंसा स्वयं उपमुख्यमंत्री द्वारा की गई। लक्ष्य से अधिक मानव दिवस सृजन के कारण प्रशासनिक मध्य भी अधिक सरजीत हुआ है। मान देय तथा ऐप के भुगतान के लिए धनराशि पर्याप्त है। समस्त कर्मचारियों के द्वारा चरणबद्ध कार्यक्रम की रूपरेखा तैयार की गई है। जिसमें 6 मार्च से काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराते हुए विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम अधिकारी, खंड विकास अधिकारी को पत्र देते हुए निर्णय लिया गया।

16 मार्च को मुख्यमंत्री के समक्ष उपस्थित होने का निर्णय लिया गया। इस मौके पर रोजगार सेवक संघ के अध्यक्ष सरजू यादव, कुंवर पाल सिंह, गुड्डी देवी, सुनील कुमार, राज किशोर, विनोद कुमार, गोविंद बाबू, रामरूप, अमित, शंभू दयाल, अजय कुमार, तकनीकी सहायक राघवेंद्र सिंह, तकनीकी सहायक मनोज कुमार सिंह, सुशील कुमार, कौशल, विनय कुमार सिंह, गौरव दिवाकर, विनीत कुमार वर्मा, अवनीश बाबू, सुदेश कुमार, पुष्पेंद्र सिंह आदि कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं राजेपुर में मनरेगा कर्मचारियों ने जिलाधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी सम्बोधित ज्ञापन विकासखंड अधिकारी सुनील श्रीवास्तव को सौंपा। संविधान के अनुच्छेद 2 वर्णित तथ्यों से जीवन के अधिकार के तहत मनरेगा कर्मचारियों ने अपनी मांगों को करने के लिए उच्च अधिकारियों को पत्र प्रदर्शित विकासखंड अधिकारी के माध्यम से किया। इस मौके पर अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी राशिद अली, प्रबल प्रताप, राकेश कुमार, जगत प्रकाश, रविंदर, राहुल यादव, विजय प्रताप, रामकृपाल, गंगादीन, सुखदेव, तकनीकी सहायक अजीत कनौजिया, अभय सिंह, शिखा मिश्रा, रामवीर सिंह, आरती देवी, संजय सिंह, ममता पांडे सहित समस्त मनरेगा कर्मचारी मौजूद रहे। वहीं मोहम्मदाबाद में विकासखंड अधिकारी त्रिलोक चंद्र शर्मा को अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मयंक तिवारी तथा अन्य कर्मचारियों ने ज्ञापन सौंपे। ज्ञापन के दौरान मौजूद अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मयंक तिवारी, रोजगार सेवक अरविंद सिंह, खुर्शीद खान, स्वदेश कुमार, अजय सिंह, गजेंद्र सिंह सहित विकासखंड के समस्त कर्मचारी मौजूद रहे।

# एसपी ने थाना मऊदरवाजा का किया वार्षिक निरीक्षण


थाने का निरीक्षण करती एसपी

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

- अधिकारी-कर्मचारीगण को बीट प्रणाली, यक्ष ऐप के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा दिये निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने थाना मऊदरवाजा का वार्षिक निरीक्षण कर साफ-सफाई व्यवस्था, अभिलेखों के रेख-रखाव की ली जानकारी और संबंधित को दिशा निर्देश दिये। जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने थाना मऊदरवाजा का वार्षिक निरीक्षण कर थाने की साफ-सफाई, अभिलेखों के रख-रखाव, मिशन शक्ति केन्द्र, सीसीटीएनएस कार्यालय, हवालात, मैस, बैरकों आदि का निरीक्षण किया तथा थाना क्षेत्र में पड़नें वाले एच.एस., सक्रिय अपराधी, टॉप 10 अपराधियों के बारे में जानकारी कर थाना क्षेत्र के अधिकारी/कर्मचारीगण को बीट प्रणाली, यक्ष ऐप के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा निर्देश दिये।

## आगामी परीक्षा के दृष्टिगत एसपी ने शहर में किया फ्लैग मार्च


पुलिस बल के साथ गस्त करती एसपी

फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज। आगामी परीक्षा के दृष्टिगत सोमवार को पुलिस अधीक्षक आरती सिंह के नेतृत्व में पुलिस ने नगर में फ्लैग मार्च कर लोगों को सुरक्षा एवं पुलिसिया तत्परता का एहसास कराया। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने पुलिस बल के साथ कोतवाली फतेहगढ क्षेत्रान्तर्गत में आगामी परीक्षा के दृष्टिगत शांति, सुरक्षा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने हेतु पैदल गस्त कर सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। भारी पुलिस बल को देखकर अराजकतत्व व बाइक सवार भागते नजर आये। एसपी पैदल गशत कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया।

## अंतरराष्ट्रीय प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता रोजगार मेला आज




**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, ठण्डी सड़क में मंगलवार को प्रातः 10 बजे से प्रधानमंत्री राष्ट्रीय शिक्षुता रोजगार मेला का आयोजन किया जायेगा। जिसमे 04 कम्पनियां हीरो मोटर कार्प लिमिटेड हरिद्वार-100, एलेक्सिस आशिर्वाद पाइप्स लिमिटेड मिवाडी 50, हाइवेरूप प्रसीजन टेक्नोलाजी लिमिटेड सोहाना गुडगांव-50 एवं नील मेटल लिमिटेड हरिद्वार-50 प्रतिभाग कर रही हैं एवं रिक्तियों की संख्या कुल 250 है। अभ्यर्थी अपने शैक्षिक दस्तावेज लेकर प्रतिभाग करें।


## कार्यालय ग्रा0पं0 हुसैनपुर दरिया मसमूले वि0ख0 मोहम्मदाबाद

पत्रांकःमीमो/राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 दिनांक 09/03/2026

**निर्माण सामग्री आपूर्ति हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

राज्य वित्त/15वां वित्त योजना के अन्तर्गत वर्ष 2025-26 में ग्राम पंचायत हुसैनपुर दरिया मसमूले विकास खण्ड मोहम्मदाबाद द्वारा निम्नलिखित कार्यों में सामग्री विवरण के अनुसार कार्यस्थल पर आपूर्ति हेतु दिनांक 10/03/2026 से दिनांक 16/03/2026 को अपरान्ह 03:00 बजे तक सीलबंद निविदा आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा दिनांक 16/03/2026 को अपरान्ह 5 बजे गठित समिति एवं निविदादाताओं एवं उनके प्रतिनिधि के समक्ष ग्राम पंचायत कार्यालय में खोली जायेगी। निविदा एवं अन्य प्रपत्र दिनांक 10/03/2026 से दिनांक 16/03/2026 तक सुबह 10 बजे से अपरान्ह 05 बजे तक किसी भी कार्य दिवस में 500/- रुपये का भुगतान करके प्राप्त की जा सकती है।

| क्र. स | कार्य का नाम | सामग्री लागत (लाख रु0 में) | जमानत धनराशि | टेण्डर मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1- | अजय पाल के घर से ईसार के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 4.37 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 2- | चरन सिंह के घर से सत्यराम के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 4.11 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 3- | पप्पू के घर से चरन सिंह के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 4.11 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |
| 4- | रामविलास के घर से लालाराम के घर तक नाली व इंटरलाकिंग कार्य | 3.83 लाख | 2 प्रतिशत | 500 |

**नियम व शर्ते-** निविदा ग्राम पंचायत कार्यालय में अवकाश को छोड़कर किसी भी कार्य दिवस में देखी जा सकती है।

**प्रधान (जलील अहमद) ग्रा0पं0 हुसैनपुर दरिया मसमूले, वि0ख0 मोहम्मदाबाद, सचिव (संदेश कुमार)**

# मिशन शक्ति के तहत बालिकाओं व महिलाओं को किया गया जागरूक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति फेज-5.0 के तहत जनपद में जन-जागरूकता अभियान चलाया गया। मिशन शक्ति 5.0 अभियान बेटियों और महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने और उन्हें सुरक्षा प्रदान करने के लिए चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत एंटी रोमियो स्क्वायड ने सार्वजनिक स्थलों पर सतर्कता बढ़ाई और संदिग्ध गतिविधियों पर नज़र रखी। महिला सुरक्षा विशेष दल द्वारा मिशन शक्ति अभियान 5.0 के अन्तर्गत कोतवाली फर्रुखाबाद में एंटी रोमियों टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने मिशन शक्ति अभियान के अंतर्गत बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया। महिला थाना क्षेत्र में एंटी रोमियों टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया। कोतवाली मोहम्मदाबाद क्षेत्रान्तर्गत, महिला थाना क्षेत्रांतर्गत एंटी रोमियों टीम/महिला सुरक्षा विशेष दल ने बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया। वहीं थाना कमालगंज व थाना शमशाबाद क्षेत्रान्तर्गत बालिकाओं/महिलाओं को जागरूक किया गया। साथ ही पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं को पंफलेट देकर जागरूक किया। कार्यक्रम में महिला बीट अधिकारियों एवं मिशन शक्ति टीमों ने ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं, बालिकाओं व छात्राओं से संवाद कर महिलाओं को विभिन्न सरकारी योजनाओं, आत्मरक्षा के उपायों और हेल्पलाइन नंबरों की जानकारी दी और महिलाओं से कहा कि वे निडर होकर अपनी बात रखें और अन्याय के विरुद्ध आवाज उठाएं तथा महिला हेल्पलाइन 1090, आपातकालीन सेवा 112, चिकित्सा सहायता 108, बाल सहायता नंबर 1098, साइबर हेल्पलाइन 1930 तथा साइबर क्राइम पोर्टल की जानकारी देकर इन सेवाओं के उपयोग के लिए प्रेरित किया।



महिलाओं को जागरुक करती महिला पुलिस



बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी देती पुलिस



तैयार किया जा रहा पाण्डाल व ओमेंद्र महाराज

## 11 मार्च को आयेंगे मनौना धाम के महंत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** श्रीश्याम आस्था परिवार समिति द्वारा पंचम फाल्गुन उत्सव का आयोजन 11 मार्च बुधवार को शाम 5 बजे क्रिश्चियन इंटर कालेज मैदान बढ़पुर में आयोजित होगा। श्रीश्याम फाल्गुन महोत्सव में मनौना धाम के महंत ओमेंद्र महाराज अपने मुखार बिंदु से भक्तों को लाभांवित करेंगे। साथ ही श्याम बाबा के जागरण में हिसार हरियाणा से अभिनव ऐरन मिनी कन्हैया मित्तल भजन गाकर मंत्रमुग्ध करेंगे। वृंदावन बरसाने की बृज अनुरागी पूनम दीदी जनपद में आकर फाल्गुन महोत्सव में चार-चांद लगायेंगी। जिसके लिए आयोजन समिति द्वारा क्रिश्चियन इंटर कालेज के मैदान पर पाण्डाल लगाकर तैयारी की जा रही है। कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया जायेगा। श्यामा आस्था परिवार समिति के सदस्यों ने पिछले एक माह से तैयारी की है। जिसको लेकर भव्यता प्रदान की गई है। नगर के सभी लोगों को कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है।

## धूमधाम से निकाली गई श्रीराम कथा महायज्ञ कलश यात्रा

▸ बड़ी संख्या में भक्तों ने लिया भाग

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

श्रीराम कथा एवं महायज्ञ का आयोजन सोमवार को कलश यात्रा के साथ शुरु हो गया। 9 मार्च से 15 मार्च तक चलने वाली श्रीराम कथा में स्वामी श्री रामस्वरुपाचार्य महाराज कामदगिरि पीठाधीश्वर चित्रकूट धाम से जनपद में आकर अपने मुखार बिंदु से गुरुगांव देवी मंदिर स्थित प्रांगण में कथा का प्रवचन करेंगे। कलश यात्रा का शुभारम्भ हवन पूजन के साथ रोडवेज बस स्टैण्ड से शुरु होकर नगर के प्रमुख मार्ग होते हुए गुरुगांव देवी मंदिर तक निकाली गई। बड़ी संख्याओं में शहर की महिलाओं ने सिर पर कलश रखे हुए भक्ति गीतों पर नाचते व थिरकते हुए भाग लिया।



कलश यात्रा में भाग लेती महिलायें

यात्रा का संयोजन राजेश मिश्रा व व्यवस्थापक संजू दीक्षित, आयोजक अशोक रस्तोगी ने देखी। कार्यक्रम के लिए कुनाल तिवारी के नेतृत्व में वटुकों ने 40 दिन तक घर-घर जाकर सम्पर्क किया। प्रातः विष्णु यज्ञ सम्पन्न हुआ। माता पीतांबरा यज्ञ प्रति दिन सुबह 8 बजे से 11 बजे तक चलेगा। जगद्गुरु पीठाधीश्वर रामस्वरुपाचार्य के मुखार बिंदु से भक्तों ने राम कथा सुनी। कलश यात्रा में संगीता चतुर्वेदी, श्वेता दुबे, बबिता पाठक, रेखा शुक्ला, सुचिता बाजपेयी, ममता राठौर, अनंत देवी, पूनम राजपूत, महिमा कटियार के साथ महिलाओं ने कलश यात्रा में भाग लिया।

## भाविप के होली मिलन में बच्चों को संस्कारित बनाने पर दिया गया जोर

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारत विकास परिषद सहयोग शाखा के तत्वावधान में कादरी गेट स्थित एक बैंक्विट हाल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। वरिष्ठ नागरिक कल्याण समिति के सदस्यों की भी उपस्थिति रही। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं राष्ट्रीय गीत वन्दे मातरम गाकर हुआ। समारोह में सहयोग शाखा एवं वनाकस के सम्मानित सदस्यों एवं पदाधिकारियों ने होली के पर्व पर अपने विचार व्यक्त किए एवं होली की महत्ता के बारे में बताया।

संस्था के संरक्षक डॉ. सुबोध वर्मा ने बताया कि पुराने समय में सभी लोग एक दूसरे के घरों में जाकर होली मिलते थे एवं बड़े लोगों के पैर छूकर आशीर्वाद लिया करते थे। वरिष्ठ सदस्य के के पाठक ने बताया कि आज के दौर में किस तरह से लोग पैसे कमाने के फेर में परिवार से दूर होते जा रहे हैं। मुख्य अतिथि डॉ. सिम्मी अग्रवाल ने बताया कि महिलायें अपने बच्चों को कैसे संस्कारित करें एवं नारी सशक्तीकरण कैसे हो। श्वेता दुबे ने पर्यावरण के बारे में बताया। शाखा की सचिव मंजूश्री ने सभी को होली की शुभकामनाएं प्रेषित की। कार्यक्रम में बच्चों के द्वारा भजन एवं नृत्य की प्रस्तुति हुई। संगठन सचिव राजेश शुक्ला ने भजन एवं कविता की प्रस्तुति दी। निवेदिता अस्थाना ने अपनी कविता के द्वारा होली की महत्ता पर प्रकाश डाला। वीरेन्द्र मिश्रा एवं कृष्णकांत अक्षर ने अपने विचार व्यक्त किए। अवधेश दुबे, आशीष शुक्ला एवं पूजा शुक्ला ने आए हुए सभी लोगों का तिलक एवं बिन्दी लगा कर स्वागत किया।

संजीव कुमार वर्मा ने भजन के द्वारा अपनी प्रस्तुति दी। संजय दुबे ने अन्य शाखाओं से आये हुए सभी सम्मानित सदस्यों का आभार एवं सम्मान व्यक्त किया। संचालन डॉ. आर के गुप्ता ने किया। पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. सुरेश चन्द्र गुप्ता ने भारत विकास परिषद की महत्ता पर प्रकाश डाला।

अध्यक्षा रीता दुबे ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए मुख्य अतिथि एवं आए हुए सभी सम्मानित सदस्यों का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम के अन्त में सभी सदस्यों एवं पदाधिकारियों के द्वारा एक दूसरे को गुलाल लगाकर, राष्ट्रीय गान गाकर कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।




कार्यक्रम को सम्बोधित करते संजय दुबे

## बोर्ड परीक्षा: हाईस्कूल विज्ञान व गृह विज्ञान में आंतरिक मूल्यांकन हुआ समाप्त

▸ 30 अंकों की अगले सत्र से होगी प्रयोगात्मक परीक्षा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल विज्ञान एवं गृह विज्ञान विषय की परीक्षाओं में अब आन्तरिक मूल्यांकन के स्थान पर प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित की जायेगी। यूपी बोर्ड के प्रस्ताव पर राज्यपाल ने स्वीकृति प्रदान करते हुए परिषद के विनियमों में संशोधन की मंजूरी दे दी है।

इन दोनों विषयों की अगले सत्र 2026-27 की परीक्षा में प्रयोगात्मक परीक्षा कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश यूपी बोर्ड ने जारी कर दिये है। शिक्षा सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक, यूपी बोर्ड ने पूर्व में शासन को पत्र भेजकर उपरोक्त संदर्भ में उ.प्र. माध्यमिक शिक्षा अधिनियम की धारा 16(2) के तहत शासकीय स्वीकृति का अनुरोध किया था। शासन की स्वीकृति मिलने के बाद परिषद विनियमों के अध्याय-13 में संशोधन किया गया।

संशोधित विनियम के अनुसार हाईस्कूल स्तर पर विज्ञान एवं गृह विज्ञान विषयों को छोड़कर शेष सभी विषयों में प्रयोगात्मक कार्यों का अंतरिक मूल्यांकन पूर्ववतः किया जायेगा। विज्ञान और गृह विज्ञान में 30 अंकों की प्रैक्टीकल परीक्षा होगी। इस परीक्षा के प्राप्तांक मार्कशीट में प्रदर्शित किये जायेंगे। लगभग एक दशक से पूर्व यही व्यवस्था लागू थी। जिसे समाप्त कर आंतरिक मूल्यांकन की व्यवस्था को लागू किया गया था। सत्र 2026-27 से फिर पुरानी व्यवस्था को ही लागू किया जा रहा है। माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के वरिष्ठ नेता संतोष दुबे एवं सतेन्द्र सिंह ने बोर्ड के इस कदम की सराहना करते हुए प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि प्रयोगात्मक परीक्षा परिषद स्तर से आयोजित होने पर मूल्यांकन कार्य में पादर्शित आयेगी और विद्यार्थियों की प्रयोगात्मक दक्षता का वास्तविक आकलन हो सकेगा।

## निमोनिया, दस्त के लक्षण दिखने पर अभिभावक बच्चों पर दें विशेष ध्यान

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** बदलते मौसम में बरती जा रही लापरवाही बच्चों की सेहत पर भारी पड़ रही है। खानपान में गड़बड़ी व सफाई की अनदेखी के चलते डायरिया व निमोनिया से पीड़ित बच्चों की संख्या बढ़ रही है। विभागीय अधिकारियों का कहना है कि सभी सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों पर ओआरएस और जिंक की दवाएं नि:शुल्क उपलब्ध हैं तथा बच्चों के लिए आवश्यक जांच एवं उपचार की व्यवस्था है। इसलिए इन दोनों बीमारियों के लक्षण आने पर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर अपने बच्चों को दिखाएं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ. सर्वेश यादव ने बताया कि बदलते मौसम में छोटे बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता प्रभावित होती है जिससे दस्त और निमोनिया का खतरा बढ़ जाता है। यदि अभिभावक प्रारंभिक लक्षणों की पहचान कर तुरंत आशा एएनएम या नजदीकी सरकारी स्वास्थ्य इकाई से संपर्क करें। डॉ. सर्वेश ने बताया कि दस्त होने पर तुरंत ओआरएस घोल देना प्रारंभ करें तथा स्वास्थ्य कार्यकर्ता से संपर्क कर 14 दिन तक जिंक की गोली देना सुनिश्चित करें। बार-बार स्तनपान जारी रखें और बच्चे को पर्याप्त तरल पदार्थ दें। निमोनिया के लक्षण दिखते ही देरी न करें। घर पर इलाज करने या झोलाछाप डॉक्टर से दवा लेने से स्थिति बिगड़ सकती है। समय पर इलाज से अधिकतर बच्चों को अस्पताल में भर्ती होने की आवश्यकता भी नहीं पड़ती।



जानकारी देते चिकित्सक

## आलू की आमद बढ़ते ही भाव में आयी सौ रुपये कुंतल की गिरावट

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

होली के बाद आलू मण्डी सातनपुर में बड़ी संख्या में आलू की आमद दिखायी पड़ी। मण्डी रोड पर सुबह से ही आलू ट्रैक्टर ट्राली की कतारे खड़ी हो गयी।

जिस कारण पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। सुबह से लेकर दोपहर तक लगे जाम में शहर के अलावा ग्रामीण क्षेत्र के हजारों लोग फंसे रहे। सभी लोगों का समय बर्बाद हुआ और आवागमन भी प्रभावित हुआ। आलू मण्डी में आमद बढ़ने से 100 रुपये प्रति कुंतल की गिरावट रही। दोपहर बाद 201 रुपये से 451 रुपये कुंतल में आलू बिका। जाम में फंसे होने के कारण दोपहर बाद आलू लदी कई ट्रैक्टर ट्राली वापस चली गयी। एक दम दो सौ मोटर की आमद मण्डी में हुई। हालैंड आलू के भाव में भी गिरावट रही। 651 रुपये से 811 रुपये कुंतल आलू बिका। जबकि सुबह के भाव में मात्र 50 कुंतल की गिरावट देखी गयी थी। आमद बंपर होने के कारण 50 रुपये से लेकर 100 रुपये कुंतल की भाव में गिरावट रही। आलू आढ़तियों की दुकानों के बाहर एवं मुख्य मार्ग सोमवार को जाम का कारण बना।

मण्डी रोड पर पूरे दिन रही जाम की स्थिति



मण्डी में आलू लदी ट्रैक्टर ट्राली

### ई-लॉटरी से कृषि यंत्रों पर अनुदान के लाभार्थियों का चयन

**कन्नौज।** वित्तीय वर्ष 2025-26 में कृषि विभाग की योजनाओं के तहत कृषि यंत्रों पर अनुदान पाने वाले किसानों का चयन सोमवार को ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया। कलेक्ट्रेट के गांधी सभागार में अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) देवेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में यह प्रक्रिया सम्पन्न हुई। चयन सब मिशन ऑन एग्रीकल्चर मैकेनाइजेशन, क्रॉप रेजिड्यू मैनेजमेंट तथा नेशनल फूड सिक्योरिटी मिशन के तहत किया गया। लक्ष्यों से अधिक ऑनलाइन आवेदन आने के कारण पोटैटो प्लांटर, किसान ड्रोन, कल्टीवेटर, स्ट्रॉ रीपर और थ्रेसिंग फ्लोर के लिए ई-लॉटरी कराई गई। ई-लॉटरी में तालग्राम से बृजेश कुमार को पोटैटो प्लांटर, कन्नौज से शैलेन्द्र सिंह को किसान ड्रोन, सुमित कुमार को कल्टीवेटर, सौरिख से मालती देवी को स्ट्रॉ रीपर तथा उमर्दा से जयपाल सिंह और कन्नौज फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी लिमिटेड को चयनित किया गया।

## 11 महीने के बाद अग्निवीर ब्लैक कमांडो पहुंचे गांव, हुआ स्वागत

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कमालगंज के गांव गदनपुर देवराजपुर में 11 महीने बाद अग्निवीर ब्लैक कमांडो की टेर्निंग पूरी कर शिववीर गोलू नन्दवंशी ठाकुर अपने घर आया। जहां ग्रामीणों ने कमालगंज से गांव तक खुली गाड़ी में बैठाकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया। गाड़ी के आगे युवा ढोल लगाड़े पर नाच रहे थे।

आतिशबाजी भी छुड़ाई गयी। पिता सर्वेश ठाकुर, माता गुड्डी ने अपने लाल को गले लगाकर आशीर्वाद दिया। भाजपा के जिला मंत्री गुरुचरन आजाद ने कहा कि शिववीर ने नन्दवंशी सबिता समाज का नाम रोशन किया है। गांव के युवाओं को शिववीर गोलू से देशभक्ती की प्रेरणा मिलेगी। उन्होंन बताया कि हमारे परिवार में दो फौजी बने है।

आज हमारे परिवार को लोग बहुत खुश नजर आ रहे। इस दौरान मोहित श्रीवास्तव, शिवम श्रीवास्तव, छोटू श्रीवास्तव, अतुल श्रीवास्तव, श्रीकांत श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, अनमोल श्रीवास्तव, सुन्दरम श्रीवास्तव, सुमित श्रीवास्तव, प्रधान सूरज यादव, राजीव गुप्ता, शिवन्दन शंखवार, निर्जेश शंखवार, शिवदत्त शंखवार आदि मौजूद रहे। महिलाओं ने मगल गीत गाकर कमाण्डर शिववीर श्रीवास्तव को आशीर्वाद दिया।



स्वागत के दौरान मौजूद शिव वीर

## महिलाओं व बालिकाओं के लिए अधिकार पर वेबिनार का हुआ आयोजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू क्षेत्रीय केंद्र लखनऊ ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में सोमवार को गूगल मीट प्लेटफॉर्म के माध्यम से सभी महिलाओं और लड़कियों के लिए अधिकार, न्याय और कार्रवाई विषय पर एक वेबिनार का आयोजन किया गया। वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डॉ. अनिल कुमार मिश्रा क्षेत्रीय निदेशक डॉ अनामिका सिन्हा, सहायक कुलसचिव डॉ. निशिथ नागर इग्नू क्षेत्रीय केंद्र, तथा विभिन्न इग्नू अध्ययन केन्द्रों के समन्वयक एवं सहायक समन्वयक उपस्थित थे। इग्नू अध्ययन केंद्र डी.एन. कॉलेज फतेहगढ़ के कॉर्डिनेटर डॉ. आर.एन. सिंह ने महिलाओं एवं बालिकाओं के लिए अधिकार एवं न्याय, महिला स्वास्थ्य आदि पर आयोजित वेबिनार में विभिन्न वक्ताओं के मूल्यवान विचारों को सुनने के लिये महाविद्यालय के छात्र/छात्राओं को वेबिनार से जुड़ने एवं सुनने के लिये लिये प्रेरित किया। पुणे स्थित एसआईटी विश्व शांति विश्वविद्यालय के स्वास्थ्य एवं योग विज्ञान विभाग की सहायक प्रोफेसर डॉ. राधेल निकिता शर्मा वेबिनार की मुख्य वक्ता थीं। वेबिनार का शुभारंभ विश्वविद्यालय के कुलगीत से हुआ। डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने वेंबिनार में मुख्य वक्ता, समन्वयकों, सहायक समन्वयकों और प्रतिभागियों का स्वागत किया। अपने आरम्भिक संबोधन में डॉ. मिश्रा ने इग्नू में उच्च शिक्षा के प्रचार.प्रसार और जागरूकता बढ़ाने में महिलाओं और लड़कियों के योगदान पर अपने विचार व्यक्त किए और समाज में उनके योगदान को उजागर करने पर जोर दिया। मुख्य वक्ता डॉ. राचेल निकिता शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि एक कहावत है कि महिलाएं वाई-फाई की तरह होती हैं उनकी शक्ति दिखाई नहीं देती, लेकिन उनके बिना कुछ भी काम नहीं करता। उन्होंने विशेष रूप से सभी महिलाओं और लड़कियों के अधिकारों,न्याय और उनके लिए आवश्यक कार्यों के बारे में अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने परिवार और समाज में मां, पत्नी, बहन और बेटी के रूप में महिलाओं की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। डॉ. अनामिका सिन्हा ने वेबिनार का संचालन किया और वेबिनार में मुख्य वक्ता और अन्य गणमान्य व्यक्तियों का परिचय भी कराया।



गूगल मीट प्लेटफॉर्म में शामिल लोग

## राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी बैठक सम्पन्न

▸ अधिक से अधिक वाद चिन्हित करने के जिला जज ने दिये निर्देश

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

14 मार्च को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के समबन्ध में सोमवार को जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार की अध्यक्षता में एवं उनके विश्राग कक्ष में बैठक सम्पन्न हुई।

अध्यक्ष द्वारा राष्ट्रीय लोक अदालत में निस्तारण होने योग्य लघु आपराधिक धारा 138 एनआई एक्ट, सिविल वाद आदि मामलों को अधिक से अधिक संख्या में चिन्हित किये जाने हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया गया है, ताकि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाया जा सके। तैयारी बैठक में अपर जिला जज/नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत संजय कुमार, अपर जिला जज प्रथम शैली राय, अपर जिला जज एससी/एसटी एक्ट अभिनितम उपाध्याय, अपर जिला जज डकैती शैलेन्द्र सचान, मुख्य दण्डाधिकारी घनश्याम शुक्ला आदि समस्त न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित हुये। वहीं राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में जनपद न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण नीरज कुमार के निर्देशन में बैंक मामलों की तैयारी बैठक संजय कुमार अपर जिला जज नोडल अधिकारी राष्ट्रीय लोक अदालत की अध्यक्षता में एडीआर भवन में राम्पन्न की गयी। इस बैठक का संचालन जयवीर सिंह प्रभारी सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने किया। तैयारी बैठक में बैंक ऋण अदायगी से सम्बन्धित अधिक से अधिक मामलों को राष्ट्रीय लोक, अदालत में चिन्हित किये जाने हेतु सम्बन्धित बैंक अधिकारियों को निर्देशित किया गया। बैंक ऋण अदायगी के विभिन्न बैंकों द्वारा अबतक कुल 1267 मामले चिन्हित किये जा चुके हैं।

तैयारी बैठक में बी.डी. वर्मा एलडीएम, अनुराग शाखा प्रबन्धक इण्डियन बैंक, शिखा गंगवार शाखा प्रबन्धक कैनरा बैंक, आयुष चौधरी शाखा प्रबन्धक सेन्ट्रल बैंक, नीरज गौर्या शाखा प्रबन्धक पीएनबी, शैलेन्द्र प्रताप सिंह शाखा प्रबन्धक बैंक ऑफ बडोदा, सतीश कुमार प्रबन्धक ग्रामीण बैंक, हर्षित मिश्रा प्रबन्धक एसबीआई, जितेन्द्र कुमार प्रबन्धक आदि उपस्थित हुये।



बैठक में मौजूद जिला जज व न्यायिक अधिकारी

**कार्यालय नगर पंचायत शमसाबाद जनपद-फर्रूखाबाद**

पत्रांक:-925/न0पं0-टेण्डर नोटिस/2025-26/शमसाबाद दिनांक:- 09 मार्च, 2026

**अल्पकालीन ई-निविदा (निविदा सूचना)**

नगर पंचायत शमसाबाद के अधिकृत संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में ''मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना'' के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से निकाय में निम्नांकित कार्य ई-टेण्डरिंग के माध्यम से कराया जाना है जिसके डाक्यूमेंट वेबसाइट **www.etender.up.nic.in** पर दिनांक 11.03.2026 से 02.04.2026 को अपरान्ह 2:00 बजे तक उपलब्ध हैं जो कि वेबसाइट से डाउनलोड व अपलोड किये जा सकते हैं तथा दिनांक 02.04.2026 को अपरान्ह 04:00 बजे ऑनलाइन खोली जायेगी। आगणन धनराशि के सापेक्ष 2 प्रतिशत धरोहर धनराशि अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत शमसाबाद के नाम बन्धक कर जमा करना अनिवार्य होगा।

| क्र0सं0 | नगर पंचायत | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | |
|---|---|---|---|
| 1 | Tender Release | 11.03.2026 12:00 बजे | |
| 2 | Tender Close Date | 02.04.2026 02:00 बजे | |

श्री किशन
अवर अभियन्ता सिविल
न0प0 शमसाबाद (फर्रूखाबाद)

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत शमसाबाद
जनपद-फर्रूखाबाद

अध्यक्ष
नगर पंचायत शमसाबाद
जनपद-फर्रूखाबाद

## दीपावली के बाद अब होली पर भी वेतन न मिलने से आर्थिक संकट गहराया

# मानदेय न मिलने से निघासन के मनरेगा कर्मियों में रोष, चरणबद्ध आंदोलन का ऐलान

- जुलाई 2025 से मानदेय व ईपीएफ का भुगतान लंबित, मनरेगा कर्मियों में नाराजगी
- मनरेगा के साथ एसआईआर व क्रॉप सर्वे जैसे अतिरिक्त कार्य भी कराए गए
- भुगतान न होने पर काली पट्टी बांधकर विरोध का ऐलान




**समृद्धि न्यूज़, निघासन खीरी।** कई महीनों से मानदेय न मिलने से निघासन विकासखंड के मनरेगा कर्मियों में रोष बढ़ता जा रहा है। ग्राम रोजगार सेवक, कंप्यूटर ऑपरेटर, तकनीकी सहायक व अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों ने लंबित भुगतान को लेकर प्रशासन से शीघ्र समाधान की मांग की है। कर्मचारियों का कहना है कि विभागीय निर्देशों के अनुरूप उन्होंने जनपद में निर्धारित लक्ष्यों की पूर्ति में पूरा सहयोग दिया। मनरेगा कार्यों के साथ-साथ एसआईआर और क्रॉप सर्वे जैसे अतिरिक्त कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाई, लेकिन इसके बावजूद जुलाई 2025 से उनका मानदेय लंबित है। इसके अलावा ईपीएफ की देयता का भुगतान भी लंबे समय से नहीं किया गया है। कर्मचारियों के अनुसार दीपावली पर वेतन नहीं मिल पाया और अब होली जैसे प्रमुख त्योहार पर भी भुगतान न होने से उनकी पारिवारिक जिम्मेदारियां प्रभावित हो रही हैं। आर्थिक संकट के चलते कर्मचारियों के सामने आजीविका चलाना भी मुश्किल हो गया है, जिससे उनमें नाराजगी बढ़ती जा रही है। इस संबंध में कर्मचारी प्रतिनिधिमंडल ने 23 फरवरी 2026 को ग्राम्य विकास विभाग के रोजगार गारंटी आयुक्त से मिलकर स्थिति से अवगत कराया था। कर्मचारियों का कहना है कि उत्तर प्रदेश में सर्वाधिक मानव दिवस सृजित होने के बावजूद प्रशासनिक मद से मानदेय व ईपीएफ का भुगतान न होना गंभीर सवाल खड़े करता है। कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही भुगतान नहीं किया गया तो चरणबद्ध आंदोलन किया जाएगा। इसके तहत तीन मार्च से काली पट्टी बांधकर विरोध दर्ज कराया जा रहा है। छह मार्च से विकासखंड स्तर पर कार्यक्रम अधिकारी व खंड विकास अधिकारी को पत्र देकर कार्य न किए जाने का निर्णय लिया जाएगा। इसके अलावा नौ मार्च को उपमुख्यमंत्री को जनता दर्शन में ज्ञापन देकर वस्तुस्थिति से अवगत कराया जाएगा। वहीं 10 से 15 मार्च तक क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों को समस्या से अवगत कराने तथा 16 मार्च को मुख्यमंत्री से मिलकर समस्या रखने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान निघासन ब्लॉक अध्यक्ष अमर प्रकाश शुक्ला, संजय गुप्ता, आशीष कनौजिया, अनिल कुमार, कैलाश कुमार,इमरान हुसैन, मो. याकूब, दुर्गेश कुमार, आशाराम, रामबहादुर, तिलक राम सहित अन्य रोजगार सेवक मौजूद रहे।

## इंस्टाग्राम आईडी हैक कर युवती की अश्लील फोटो-वीडियो वायरल, सीतापुर निवासी युवक पर मुकदमा

**लखीमपुर खीरी।** शहर कोतवाली क्षेत्र में एक युवती की इंस्टाग्राम आईडी हैक कर उसकी तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ कर अश्लील फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल करने का मामला सामने आया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। कोतवाली सदर क्षेत्र के मोहल्ला उदयपुर महेवा निवासी युवती ने पुलिस को दिए प्रार्थना पत्र में बताया कि उसकी एक इंस्टाग्राम आईडी जिसका वह काफी समय से उपयोग कर रही थी। आरोप है कि सीतापुर जिले के ग्राम गढ़ी रावा अटरिया निवासी मनोज शर्मा पुत्र जगदीश शर्मा ने किसी तरह उसकी इंस्टाग्राम आईडी हैक कर ली। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने आईडी हैक करने के बाद उसी अकाउंट से उसकी कुछ तस्वीरों के साथ छेड़छाड़ कर उन्हें अश्लील फोटो और वीडियो के रूप में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर पोस्ट करना शुरू कर दिया। इससे उसकी छवि समाज में धूमिल हो रही है और उसे मानसिक व सामाजिक रूप से काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। पीड़िता ने यह भी बताया कि आरोपी ने इंस्टाग्राम अकाउंट का पासवर्ड भी बदल दिया है, जिसके कारण वह अपने ही अकाउंट से उसको मोबाइल में लॉगिन नहीं कर पा रही है। इस वजह से वह वायरल की जा रही पोस्ट को हटाने या अपने अकाउंट को नियंत्रित करने में भी असमर्थ है। पीड़िता ने पुलिस से मांग की है कि आरोपी के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए।



## खबरें एक नजर में

### देशी शराब के साथ आरोपित गिरफ्तार

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र अहुगी कला गांव नहर पुलिया के पास से रविवार की रात्रि में पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर 22 पाउच देशी शराब के साथ एक आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव के निर्देश पर गस्त कर रहे उपनिरीक्षक रमाशंकर ने मुखबिर की सूचना पर अदवा कालोनी नहर पुलिया के पास से 22 पाउच देशी शराब के साथ नदना गांव निवासी नरायन को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। आरोपित को चेतावनी देकर निजी मुचलके पर छोड़ दिया है आरोपित शराब को बिक्री करने के लिए लेकर जा रहा था इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की 22 पाउच देशी शराब के साथ आरोपित को गिरफ्तार कर आरोपित के विरुद्ध 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल किया जा रहा है।

### पशुओं के लिए हरा चारा काट रही महिला को सर्प ने डसा, हुई अचेत

**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के गुर्गी गांव में रविवार की देर शाम पशुओं के लिए हरा चारा काट रही महिला को सर्प ने डंस लिया जिससे महिला अचेत हो गई परिजनों द्वारा महिला को हथेड़ा गांव स्थित बैध के पास लेकर आये जंहा पर बैध द्वारा महिला को दवा पिलाने के बाद महिला की हालत में सुधार होने पर परिजनों द्वारा महिला को घर लेकर चले गए थाना क्षेत्र के गुर्गी गांव निवासी नंद लाल मौर्य की 30 वर्षीय पत्नी गुड़िया पशुओं के लिए खेत से हरा चारा काटने के लिए गई थी की चारा काटते समय महिला को जहरीले सर्प ने डंस लिया महिला घर आकर सर्प डंस की बात परिजनों को बताया और अचेत हो गई महिला के परिजनों द्वारा महिला को निजी साधम से हथेड़ा गांव स्थित विजय शंकर बैद्य के पास लेकर आये जंहा पर बैद्य द्वारा महिला को दवा पिलाने पर महिला की हालत में सुधार हुआ महिला के हालत में सुधार होने पर परिजनों द्वारा महिला को घर लेकर चले गए इस संबंध में प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉक्टर अवधेश कुमार ने बताया की स्वास्थ्य केंद्र पर एंटी वेनम की खुराक उपलब्ध है सर्प डंस होने पर स्वास्थ्य केंद्र पर लेकर आये।

### होली मिलन सद्भाव कार्यक्रम में संगठन शक्ति पर दिया गया बल

**हलिया (मिर्जापुर )।** ड्रमण्डगंज बाजार के रामलीला गली स्थित प्राचीन शिव मंदिर परिसर में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तत्वावधान में विचार परिवार द्वारा होली मिलन सद्भाव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विंध्याचल मंडल के संपर्क प्रमुख केशव तिवारी ने आरएसएस के संघचालक हरिश्चंद्र सोनी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष विपुल सिंह संग मां भारती के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्जवलित कर किया।खंड कार्यवाह तारकेश्वर केशरी ने कहा कि होली सामाजिक समरसता और संगठन शक्ति का पर्व है। हम सभी को समाज में सद्भाव और भाईचारे के साथ रहने का संकल्प लेना चाहिए।मुख्य अतिथि केशव तिवारी ने वर्तमान वैश्विक परिवर्तन का उल्लेख करते हुए संगठन शक्ति के महत्व पर प्रकाश डाला और संगठन में नारी शक्ति को जोड़ने पर विशेष बल दिया।पंच परिवर्तन अभियान की चर्चा करते हुए बताया कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए विभिन्न सामाजिक कार्यों को आगे बढ़ाने का कार्य कर रहा है। उन्होंने कुटुंब प्रबोधन और पर्यावरण से जुड़े कार्यों को विशेष रूप से आगे बढ़ाने की अपील की।इस दौरान भेष नारायण चौरसिया, ओंकार पांडेय,विदित नारायण गुप्ता, डॉ नेहा गुप्ता, मनीषा केशरी, उर्मिला कोरी,ज्ञानेश्वर दुबे,पिंटू केशरी, शैलेश सिंह, डॉ राजकुमार पटेल, पंकज सिंह,विजय पाल, आदित्य तिवारी आदि मौजूद रहे।



### मनरेगा कर्मियों ने आठ माह से मानदेय नहीं मिलने पर जताया आक्रोश




**हलिया (मिर्जापुर)।** स्थानीय विकास खंड में कार्यरत मनरेगा कर्मियों रोजगार सेवक, कम्प्यूटर आपरेटर, तकनीकी सहायक अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी द्वारा सोमवार को ब्लॉक मुख्यालय पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, उपायुक्त श्रम व रोजगार को सम्बोधित ज्ञापन खंड विकास अधिकारी हलिया विजय शंकर त्रिपाठी को सौंपा है सौपे गए ज्ञापन में बताया है की कार्यरत मनरेगा कर्मियों द्वारा आपके तथा विभाग के निर्देशों के क्रम में जनपद के लक्ष्यओं की पूर्ति में पूर्ण योगदान देते हुए लक्ष्य पूर्ति की गई तथा विभागीय कार्यों के अतिरिक्त एसआईआरध्क्रॉप सर्वे, सहित अन्य कार्यों में भी अपना पूर्ण योगदान दिया गया किन्तु विभागीय शिथिलता के कारण हम मनरेगा कर्मियों को विगत जुलाई 2025 से मानदेय नही मिला है तथा ईपीएफ की देयता भी काफी समय से लंबित है विगत दीपावली में वेतन नही मिल पाया तथा वर्तमान होली में भी वेतन नही मिल पाया जिस कारण मनरेगा कर्मियों की पारिवारिक जिम्मेदारियां वृहद स्तर पर प्रभावित हो गई है गंभीर आर्थिक संकट के कारण मनरेगा कार्मिक विभागीय दायित्वो तथा पारिवारिक जिम्मेदारियों में संतुलन नही बना पा रहे हैमानदेय न प्राप्त होने के कारण उत्तर प्रदेश के ग्राम रोजगार सेवकों तथा तकनीकी सहायको द्वारा आत्महत्या किये जाने जैसी गतिविधिया हो रही है ।इस मौके पर कार्यक्रम अधिकारी ज्ञान सिंह,ऋषफ तिवारी, सुधीर कुमार,अनिल तिवारी, अखिलेश कुमार, रमाकांत, रामपति, भरत दुबे, चंद्र मोहन, सुभाष, राजेंद्र प्रसाद अहमद रजा, पसंद कुमार, सत्येंद्र सिंह, मुद्रीका प्रसाद आदि मौजूद रहे।

## कूड़ा डालने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, कई लोग घायल, पुलिस ने दर्ज किए क्रॉस केस

**भीरा (लखीमपुर खीरी)।** थाना भीरा क्षेत्र के ग्राम भीरा में घर के सामने कूड़ा डालने को लेकर शुरू हुआ विवाद रविवार रात हिंसक झड़प में बदल गया। दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी और गाली-गलौज हुई, जिसके बाद मामला बढ़ गया और लाठी-डंडों व लात-घूंसों से जमकर मारपीट हो गई। इस घटना में दोनों पक्षों के कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद दोनों पक्षों ने एक-दूसरे के खिलाफ थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने क्रॉस केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस को दी गई तहरीर में गांव निवासी पंकज पुत्र रामप्रसाद ने आरोप लगाया है कि 8 मार्च 2026 की रात करीब आठ बजे गांव के ही दिनेश पुत्र शिवराम, अमित पुत्र दिनेश, मीरा देवी पत्नी दिनेश और जूली देवी पत्नी स्वर्गीय संजय उससे गाली-गलौज करने लगे। जब उसने इसका विरोध किया और गाली देने से मना किया तो आरोपियों ने आक्रामक होकर उसके साथ मारपीट शुरू कर दी। पंकज का कहना है कि चारों लोगों ने मिलकर उसे लात-घूंसों और लाठी-डंडों से पीटा। शोर सुनकर उसके पिता रामप्रसाद पुत्र तेजाराम, मां रामवती पत्नी रामप्रसाद और भतीजी वंदना मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव करने लगे, लेकिन आरोप है कि मारपीट कर रहे लोगों ने उन्हें भी नहीं छोड़ा और उनके साथ भी गाली-गलौज करते हुए लाठी-डंडों से मारपीट कर दी।

इस घटना में पंकज, उसके पिता रामप्रसाद, मां रामवती और भतीजी वंदना को चोटें आई हैं। उधर, इसी घटना को लेकर दूसरे पक्ष की ओर से भी थाना भीरा में तहरीर दी गई है।

## कम्पोजिट विद्यालय चपरदहा में वार्षिकोत्सव व खेल उत्सव, बच्चों की प्रतिभा ने मोहा मन

**समृद्धि न्यूज़, मितौली-खीरी।** विकास खंड मितौली के कम्पोजिट विद्यालय चपरदहा में सोमवार को वार्षिकोत्सव एवं खेल उत्सव बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और खेल प्रतियोगिताओं के माध्यम से अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया, जिसे देखकर उपस्थित अभिभावक और अतिथि भाव-विभोर हो गए। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी मितौली भगवान राव तथा विशिष्ट अतिथि डायट प्रवक्ता डॉ. नीरज चौहान ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण व पूजा-अर्चना कर किया। इसके बाद बच्चों ने मां सरस्वती वंदना प्रस्तुत कर कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत की। खेल उत्सव के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिताओं में प्राथमिक स्तर पर गौरव ने 50 मीटर और 100 मीटर दौड़ में प्रथम स्थान प्राप्त कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। वहीं उच्च प्राथमिक वर्ग की प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़ में गुलशन तथा 100 मीटर दौड़ में चंद्रशेखर ने पहला स्थान हासिल किया। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बच्चों की प्रस्तुतियां कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण रहीं। बाल विवाह की कुरीति पर आधारित नाटक ने समाज को संदेश देने का कार्य किया, वहीं राधा-कृष्ण झांकी पर आधारित नृत्य ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके अलावा देशभक्ति गीत 'संदेशे आते हैं' पर बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य ने उपस्थित लोगों में देशभक्ति की भावना भर दी और खूब तालियां बटोरीं। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में बच्चों द्वारा तैयार किए गए विज्ञान मॉडलों की प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसकी अतिथियों ने सराहना की। साथ ही विद्यालय में नव स्थापित कंप्यूटर कक्ष का उद्घाटन भी अतिथियों के हाथों कराया गया। इस अवसर पर ब्लॉक बालिका नोडल सलीम अहमद ने बच्चों की प्रतिभा और विद्यालय की गतिविधियों की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

वहीं प्रदेश सोशल मीडिया प्रभारी अनुदेशक संघ मुनेश कुमार ने कहा कि बच्चों की मेहनत और शिक्षकों के समर्पण से विद्यालय लगातार प्रगति की ओर बढ़ रहा है। कार्यक्रम का संचालन विमल वर्मा ने किया। अतिथियों का बैच लगाकर स्वागत किया गया।



## मितौली मारपीट कांड : चार लोग घायल, फिर भी हल्की धाराओं में मुकदमा करने का आरोप

- पीड़िता ने पहले मुख्यमंत्री पोर्टल और अब एसपी से लगाई गुहार



**लखीमपुर खीरी।** मितौली कस्बे के इस्लामनगर मोहल्ले में करीब एक माह पहले हुई मारपीट की घटना अब पुलिस कार्रवाई को लेकर सवालों के घेरे में है। घटना में चार लोगों के गंभीर रूप से घायल होने और दो के फ्रैक्चर होने का दावा किए जाने के बावजूद पुलिस द्वारा हल्की धाराओं में मुकदमा दर्ज किए जाने का आरोप लगाते हुए पीड़ित पक्ष ने पहले मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की और अब पुलिस अधीक्षक से भी कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का कहना है कि मामले की गंभीरता के बावजूद अब तक आरोपियों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई है। मोहल्ला इस्लामनगर निवासी तानो पत्नी स्व. काशिम ने बताया कि 6 फरवरी 2026 की सुबह करीब छह बजे बच्चों के शौच जाने को लेकर पड़ोसियों से कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इसी बात को लेकर पड़ोस में रहने वाले आकाश पुत्र लाखन, नदीम पुत्र सरफू, आमीन पुत्र सरफू और लाखन पुत्र अहमद एक राय होकर लाठी-डंडे और लोहे की रॉड लेकर उसके घर पहुंच गए और गाली-गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने घर में घुसकर हमला कर दिया। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उसे बुरी तरह पीटा। शोर सुनकर बचाने पहुंचे उसके दामाद शेर अली, बेटी रहीसा और नाती कलाम को भी आरोपियों ने लाठी-डंडों और लोहे की रॉड से पीट दिया। घटना के दौरान मोहल्ले में हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों के मौके पर पहुंचने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता का कहना है कि हमले में उसके सिर पर गंभीर चोट आई और बाएं हाथ की कलाई टूट गई। वहीं दामाद शेर अली के पैर में फ्रैक्चर हो गया तथा बेटी रहीसा की कमर और पैर में गंभीर चोटें आईं। नाती को भी मारपीट में चोटें लगीं। घायलों को पहले जिला अस्पताल ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उन्हें लखनऊ रेफर कर दिया गया। पीड़ित पक्ष का कहना है कि इलाज से संबंधित मेडिकल रिपोर्ट और पर्चे भी उपलब्ध हैं।

**गंभीर आरोप के बावजूद हल्की धाराओं में दर्ज हुआ मुकदमा**

पीड़िता के अनुसार घटना की सूचना देने के बाद थाना मितौली पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया, लेकिन इसमें हल्की धाराओं के तहत मुकदमा कायम किया गया। जबकि पीड़ित पक्ष का कहना है कि लोहे की रॉड से हमला और फ्रैक्चर जैसी गंभीर चोटों को देखते हुए इसमें हत्या के प्रयास या गंभीर चोट से संबंधित धाराएं लगाई जानी चाहिए थीं।

पीड़िता का आरोप है कि पुलिस द्वारा मामले को हल्का कर दर्ज किए जाने से आरोपियों को फायदा मिल रहा है और अब तक उनकी गिरफ्तारी भी नहीं हुई है।

## सीएम योगी आदित्यनाथ की माता पर कथित टिप्पणी के विरोध में गोला में उबाल

### मौलाना अब्दुल्ला सलीम का पुतला दहन



**समृद्धि न्यूज़, लखीमपुर खीरी।** छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ के अशोक चौराहे पर सोमवार को हिंदू संगठनों और हिंदू समाज के लोगों ने बिहार में मौलाना अब्दुल्ला सलीम द्वारा उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की माता के खिलाफ कथित अभद्र टिप्पणी किए जाने के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया। हिंदूवादी नेता विपिन मिश्रा के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में लोग एकत्रित हुए और मौलाना अब्दुल्ला सलीम के खिलाफ नारेबाजी करते हुए उनका पुतला दहन किया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ केवल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री ही नहीं, बल्कि गोरक्षपीठाधीश्वर भी हैं और करोड़ों सनातनियों की आस्था के केंद्र हैं। ऐसे में उनकी पूज्य माता के बारे में अपमानजनक भाषा का प्रयोग किया जाना न केवल एक व्यक्ति का अपमान है, बल्कि समूचे हिंदू समाज की भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला है। विरोध प्रदर्शन के बाद प्रदर्शनकारियों ने उपजिलाधिकारी गोला के माध्यम से प्रधानमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन तहसीलदार भीमचंद को सौंपा। ज्ञापन में मांग की गई कि मौलाना अब्दुल्ला सलीम के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही उनकी संपत्ति और बैंक खातों की भी जांच कराई जाए ताकि यह पता लगाया जा सके।

## उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक का लिंक सर्वर फेल, लेनदेन हुआ प्रभावित



**समृद्धि न्यूज़, हलिया (मिर्जापुर)।** उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा हलिया का सोमवार लिंक फेल होने से लेनदेन प्रभावित रहा जिससे शाखा पर लेनदेन करने के लिए पहुँचे खाताधारको को बिना लेनदेन किये मायूस होकर खाली हाँथ लौटना पड़ा । लिंक सर्वर फेल होने से ग्राहकों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।लिंक सर्वर फेल होने से खाताधारक जमा-निकासी नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनके घरेलू और खेती के कामकाज प्रभावित हो रहे हैं । नेटवर्क की खराबी के कारण लेनदेन ठप हो गया है। बैंक प्रबंधन ने आश्वासन दिया है कि समस्या का समाधान जल्द ही कर दिया जाएगा दूर दूर से लेनदेन के लिए बैंक पहुँचे खाताधारक को बिना लेनदेन किये वापस होना पड़ रहा है इतना ही नही लिंक ठीक होने का इंतजार खाता धारक बैंक के फर्स पर नीचे बैठकर इंतजार करना पड़ रहा है इस संबंध में शाखा प्रबंधक उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा हलिया आलेख जैन ने बताया की शाखा का लिंक फेल होने की सूचना बीएसएनएल को दे दिया गया है। शाखा बैंक आफ इंडिया से बैंक आफ बड़ौदा में माइग्रेड होने से लिंक सर्वर की समस्या आ रही है।

## बृजमनगंज में विकास की नई पहल : 20 लाख की लागत से नाली निर्माण का भूमि पूजन

- जल निकासी समस्या से मिलेगी राहत

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।** आदर्श नगर पंचायत बृजमनगंज में क्षेत्रीय विकास को गति देते हुए सोमवार को 20 लाख रुपये की लागत से बनने वाली नाली के निर्माण कार्य का विधिवत भूमि पूजन किया गया। भूमि पूजन कार्यक्रम नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल और अधिशाषी अधिकारी (ईओ) सुरभि मिश्रा द्वारा किया गया। इस मौके पर स्थानीय जनप्रतिनिधि और क्षेत्रीय नागरिक भी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष राकेश जायसवाल ने बताया कि यह नाली वार्ड संख्या 7 में राजेंद्र वर्मा के घर से पप्पू गुप्ता के घर तक बनाई जाएगी। लंबे समय से इस क्षेत्र में जल निकासी की समस्या बनी हुई थी, जिससे बरसात के दिनों में लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता था। नाली निर्माण होने से इस समस्या का स्थायी समाधान होगा और स्थानीय लोगों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने बताया कि नगर पंचायत क्षेत्र में बुनियादी सुविधाओं के विकास के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में इस नाली का निर्माण कराया जा रहा है, जिससे क्षेत्र की स्वच्छता व्यवस्था भी बेहतर होगी और जलभराव की समस्या समाप्त होगी। अधिशाषी अधिकारी सुरभि मिश्रा ने कहा कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। ठेकेदार को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार और तय समय सीमा में पूरा किया जाए, ताकि जनता को जल्द से जल्द इसका लाभ मिल सके। इस अवसर पर सभासद झिनक विश्वकर्मा, रवि यादव, अनूप चौरसिया, जय प्रकाश गौड़, धर्मेंद्र चौरसिया सहित कई अन्य गणमान्य लोग और स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। सभी ने नगर पंचायत द्वारा किए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए उम्मीद जताई कि भविष्य में भी इसी तरह क्षेत्र में विकास कार्य होते रहेंगे।



## महराजगंज में दिल दहला देने वाली घटना: ससुराल वालों की प्रताड़ना से टूटे पति ने दो मासूम बच्चों की हत्या कर की आत्महत्या

- एसएसबी महिला जवान ने लगाया गंभीर आरोप

**समृद्धि न्यूज़, महराजगंज।**

जिले के नौतनवा क्षेत्र में एक बेहद दर्दनाक और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। एसएसबी की एक महिला जवान ने अपने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। महिला का कहना है कि सास और जेठ द्वारा लगातार प्रताड़ित किए जाने और पारिवारिक तनाव के चलते उनके पति मानसिक रूप से टूट गए, जिसके बाद उन्होंने अपने ही दो मासूम बच्चों की हत्या कर खुद भी आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार, गाजीपुर जिले के नोनहरा थाना क्षेत्र के महमूदपुर गांव की निवासी वंदना कुमारी एसएसबी की 66वीं वाहिनी कैम्पियरगंज में तैनात हैं और इन दिनों सोनौली क्षेत्र में ड्यूटी कर रही हैं। वंदना कुमारी ने नौतनवा थाने में दी गई तहरीर में बताया कि उनकी शादी करीब छह से सात वर्ष पहले हुई थी। उनके दो छोटे बच्चे थे– चार वर्षीय पुत्री आकांक्षा और ढाई वर्षीय पुत्र उमरेंद्र कुमार। महिला जवान के अनुसार, 8 मार्च की सुबह करीब छह से आठ बजे के बीच उनके पति ने पहले दोनों बच्चों की हत्या कर दी और बाद में खुद पंखे से लटककर आत्महत्या कर ली। उस समय वंदना कुमारी सुबह करीब छह से साढ़े छह बजे के बीच अपनी ड्यूटी के लिए सोनौली चली गई थीं। तहरीर में वंदना कुमारी ने आरोप लगाया कि शादी के बाद जब उन्हें नौकरी और वेतन मिलना शुरू हुआ, तभी से ससुराल पक्ष के लोगों ने उन्हें परेशान करना शुरू कर दिया था। पति के पिता के जीवित रहते भी घर में विवाद होते थे और उनके निधन के बाद यह विवाद और बढ़ गया। महिला का आरोप है कि उनके जीजा कमलेश कुमार, जो सैदपुर के बड़िहारी गांव के रहने वाले हैं, भी उनके पति का साथ देकर उन्हें प्रताड़ित करते थे। वंदना कुमारी ने अपनी सास संतरा देवी और जेठ अश्वनी पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि ससुराल पक्ष के लोग उनकी नौकरी और वेतन को लेकर अक्सर उन पर दबाव बनाते थे। जब भी वह गांव जाती थीं, तब कई बार उनके साथ मारपीट भी की गई। उन्होंने यह भी बताया कि उनके पति कोई काम नहीं करते थे और अक्सर उनसे पैसे लेकर चले जाते थे। महिला जवान ने यह भी कहा कि ससुराल पक्ष के लोग अक्सर उन्हें जान से मारने की धमकी देते थे। करीब दो महीने पहले उनके पति उनके पास रहे थे और उस दौरान भी वह कई बार बच्चों को मार डालने की धमकी देते थे। घटना के बाद वंदना कुमारी ने पुलिस से अपने बच्चों का शव दिलाकर अंतिम संस्कार कराने और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में नौतनवा थानाध्यक्ष ने बताया कि महिला जवान की तहरीर प्राप्त हो गई है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है। पुलिस पूरे प्रकरण की गंभीरता से जांच कर रही है।

